हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 12

हार्दिक पांड्या सीओई को स्थायी ट्रेनिंग...



www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 03 जुलाई 2026, वर्ष- 09, अंक- 129, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

# भारत-जापान ने तैयार किया आर्थिक सुरक्षा रोडमैप रणनीतिक क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला की जाएगी मजबूत

## पीएम मोदी संग शिखर वार्ता, भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने पर जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और जापान ने आर्थिक सुरक्षा के लिए एक संयुक्त रोड मैप को मंजूरी दी जिसके माध्यम से दोनों देश सेमीकंडक्टर, क्वांटम और एडवांस्ड पदार्थ जैसे रणनीतिक क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला को लचीला और मजबूत बनाने के लिए 100 खरब येन के भारी भरकम निवेश के साथ काम करेंगे। इसके अलावा जापान के साथ मिल कर भारत में एक हजार बॉयोगैस संयंत्र स्थापित किये जाने पर भी सहमति बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने गुरुवार को यहां हैदराबाद हाउस में 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में परस्पर संबंधों को भाई बहन के रिश्ते के कोमल धागे से बांधा तो पूरा वातावरण रोमांचित हो गया। दोनों देशों के बीच करीब दो घंटे तक चली बैठक के बाद परस्पर सहयोग के चार ज्ञापनों पर हस्ताक्षर एवं आदान प्रदान किया गया। इनमें भूगर्भीय खनिजों की खोज, फार्मास्युटिकल्स एवं मेडिकल उपकरण, बैटरी निर्माण और बायोगैस एवं जैविक खाद के संयंत्रों की स्थापना में सहयोग के दस्तावेज शामिल हैं।





इसके अलावा दोनों देशों ने आज एआई के क्षेत्र में एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया है और साथ ही रक्षा क्षेत्र में संयुक्त विकास परियोजना पर सहमति जताई। इससे पहले जापानी प्रधानमंत्री का आज सुबह राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी समकक्ष ताकाइची के बीच वार्ता हुई। बाद में संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री को "मेरी छोटी बहन प्रधानमंत्री ताकाइची जी" कह कर पुकारा तो प्रधानमंत्री ताकाइची भावुक हो गईं। उन्होंने भी अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री को "मेरे बड़े भाई प्रधानमंत्री मोदी" कह कर पुकारा और कहा, "आपने मुझे एक प्यारी छोटी बहन कहा, लेकिन बड़ी बैठक से पहले हुई छोटी बैठक में हमने पक्का किया कि हम एक ही सोच रखते हैं और इस रिश्ते को भाई-बहन की तरह ही आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले 10 सालों में भारत जापान से 100 खरब येन (जापानी मुद्रा) के निवेश और देश में काम कर रही जापानी कंपनियों की संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। भारत और जापान की अर्थव्यवस्था को पूरक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत और जापान की अर्थव्यवस्थाएं पूरक हैं। सांस्कृतिक मूल्यों से लेकर आधुनिक टेक्नोलॉजी तक, हमारी सोच और दृष्टिकोण में भी समानता है। और सबसे बढ़कर, हमारे संबंधों की नींव अटूट आपसी विश्वास पर टिकी है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी यह विशेष साझेदारी, सशक्त और समृद्ध जापान के आपके विजन, विकसित भारत के हमारे संकल्प और विश्व की प्रगति को, नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

## मोदी और तकाइची की शिखर वार्ता में व्यापार-रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने गुरुवार को हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, रक्षा, प्रौद्योगिकी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित विभिन्न द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। वार्ता का उद्देश्य भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करना है। इससे पहले राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में जापान की प्रधानमंत्री तकाइची का औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। स्वागत समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तकाइची का अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से परिचय कराया। समारोह में तीनों सेनाओं के मार्चिंग दस्ते और सैन्य बैंड ने भी प्रस्तुति दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि विश्वास, साझा मूल्यों और रणनीतिक समन्वय पर आधारित साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में जापान की प्रधानमंत्री तकाइची का गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति भवन में हुए स्वागत समारोह को लेकर जायसवाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारत और जापान की विशेष साझेदारी को और मजबूत किया जा रहा है। साझा मूल्यों और विश्वास पर आधारित यह साझेदारी भविष्य की दिशा तय करने वाली है। जापान की प्रधानमंत्री तकाइची प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक से तीन जुलाई तक भारत की यात्रा पर हैं। यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है।

## शैलेंद्र कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की शिष्टाचार भेंट

**नई सोच एक्सप्रेस पटना**





जनता दल (यूनाइटेड) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बिहार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री एवं नवनिर्वाचित बिहार विधान परिषद सदस्य निशांत कुमार से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने निशांत कुमार को बिहार विधान परिषद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके सफल, जनकल्याणकारी और गौरवपूर्ण कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक कार्य आगे बढ़ेंगे।इसके उपरांत शैलेंद्र कुमार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी आत्मीय एवं शिष्टाचार भेंट कर उनका स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने अपने सार्वजनिक जीवन में बिहार के विकास, सुशासन और आधारभूत संरचना को नई दिशा प्रदान करते हुए आधुनिक बिहार की मजबूत नींव रखी है। उनके नेतृत्व में शुरू हुई विकास यात्रा ने राज्य की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। शैलेंद्र कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा खींची गई विकास की सशक्त लकीर को पार कर उससे आगे बढ़ पाना किसी भी नेतृत्व के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रतीत होता है। उन्होंने दोनों नेताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र और बिहार की निरंतर सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुझे कोई परवाह नहीं वे खुश हैं या दुखी, मैं चाहता हूं तेल की कीमतें कम हों : ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली शिपिंग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है और तेल की कीमतों में और गिरावट आने का अनुमान है। उन्होंने ईरान के साथ स्थिति का सकारात्मक आकलन पेश किया। ट्रंप ने एक कार्यक्रम में कहा कि नावें होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर आ रही हैं। इतनी बड़ी संख्या में नावें बाहर आ रही हैं, जितनी पहले कभी नहीं देखी गईं। असल में हम रिकॉर्ड बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतें गिर रही हैं। मुझे कोई परवाह नहीं कि वे खुश हैं या दुखी, मैं चाहता हूं कि कीमतें कम हों। तेल की कीमतें इतनी तेजी से गिर रही हैं, जितना किसी ने सोचा भी नहीं था, लेकिन मैंने आपसे कहा था कि ऐसा होगा। हमारा हर चीज पर पूरा कंट्रोल है। ट्रंप ने अमेरिकी विदेश नीति पर चर्चा करते हुए ईरान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम असल में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ भी उतना ही अच्छा काम कर रहे हैं। शायद आपने इसके बारे में सुना होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि यह अमेरिका के सुनहरे दौर की शुरुआत है। अमेरिका कुछ ऐसा अनुभव करने जा रहा है, जिसके बारे में मैं सचमुच कह सकता हूं कि मुझे यकीन है कि सबसे अच्छा समय अभी आना बाकी है।

### अमेरिकी सैन्य मौजूदगी से नहीं, क्षेत्रीय सहयोग से संभव है पश्चिम एशिया की सुरक्षा : ईरान

**तेहरान।** ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में स्थायी सुरक्षा अमेरिकी सैन्य मौजूदगी से नहीं, बल्कि क्षेत्र से बाहरी हस्तक्षेप समाप्त होने और क्षेत्रीय देशों के आपसी सहयोग से सुनिश्चित हो सकती है। ईरानी सरकारी मीडिया संगठन प्रेस टीवी के अनुसार उप विदेश मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह टिप्पणी बहरीन में अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के नेतृत्व में आयोजित "सुरक्षा वार्ता" के बाद की। इस बैठक में 12 देशों के सैन्य अधिकारियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा, रक्षा सहयोग और होर्मुज़ जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही जैसे मुद्दों पर चर्चा की। ग़रीबाबादी ने कहा कि बहरीन में आयोजित सैन्य शिखर सम्मेलन फ़ारस की खाड़ी के लिए कानूनी व्यवस्था और स्थायी सुरक्षा स्थापित नहीं कर सकता। क्षेत्र की सुरक्षा तभी संभव है जब बाहरी दखलंदाज़ी समाप्त हो, अमेरिका अपनी सैन्य मौजूदगी हटाए, सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान किया जाए और नई भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को स्वीकार किया जाए। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के नियंत्रण का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यह रणनीतिक जलमार्ग ईरान के अधिकार क्षेत्र में आता है, न कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड के। ईरान ने दावा किया कि अमेरिका और इज़राइल के साथ संघर्ष के शुरुआती दिनों से ही होर्मुज़ जलडमरूमध्य में आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया था। बाद में 17 जून को पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें दोनों देशों ने सभी मोर्चों पर दुश्मनी समाप्त करने और 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते के लिए वार्ता जारी रखने पर सहमति जताई।

## इंडिगो लाई लाइट किरायाः कम सामान, कम दाम



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने उन यात्रियों के लिए नया और किफायती किराया इंडिगो लाइट पेश किया है, जो सिर्फ केबिन बैग (7 किलोग्राम तक) के साथ सफर करना चाहते हैं। इस पहल का उद्देश्य हवाई यात्रा को अधिक सुलभ और सस्ता बनाना है। इस नए किराए की बुकिंग 1 जुलाई से कंपनी की वेबसाइट और मोबाइल एप पर शुरू हो चुकी है, जबकि यात्रा 15 जुलाई से प्रभावी होगी। इंडिगो लाइट एक एंट्री-लेवल इकोनॉमी क्लास विकल्प है, इसके तहत यात्रियों को सामान्य टिकटों की तुलना में कम बेस प्राइस का भुगतान करना होगा। उन्हें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के सिस्टम द्वारा दी गई ऑटो-असाइंड सीट और 7 किलोग्राम तक का केबिन बैग ले जाने की अनुमति मिलेगी। यह सुविधा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों तरह की उड़ानों पर लागू होगी। आजकल एयरलाइंस उन सेवाओं का ही शुल्क लेना पसंद कर रही हैं, जिनका यात्री वास्तव में उपयोग करते हैं। इंडिगो के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर आलोक सिंह ने बताया कि यह उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो हल्का सामान लेकर यात्रा करते हैं और सिर्फ उन्हीं सेवाओं के लिए भुगतान करना चाहते हैं जिनकी उन्हें आवश्यकता है। यह बाजार के अनुरूप ढलने और यात्रा को ज्यादा सुलभ व किफायती बनाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## रूस के सहयोग से भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन 20 फीसदी बढ़ाया

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



रूस के साथ संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में नया प्लांट शुरू होने के बाद मिसाइल प्रोडक्शन 20 फीसदी बढ़ा दिया है। संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस के अब पूरे भारत में चार उत्पादन केंद्र है, जिसमें लखनऊ की सबसे नई फैसिलिटी ने मिसाइलों का पहला बैच बनाया है। ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की स्पीड और कैपेसिटी दोनों में काफी बढ़ोतरी होने से निर्यात ऑर्डर ज्यादा मिलने की उम्मीद है। रूस ने ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन करने के लिए फरवरी, 1998 में भारत के साथ एक संयुक्त कंपनी ब्रह्मोस एयरोस्पेस बनाई, जिसमें भारत की ओर से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी कंपनी एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया को शामिल किया गया। इस कंपनी में भारत की 50.5 फीसदी और रूस की 49.5 फीसदी हिस्सेदारी है। यह उन कुछ डिफेंस कंपनियों में से एक है, जो अपने उत्पादन के जीवन चक्र, डिजाइन और निरंतर उत्पादन से लेकर मार्केटिंग, ग्लोबल डिलीवरी और बिक्री के बाद के मेंटेनेंस तक संभालती है। यही कंपनी वर्तमान में विश्वस्तरीय ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का डिजाइन, उत्पादन और विपणन करती है, जिसे सबमरीन, जहाज, एयरक्राफ्ट और जमीन प्लेटफ़ॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल मैक 2.8 की रफ़्तार से चलती है, जो सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक है। इसके अन्य संस्करण 800 किमी. तक मारक क्षमता वाले हैं। इस मल्टीरोल सिस्टम के अलग-अलग ऑपरेशनल प्लेटफॉर्म से जमीन और समुद्र दोनों लक्ष्यों पर निशाना साधा जा सकता है। अब यह कंपनी अगली पीढ़ी की एडवांस्ड हाइपरसोनिक क्रूज ब्रह्मोस मिसाइल विकसित कर रही है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूरे भारत में चार उत्पादन केंद्र हैं, जिसमें सबसे नई फैसिलिटी लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में है, जिससे कुल मिसाइल आउटपुट में काफी बढ़ोतरी हुई है। बाकी दक्षिण भारत में हैदराबाद और तिरुवनंतपुरम और राजस्थान के पिलानी में हैं। लखनऊ का उत्पादन केंद्र चालू होने से मिसाइल का उत्पादन 20 फीसदी बढ़ गया है।

## तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव की घोषणा कर दी। बिहार की बांकीपुर, मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मंजलपुर सीट वर्तमान में विभिन्न कारणों से रिक्त पड़ी थी। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार बांकीपुर सीट भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के इस्तीफे के कारण रिक्त थी। वहां दतिया सीट विधायक राजेंद्र भाटी को अयोग्य ठहराए जाने के कारण और मंजलपुर सीट योगेश पटेल के निधन के कारण रिक्त हो गई थी। तीनों सीटों के लिए 30 जुलाई को मतदान होगा और 3 अगस्त को नतीजे आएंगे। अधिसूचना 6 जुलाई को जारी की जाएगी।

## दिल्ली में भूख हड़ताल के 5वें दिन सोनम वांगचुक की सेहत बिगड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले पांच दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की सेहत लगातार गिरती जा रही है। गुरुवार को उनका सुगर लेवल गिरकर 60 तक पहुंच गया और ब्लड प्रेशर भी सामान्य से काफी नीचे आ चुका है, जिससे समर्थकों में भारी चिंता है। सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख अभिजीत दीपके ने एक्स पोस्ट में कहा, ''सोनम वांगचुक का शुगर लेवल गिरकर 60 तक पहुंच गया है जबकि उनका ब्लड प्रेशर सामान्य से काफी नीचे आ चुका है। उनकी स्थिति गंभीर है। समर्थकों ने सोशल मीडिया पर सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वांगचुक के स्वास्थ्य को कुछ भी नुकसान पहुंचता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस बीच, आज वांगचुक की पत्नी भी उनका हौसला बढ़ाने जंतर-मंतर पहुंचीं। इस पर एकजुटता जाहिर करते हुए समर्थकों ने कहा कि जब अपनों का साथ हो, तो कोई भी लड़ाई मुश्किल नहीं होती। प्रदर्शन स्थल पर आए दो युवाओं ने लोगों के पढ़ने के लिए एक ओपन लाइब्रेरी लगाने की कोशिश की थी। आरोप है कि दिल्ली पुलिस ने इन युवाओं के साथ न बदसलूकी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि एसीपी अजय शर्मा और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर छात्रों द्वारा लगाई जा रही लाइब्रेरी को हटा दिया।

## अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना को देख समुद्री डकैत भाग निकले, चालक सुरक्षित

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में भारत के लिए जरूरी कार्गो ले जा रहे जहाज में समुद्री डकैती को नाकाम कर दिया। भारतीय जहाज को पास आता देख समुद्री डकैत भाग निकले, जिससे चालक दल सुरक्षित बच गया और जहाज पर किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ। यह जहाज भारत के लिए महत्वपूर्ण माल लेकर जा रहा था और इस पर एक भारतीय नागरिक भी सवार था। नौसेना के कमांडो ने प्रभावित जहाज पर चढ़कर गहन तलाशी ली और यह सुनिश्चित किया कि जहाज पर अब कोई डाकू नहीं छिपा है। दरअसल, एमवी गोल्डन आर्सेनल जहाज भारत के लिए जरूरी कार्गो ले जा रहा था। अदन की खाड़ी में समुद्री डाकुओं ने जहाज पर हमला कर दिया और उसे अपने कब्जे में लेने की कोशिश की। खतरा देख जहाज के चालक दल ने खुद को एक सेफ रूम में बंद कर लिया और एक कम्युनिकेशन चैनल पर पाइरेसी की कोशिश के बारे में बताया। संकट का संदेश मिलते ही पास में ही तैनात भारतीय युद्धपोत आईएनएस त्रिकंड तेजी से मदद के लिए उस तरफ रवाना हो गया। नौसेना के युद्धपोत के करीब आते ही डाकू वहां से भाग खड़े हुए, जिससे चालक दल सुरक्षित बच गया और जहाज पर किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ। इस जहाज के चालक दल के सदस्यों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। डाकुओं के भागने के बाद भारतीय नौसेना के जांबाज मार्कोस कमांडो प्रभावित जहाज एमवी गोल्डन आर्सेनल पर उतरे। उन्होंने पूरे जहाज की गहन तलाशी ली और यह सुनिश्चित किया कि जहाज पर अब कोई खतरा या डाकू नहीं छिपा है। नौसेना के मरीन कमांडो ने पूरे जहाज को सुरक्षित और सैनिटाइज किया।

## नाजी सहयोगियों को सम्मान देने पर पोलैंड, इजराइल और रूस ने की यूक्रेन की आलोचना

**एजेंसी। वारसा**



पोलैंड ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की की उस पहल की आलोचना की है, जिसके तहत द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान विवादित यूक्रेनी राष्ट्रवादी नेताओं के सम्मान में एक राष्ट्रीय स्मारक स्थापित करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। इसको लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता दिख रहा है। वहीं, इज़राइल और रूस ने आलोचना करते हुए यूक्रेन में नियो-नाज़ी विचारधारा के बढ़ते प्रभाव को इसका कारण माना है। पोलैंड के राष्ट्रपति करोल नवरोत्स्की के कार्यालय ने आरोप लगाया कि यूक्रेन की यह पहल दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक विवाद को और गहरा करेगी। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता राफाल लेस्केविच ने कहा कि यह कदम यूक्रेनी अधिकारियों की "तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाइयों" की अगली कड़ी है। यूक्रेन की संसद ने बुधवार को सर्वसम्मति से 'बेहतरीन यूक्रेनियों का स्मारक' स्थापित करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी। इससे पहले राष्ट्रपति जेलेंस्की ने विवादित यूक्रेनी राष्ट्रवादी नेता आंद्रे मेलनिक और उनकी पत्नी सोफिया फेडक-मेलनिक के अवशेषों को राजकीय सम्मान के साथ दोबारा दफनाने के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। आंद्रे मेलनिक ऑर्गनाइजेशन ऑफ यूक्रेनियन नेशनलिस्ट्स (ओयूएन) के प्रमुख नेताओं में से एक थे। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उनके नाज़ी जर्मनी के साथ संबंध रहे थे, हालांकि बाद में उनके और नाज़ी नेतृत्व के बीच मतभेद भी सामने आए थे। पोलैंड के रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव कोसिनियाक-कामिश ने कहा कि जब तक यूक्रेन ओयूएन नेता स्टेपन बांडेरा जैसे विवादित व्यक्तियों का महिमामंडन करता रहेगा, तब तक उसके यूरोपीय संघ की सदस्यता हासिल करने में कठिनाइयां बनी रहेंगी। वहीं, इज़राइल के विदेश मंत्रालय ने भी आंद्रे मेलनिक को राजकीय सम्मान दिए जाने पर आपत्ति जताई है। दूसरी ओर, रूस ने इस फैसले की आलोचना करते हुए इसे यूक्रेन पर नियो-नाज़ी विचारधारा का प्रभाव बढ़ने का आरोप लगाया है। यूक्रेन की ओर से इन आलोचनाओं पर आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## मणिपुर में अब भी हालात सामान्य नहीं हुएः राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर में हुई हालिया घटना को लेकर केंद्र को घेरा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर वर्षों से हिंसा की आग में जल रहा है और अब भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। राज्य में राष्ट्रपति शासन भी लगाया गया था लेकिन स्थिति में कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिला। राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि मणिपुर में एक बार फिर नफरत और हिंसा की आग में 20 घर जलकर नष्ट हो गए। हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और अनगिनत परिवार उजड़ चुके हैं। मणिपुर जिस पीड़ा से गुजर रहा है, उसकी कल्पना करना भी कठिन है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति केंद्र सरकार की विचारधारा का परिणाम है, जो लोगों को धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र और पहचान के आधार पर बांटती है। आज मणिपुर ही नहीं, बल्कि पूरा देश संवेदना की भी उम्मीद छोड़ चुका है। राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर बेहतर भविष्य का हकदार है और इसके लिए समाज को जोड़ने की आवश्यकता है।



## ओम बिरला बंगाल के विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तीन जुलाई (शुक्रवार) को कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा सचिवालय के अनुसार इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य नए विधायकों को विधायी और संसदीय कार्यप्रणाली की बारीकियों से परिचित कराना है। इस मौके पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष रथीन्द्र बोस, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री डॉ. शंकर घोष और विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी सहित कई गणमान्य जन मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें देशभर के वरिष्ठ संसदीय विशेषज्ञ, सांसद और विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारी नए सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का ऐलानः 30 जुलाई को मतदान, 3 अगस्त को आएंगे नतीजे

**पटना**।बांकीपुर विधानसभा सीट भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। नितिन नवीन लगातार इस सीट से विधायक चुने जाते रहे हैं और बिहार सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 6 जुलाई 2026 : अधिसूचना जारी होगी। 13 जुलाई 2026 : नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि। 14 जुलाई 2026 : नामांकन पत्रों की जांच। 16 जुलाई 2026 : नाम वापस लेने की अंतिम तिथि। 30 जुलाई 2026 : मतदान। 3 अगस्त 2026 : मतगणना और 4 अगस्त 2026 : चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव अद्यतन मतदाता सूची के आधार पर कराया जाएगा और सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बिहार के अलावा मध्य प्रदेश और गुजरात की एक-एक विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव कराया जाएगा। बिहार – 182 बांकीपुर विधानसभा सीटः नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण सीट खाली हुई। मध्य प्रदेश – 22 दतिया विधानसभा सीटः विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त (अयोग्यता) होने के कारण उपचुनाव कराया जाएगा। गुजरात – 145 मांजलपुर विधानसभा सीटः विधायक योगेशभाई नरनदास पटेल के निधन के बाद सीट रिक्त हुई। उपचुनाव की घोषणा के साथ ही तीनों राज्यों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। खासकर बिहार में बांकीपुर सीट पर भाजपा और विपक्ष के बीच मुकाबला दिलचस्प रहने की उम्मीद है।

### अलार्म चेन पुलिंग पर एक्शन, 109 लोग गिरफ्तार

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल ने जून माह में अलार्म चेन पुलिंग (ACP) की अनधिकृत घटनाओं के खिलाफ एक सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से मंडल के विभिन्न रेलखंडों और स्टेशनों पर की गई। इस अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम 141 की संबंधित धाराओं के तहत कुल 110 मामले दर्ज किए गए। इनमें 109 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनसे जुर्माने के रूप में 48,100/- की राशि रेल राजस्व में प्राप्त की गई। सोनपुर मंडल प्रशासन ने यह कदम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, ट्रेनों के परिचालन में निरंतरता बनाए रखने और अनावश्यक देरी को रोकने के लिए उठाया है। अनधिकृत अलार्म चेन पुलिंग से न केवल रेल परिचालन प्रभावित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में, रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग और परिचालन विभाग के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफल रहा। मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे आपात स्थिति को छोड़कर अलार्म चेन का दुरुपयोग न करें, ताकि सुरक्षित, सुगम और समयबद्ध रेल सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। सोनपुर मंडल ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा और रेल अनुशासन बनाए रखने के लिए भविष्य में भी इस तरह के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

### हाजीपुर पुलिस ने हेरोइन के साथ तस्कर पकड़ा

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के हाजीपुर सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बलवा कुंआरी में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने उसके पास से छह ग्राम हेरोइन 'कोटा' और नगद रुपए बरामद किए। हालांकि, इस दौरान एक अन्य तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि चकैमा निवासी पिंटू कुमार और अर्जुन कुमार हेरोइन 'कोटा' का कारोबार करते हैं। सूचना में यह भी बताया गया था कि पिंटू कुमार एक झूले के घर आया है और जल्द ही मोटरसाइकिल से 'कोटा' बेचने वाला है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम बलवा कुंआरी पहुंची और मनोज सिंह के मुर्गी फार्म के पास सड़क पर वाहन जांच अभियान शुरू किया। कुछ देर बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखे। पुलिस को देखते ही दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस बल के सहयोग से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि मोटरसाइकिल पर बैठा दूसरा व्यक्ति फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपनी पहचान पिंटू कुमार, पिता चंद्रिका राय, निवासी चकैमा के रूप में बताई। उसने फरार हुए व्यक्ति का नाम अर्जुन कुमार उर्फ झूले बताया। पिंटू कुमार की तलाशी के दौरान उसके पास से 17 कैप्सूल हेरोइन 'कोटा' (लगभग छह ग्राम) और नगद रुपए बरामद हुए। उसने पूछताछ में बताया कि बरामद मोटरसाइकिल अर्जुन कुमार की है। पिंटू ने यह भी खुलासा किया कि अर्जुन कुमार पुराना 'कोटा' कारोबारी है, जो बिदुपुर से किसी व्यक्ति से 'कोटा' खरीदकर लाता है और वे दोनों मिलकर गांव-गांव घूमकर इसे बेचते हैं। गिरफ्तार तस्कर पिंटू कुमार से पूछताछ के बाद उसके और फरार हुए अर्जुन कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पिंटू कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### बहन से प्यार में मामा ने भांजे को मार डाला

**हाजीपुर**। वैशाली में मामा ने अपने भांजे की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को छिपाने के लिए उसको जलाकर नदी किनारे फेंक दिया। घटना के 2 दिन बाद युवक का शव वैशाली पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पहचान समस्तीपुर के शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र के होली गांव निवासी शंकर राय के बेटे नीतीश कुमार (20) के रूप में हुई है। मृतक के चचेरे भाई रमेश का आरोप है, नीतीश का उसकी ममेरी बहन से अफेयर चल रहा था। इसी वजह से मामा ने उसे मार डाला। मृतक के भाई ने अपने ही मामा समेत पांच लोगों पर अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज करवाया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामला जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के चकसिंगार पंचायत स्थित लंका टोला का है। रमेश ने बताया, नीतीश के पैदा लेते ही उसकी मां की मौत हो गई थी। इसी वजह से बचपन से ही नीतीश अपने नाना-नानी के पास रहता था। 5 साल पहले नाना-नानी की भी मौत हो गई। इसके बाद नीतीश का ध्यान उसके मामा-मामी रखते थे। इस बीच साल 2023 में नीतीश अपनी ममेरी बहन के नजदीक आने लगा। दोनों अक्सर साथ खाना खाया करते थे। घंटों सामने बैठकर बातें किया करते थे। करीब 1 साल तक सब कुछ ऐसा ही चलता रहा। साल 2024 में दोनों ने एक-दूसरे से अपने-अपने प्यार का इजहार किया। इसके बाद से दोनों के बीच की नजदीकियां और भी बढ़ गई। साल 2025 में नीतीश के मामा को बेटी और भांजे के अफेयर के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने दोनों को बहुत समझाने की कोशिश की, लेकिन नीतीश मानने को तैयार नहीं था। इस हरकत को देखते हुए आरोपी मामा ने नीतीश को अपने घर से निकाल दिया। उसने नीतीश से कहा- तुम बाहर जाकर कमाओ, यहां रहकर मेरी बेटी की भी जिंदगी खराब कर दोगे। इसके बाद नीतीश 2025 के नवंबर में मामा के घर से निकलकर गुरुग्राम चला गया।

### मुजफ्फरपुर में कार में हथियार लहराने वाला बदमाश अरेस्ट

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले एक युवक को पटना से गिरफ्तार किया है। आरोपी विवेक सिंह सकरा थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से वीडियो में दिख रही दोनाली बंदूक और घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, यह मामला 1 जुलाई का है, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। इस वीडियो में युवक अवैध हथियार लहराते हुए 'सोना बेचकर लोहा खरीदने' जैसी बातें कह रहा था। वह जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर आम लोगों में भय और दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा था। वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि वीडियो सकरा थाना क्षेत्र का है।

## ट्रिपल टी' (पारदर्शिता, तकनीक और भरोसा) से बनेगा भ्रष्टाचार मुक्त बिहार, सुशासन को मिलेगी नई मजबूती : मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



» बिहार के सभी 9 प्रमंडलों में विशेष निगरानी न्यायालय की स्थापना की जाएगी

**पटना**।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस एवं बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में निगरानी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने निगरानी अनवेषण ब्यूरो के नवीन लोगो का अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष निगरानी विभाग के कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस के अवसर पर मैं बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी 9 प्रमंडलों में विशेष निगरानी न्यायालय (स्पेशल विजिलेंस कोर्ट) की स्थापना की जाएगी, ताकि भ्रष्टाचार के मामलों का त्वरित निस्तारण हो तथा दोषियों को शीघ्र दंड मिल सके। बिहार में अपराध एवं आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों में सरकारी गवाहों को यदि गवाही देने के लिए कहीं जाना पड़े, तो उन्हें परिवहन भत्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को ध्यान में रखते हुए बिहार के प्रत्येक जिले में निगरानी थाना तथा सभी अनुमंडलों में निगरानी ओ०पी० स्थापित की जाएगी। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई एवं निगरानी अन्वेषण ब्यूरो अपने साथ विशेषज्ञ व्यक्तियों को जोड़ते हुए ऐसी आधुनिक एवं स्मार्ट कार्यप्रणाली विकसित करे कि विशेष परिस्थिति में प्रवर्तन निदेशालय (ई०डी०) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी०बी०आई०) को भी इनके सहयोग की आवश्यकता महसूस हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, स्पेशल विजिलेंस यूनिट तथा आर्थिक अपराध इकाई सीधे कार्रवाई करे। भ्रष्टाचार करनेवाले लोगों को चिन्हित कर बिहार सरकार उनके जब्त किए गए परिसरों में विद्यालय संचालित करेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त मंत्रियों, विधायकों तथा शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों के विरुद्ध हमारी सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। गरीबों को न्याय दिलाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। न्याय के साथ विकास तभी संभव है, जब सरकार की नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी गड़बड़ी के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि शॉर्टकट की संस्कृति छोड़कर ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा अपनाना होगा। विद्यालयों में भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास किया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को डिप्टी पीएम बनाने की उठी मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।20 साल तक बिहार की कमान संभालने वाले और केंद्र में मंत्री रह चुके नीतीश कुमार को लेकर अब सियासत गरमाती दिख रही है। जदयू के विधायक ने बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार को डिप्टी पीएम बनाने की मांग की है। एक मीडिया चैनल से बात करते हुए जदयू विधायक पंकज मिश्रा ने कहा कि नीतीश कुमार 20 साल तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं। उससे पहले वह केंद्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं, ऐसे में उनके अनुभव का देश को फायदा मिलना चाहिए और उन्हें डिप्टी पीएम बनाया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह दावा भी किया कि बिहार के लोग भी नीतीश कुमार को डिप्टी पीएम बनते देखना चाहते हैं। जदयू विधायक ने आगे कहा कि मोदी मंत्रिमंडल के संभावित विस्तार में नीतीश कुमार को डिप्टी पीएम बनाया जाना चाहिए। यही उनके लिए उचित सम्मान होगा। गौरतलब है कि नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद ही भाजपा बिहार में पहली बार अपना मुख्यमंत्री बना पाई है। जदयू विधायक से पहले राजद नेता मुकेश रौशन ने भी नीतीश कुमार को डिप्टी सीएम बनाने की मांग की थी। नीतीश के राज्यसभा जाने पर मुकेश रौशन ने कहा था कि नीतीश कुमार को केंद्र में कृषि और रेलवे जैसे अहम मंत्रालय संभाल चुके हैं। ऐसे में अब उन्हें उप-प्रधानमंत्री भी बनाया जाए। यदि उन्हें डिप्टी पीएम बनाया जाता है, तो यह बिहार के लिए गर्व की बात होगी। फिलहाल राज्यसभा सांसद होने के साथ-साथ नीतीश कुमार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। वहीं, उनके बेटे निशांत कुमार बिहार में स्वास्थ्य मंत्री हैं।

## बिहार में गंगा किनारे 'बीच गेम्स कार्निवल' का होगा आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



❑ अक्टूबर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी मुकाबला, पटना में पहली बार बिहार पुरुष कबड्डी लीग होगी

**पटना**। बिहार में पूरे साल खेल आयोजनों से मैदान सजा रहेगा। प्रदेश में जुलाई 2026 से लेकर मार्च 2027 तक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं होंगी। राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी और FIH हॉकी प्रो लीग तो पटना में निडजैम का आयोजन होगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार सत्र 2026-27 खेल गतिविधियों से भरा रहेगा। राजधानी में पहली बिहार पुरुष कबड्डी लीग का भी आयोजन होगा। 29 अगस्त को पटना में खेल सम्मान समारोह आयोजित होगा।

**बिहार में बीच गेम्स कार्निवल का होगा आयोजनः** बिहार में बीच गेम्स कार्निवल का भी आयोजन होगा। 16 से 18 जनवरी गंगा घाटों के किनारे इसका आयोजन किया जाएगा। वहीं, दंगल का रोमांच देखने को मिलेगा, जो कि 27 और 28 नवंबर को होगा। 24 से 31 अक्टूबर तक राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी (मैत्री शताब्दी) मुकाबला और पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में पहली बिहार पुरुष कबड्डी लीग (28 जनवरी-5 फरवरी) का आयोजन होगा। वहीं, मार्च में तीसरी महिला कबड्डी लीग खेली जाएगी।

## खेल-खेल में बच्ची को गोली लगी,5 गिरफ्तार हथियार बरामद, मुख्य आरोपी चचेरा भाई फरार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। नौबतपुर में 28 जून को 12 वर्षीय बच्ची को गोली लगने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि बच्ची को उसके चचेरे भाई द्वारा पिस्तौल से खेलने के दौरान गोली लगी थी। इस मामले में पुलिस ने 5 युवकों को गिरफ्तार किया है और हथियार भी बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी चचेरा भाई सोनू अभी फरार है। फुलवारीशरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (डीएसपी-2) दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार को इस घटना का सफल उद्भेदन किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित कुमार, रूपक कुमार, संजय कुमार, पप्पू कुमार और रोहित कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से एक देसी कट्टा, एक पिस्टल, छह जिंदा कारतूस और दो मैगजीन बरामद किए गए हैं।

**28 जून को हुई थी घटनाः** 28 जून को नौबतपुर थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया था, जिसमें बताया गया कि अजवा पेट्रोल पंप के पास दो युवकों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस दौरान घर के पास खेल रही 12 वर्षीय बच्ची के पेट में गोली लग गई। घायल बच्ची का इलाज पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हालांकि, घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस को गोली का खोखा, खून के निशान या गोलीबारी की पुष्टि करने वाली कोई परिस्थिति नहीं मिली। आसपास के लोगों ने भी गोलीबारी की बात से इनकार किया, जिससे पुलिस को घटना की कहानी पर संदेह हुआ।

डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस ने अमित कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वैज्ञानिक तरीकों से की गई जांच में यह खुलासा हुआ कि घटना सड़क पर हुई गोलीबारी की नहीं, बल्कि घर के अंदर हुई थी। जांच में सामने आया कि घायल बच्ची का चचेरा भाई सोनू घर में पिस्तौल से खेल रहा था। इसी दौरान अचानक पिस्तौल से गोली चल गई, जो बच्ची के पेट में जा लगी। घटना के बाद सोनू मौके से फरार हो गया।

**आरोपियों ने सच्चाई छिपाने के लिए झूठी कहानी गढ़ीः** पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आरोपियों ने सच्चाई छिपाने के लिए झूठी कहानी गढ़ी और पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। हथियार छिपाने, पुलिस से झूठ बोलने और जांच में सहयोग नहीं करने के आरोप में पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में अलग से मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, फरार सोनू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## मेट्रो सेवा के विस्तार से सड़क यातायात का दबाव कम होगा, यात्रा समय में कमी आएगी तथा प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा : मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



» मुख्यमंत्री ने मेट्रो सेवाओं को सुगम बनाने के लिये पटना मेट्रो प्री-पेड स्मार्ट कार्ड की शुरूआत की

**पटना**।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना प्रायोरिटी कॉरिडोर के अंतर्गत मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मेट्रो रेल सेवा के विस्तारीकरण का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण भी किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मेट्रो सेवाओं को सुगम बनाने के लिये पटना मेट्रो प्री-पेड स्मार्ट कार्ड की शुरूआत की। प्री-पेड स्मार्ट कार्ड के जरिये यात्रियों को बार-बार टिकट खरीदने के लिये लाइन में लगने से छुटकारा मिलेगा और वे आसानी के साथ डिजिटल तरीके से यात्रा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो प्री-पेड स्मार्ट कार्ड लेकर मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रेल से सफर किया। इस दौरान राज्य के शहरी परिवहन क्षेत्र के लिये इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मलाही पकड़ी स्टेशन के शुरू होने से पूर्वी पटना के लाखों नागरिकों को तेज, सुगम एवं सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। मेट्रो सेवा के विस्तार से सड़क यातायात का दबाव कम होगा, यात्रा समय में कमी आएगी तथा प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेज गति से कार्य करते हुये निर्धारित समय-सीमा के अंदर पटना मेट्रो परियोजना को पूर्ण करना है। सरकार का लक्ष्य राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना है, जिससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों एवं व्यापारियों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## वेतन आयोग के अवर सचिव 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



❑ पटना के आफिसर्स फ्लैट से रंगे हाथों पकड़ा, 17 लाख एरियर दिलाने के बदले मांगी थी रिश्वत

**पटना**।पटना में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई जारी है। बुधवार सुबह निगरानी विभाग की टीम ने वेतन आयोग के अवर सचिव आमोद मिश्रा को 20000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में इस्कॉन मंदिर पटना के पास स्थित वेतन आयोग कार्यालय में की गई। निगरानी विभाग की टीम ने कार्यालय में ही जाल बिछाकर आरोपी अधिकारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ा लिया। आमोद मिश्रा मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के वेतन कोषांग शाखा में अवर सचिव के पद पर कार्यरत हैं। जानकारी के मुताबिक, एसबीएम कॉलेज, बिहारशरीफ में उमाशंकर उमरेबी के पिता प्रयोग प्रदर्शक के तौर पर पोस्टेड थे। सेवानिवृत्त के बाद एरियर का करीब 17 लाख रुपये का भुगतान लंबित था। इस मामले में एरियर भुगतान कराने के एवज में आमोद मिश्रा ने 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। 30 जून को पीड़ित ने मामले की शिकायत निगरानी थाने में दर्ज कराई और बातचीत से संबंधित साक्ष्य दिए थे।

## 20 साल बाद लालू-राबड़ी ने खाली किया 10 सर्कुलर रोड

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। RJD सुप्रीमो लालू यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली कर दिया है। दोनों अब कौटिल्य नगर स्थित अपने निजी आवास में शिफ्ट हो गए हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने परिवार के साथ 1 पोलो रोड स्थित सरकारी आवास में रहेंगे। दरअसल, 10 सर्कुलर रोड लंबे समय तक लालू परिवार का प्रमुख सरकारी आवास रहा। राबड़ी देवी को साल 2006 में बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद यह सरकारी आवास अलॉट किया गया था। तब से यह बंगला बिहार की राजनीति के कई अहम फैसलों का केंद्र माना जाता रहा है। इसी आवास में रहते हुए तेजस्वी यादव ने भी साल 2015 में पहली बार बिहार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अब परिवार के नए आवास में शिफ्ट होने के साथ ही इस बंगले से जुड़ा एक लंबा राजनीतिक अध्याय भी समाप्त हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को आवंटित 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने की समय-सीमा सोमवार को समाप्त हो गई थी। भवन निर्माण विभाग ने उन्हें बंगला खाली करने के लिए चार बार नोटिस जारी किया था। हालांकि, दो दिन पहले ही राबड़ी देवी के आप्त सचिव ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर आवास खाली करने के लिए 5 जुलाई तक अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया था। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी सोमवार को अपना सरकारी आवास खाली कर 1 पोलो रोड स्थित नए सरकारी आवास में शिफ्ट हो गए थे। पूर्व सीएम राबड़ी देवी की ओर से जो भवन निर्माण विभाग को चिट्ठी लिखी गई। इसमें कहा गया था कि विभाग की तरफ से चार्ज रजिस्टर उपलब्ध नहीं करवाया गया है।

## बिहार में 'वीबी-जी राम जी' मिशन लागू, पटना में मंत्री श्रवण कुमार ने किया शुभारंभ, 125 दिन काम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। पटना में "विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (बिहार) 2026" का शुभारंभ किया गया। पटना स्थित मुख्य सचिवालय परिसर के अधिवेशन भवन में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मिशन की शुरुआत की। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से दावा किया गया कि यह पहल ग्रामीण रोजगार, आजीविका सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा देगी। सरकार का दावा है कि इस योजना के लागू होने के साथ बिहार देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने ग्रामीण कार्यबल को आधुनिक आर्थिक सुरक्षा, रोजगार के नए अवसर और स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक पहल की है।

**'VB-G RAM G' के तहत रोजगार और मजदूरी बढ़ाने का दावाः** यह नया मिशन 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)' के स्थान पर लाया गया एक उन्नत और व्यापक रूप है। इसे VB-G RAM G (विकसित भारत-रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन) नाम दिया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने कहा, 'यह मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बिहार के गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का एक मजबूत संकल्प है।'

इसके साथ ही मंत्री श्रवण कुमार ने भरोसा जताया कि गांवों में ही साल के 125 दिन सम्मानजनक मजदूरी मिलने से रोजगार की तलाश में होने वाला अंतर-राजकीय पलायन काफी हद तक थमेगा। इस योजना के तहत जल संचयन, पौधारोपण, ग्रामीण सड़कों का निर्माण और कृषि से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा, जिससे गांवों का चौमुखी विकास होगा। समारोह के दौरान मंच पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव, विभिन्न जिलों के उप-विकास आयुक्त (DDC) और विभाग के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विभाग द्वारा इस मिशन को धरातल पर पूरी पारदर्शिता और कड़ाई से लागू करने का संकल्प लिया गया।

हर खबर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



संक्षिप्त समाचार

## मानवाधिकार जागरूकता और निःशुल्क कानूनी सहायता पर काम कर रही है संस्था : राजेंद्र कुमार सिन्हा




**पटना**। वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र कुमार सिन्हा से बातचीत में ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य पीड़ित, वंचित और असहाय लोगों को उनके संवैधानिक एवं मानवीय अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि संस्था गांवों, कस्बों और शहरी बस्तियों में जागरूकता शिविर, संगोष्ठियों और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि संस्था जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता, स्वास्थ्य शिविर, महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं सिलाई प्रशिक्षण, तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी कर रही है। राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि भविष्य में संस्था अपने कार्यों का विस्तार कर देशभर में मानवाधिकार संरक्षण और सामाजिक न्याय के लिए अधिक प्रभावी भूमिका निभाने का लक्ष्य रखती है।

## मुजफ्फरपुर में महिला के प्राइवेट पार्ट में घोंपा हंसुआ

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में चोरी का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया। घर में चोरी की नीयत से घुसे बदमाश ने महिला पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर ने महिला के प्राइवेट पार्ट में हंसुआ(हथियार) घोंप दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। तत्काल इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन करके शरीर में फंसा हंसुआ बाहर निकाला। फिलहाल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना गायघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीबाद ओपी इलाके की है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार तड़के करीब तीन बजे एक बदमाश चोरी की नीयत से घर में घुसा था। आहट होने पर महिला की नींद खुल गई। जब विरोध किया तो बदमाश ने धारदार हंसुआ से उन पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन ने गंभीर हालत में एसकेएमसीएच पहुंचाया। मेडिकल थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को मिल चुकी है। पीड़िता की हालत में सुधार होने के बाद उनका बयान दर्ज किया जाएगा। बयान और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## किशनगंज में बनेंगे दो आर्मी स्टेशन, पूर्वी सुरक्षा तंत्र को मिलेगी नई मजबूती

**किशनगंज**। सीमांचल का किशनगंज जिला जल्द ही देश के पूर्वी सुरक्षा तंत्र का एक महत्वपूर्ण सैन्य केंद्र बन सकता है। भारत-नेपाल सीमा से सटे तथा पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निकट स्थित इस सामरिक जिले में भारतीय सेना के दो स्थायी आर्मी स्टेशन स्थापित करने की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रशासन ने ठाकुरगंज और कोचाधामन प्रखंड में करीब 400 एकड़ भूमि चिह्नित कर दी है। सेना के अधिकारी प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं। अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, ठाकुरगंज प्रखंड के भेलागुड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप 203 एकड़ भूमि सेना स्टेशन के लिए चिह्नित की गई है। वहीं कोचाधामन प्रखंड के सकोर-नटुवापाड़ा क्षेत्र में करीब 200 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। हालांकि कोचाधामन में स्थानीय लोगों के विरोध के कारण अंतिम निर्णय अभी लंबित है। दोनों प्रस्तावों पर प्रशासन और सेना के बीच तकनीकी प्रक्रिया जारी है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना केवल किशनगंज तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध पूर्वी भारत की सुरक्षा, सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) की रणनीतिक मजबूती तथा नेपाल-बांग्लादेश सीमा पर बेहतर सैन्य समन्वय से है। किशनगंज की भौगोलिक स्थिति इसे सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। यहां सेना की स्थायी मौजूदगी से सीमावर्ती गतिविधियों पर निगरानी मजबूत होगी और आपात परिस्थितियों में सैनिकों की त्वरित तैनाती संभव हो सकेगी। आर्मी स्टेशन को एक आधुनिक सैन्य परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें सैन्य मुख्यालय, सैनिकों के आवास, प्रशिक्षण एवं अभ्यास मैदान, हथियार और गोला-बारूद के सुरक्षित भंडार, हाई-टेक संचार एवं कंट्रोल सेंटर तथा बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही क्षेत्र में सड़क, बिजली और अन्य आधारभूत संरचनाओं का भी विस्तार होने की संभावना है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार ने बताया कि ठाकुरगंज और कोचाधामन में दो आर्मी स्टेशन स्थापित करने की दिशा में पहल की जा रही है। दोनों स्थानों पर भूमि का चयन कर लिया गया है और आगे की प्रशासनिक प्रक्रिया जारी है। रक्षा एवं गृह मंत्रालय से अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण और निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यदि सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी होती हैं तो आने वाले वर्षों में किशनगंज पूर्वी भारत के प्रमुख सैन्य केंद्रों में शामिल हो सकता है।

## 13.98 ग्राम स्मैक और 200 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**सुपौल**। जिले के निर्मली थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 13.98 ग्राम स्मैक एवं 200 ग्राम गांजा के साथ दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से 13.98 ग्राम स्मैक और 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थों को जब्त कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि तस्करों का संबंध किसी बड़े नेटवर्क से तो नहीं है और वे मादक पदार्थों की आपूर्ति कहां से कर रहे थे। सुपौल पुलिस ने कहा है कि जिले में नशा एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी जी से आग्रह नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाया जाएः डॉ पटेल

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा**।भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि देश की राजनीति में कुछ नेताओं का योगदान केवल एक राज्य तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी मिसाल बन जाता है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री Narendra Modi को Nitish Kumar के लंबे प्रशासनिक अनुभव, सुशासन और विकास कार्यों को देखते हुए उन्हें उप प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी देने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। डॉ. पटेल ने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली और आधारभूत संरचना के विस्तार में नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महिलाओं को पंचायत एवं स्थानीय निकायों में आरक्षण देकर उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य ऐतिहासिक रहा। छात्राओं को साइकिल योजना के माध्यम से शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया, जिसका सकारात्मक प्रभाव पूरे राज्य में देखने को मिला। आज पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पंचायत व्यवस्था में बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं, जो सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आम जनता की बात सुनने वाले नेता रहे हैं। उन्होंने अपना एक व्यक्तिगत डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल के ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक बार मुख्यमंत्री अपने काफिले के साथ जा रहे थे, तभी एक आग्रह पर रास्ते में सुडीहा गाँव चलने को तैयार हो गए और गए भी। एक बार स्थानीय विधायक द्वारा डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल पर जहर देने का झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुख्यमंत्री ने स्वयं डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल से पुछा की पुलिस तगं कर रहा है। डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि आज तक एक चौकीदार तक नहीं आया है। डॉ. पटेल ने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि मुख्यमंत्री स्वयं लोगों से संवाद कर वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन विकास कार्यों और प्रशासनिक उपलब्धियों का निष्पक्ष मूल्यांकन होना चाहिए। बिहार के विकास, महिला सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधारों में नीतीश कुमार के योगदान को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर और बड़ी जिम्मेदारी देना देशहित में एक सकारात्मक कदम हो सकता है। अंत में डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि राजनीति केवल आरोप-प्रत्यारोप का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा और विकास की प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। जो नेता जनता के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने का कार्य करते हैं, उन्हें उचित सम्मान और जिम्मेदारी मिलनी चाहिए।

## टीबी-मुक्त बिहार के लिए मिशन मोड में काम करने के निर्देश



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने 'टीबी-मुक्त भारत अभियान' की समीक्षा करते हुए सभी विभागों और जिलाधिकारियों को 14 अगस्त 2026 तक 1 करोड़ लोगों की टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में 2.76 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य है, जबकि अब तक केवल 39 लाख (14 प्रतिशत) लोगों की ही जांच हो सकी है। मुख्य सचिव ने प्रत्येक प्रखंड में नोडल पदाधिकारी तैनात कर स्क्रीनिंग की नियमित निगरानी, 674 आरबीएसके मोबाइल हेल्थ टीमों के माध्यम से स्कूलों, छात्रावासों, महादलित टोलों और जेलों में विशेष जांच शिविर लगाने तथा सभी आंकड़ों को निक्षय पोर्टल पर प्रतिदिन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा, ग्रामीण विकास, अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण और पंचायती राज विभागों को अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ट्रूनेट और सीबीनेट जैसी आधुनिक तकनीकों से जांच, एक्स-रे की संख्या बढ़ाने तथा टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों के माध्यम से पोषण युक्त फूड बास्केट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी जिलाधिकारी इसकी साप्ताहिक समीक्षा करेंगे।

## खुसरूपुर में भरत भूषण तिवारी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित, लोगों ने दी भावभीनी विदाई

नई सोच एक्सप्रेस



**खुसरूपुर**।क्रांतिकारी शहीद भरत भूषण तिवारी के निधन पर शुक्रवार को मोसिमपुर , खुसरूपुर स्थित सामुदायिक भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रविदास स्वभिमान मंच एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा आयोजित इस सभा में सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा की शुरुआत भरत भूषण तिवारी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। युवाओं ने उनके चित्र के सामने मोमबत्ती जलाकर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्थानीय सरपंच दिनेश यादव ने कहा, "भरत जी भोजपुर इलाके के लिए प्रेरणा थे। शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने दर्जनों गरीब बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाया और हर बाढ़ में खुद नाव लेकर लोगों तक मदद पहुंचाई।" वहुजन समाजवादी पार्टी के विधायक प्रत्यासी डॉ अनिल कुमार यादव ने बताया कि शहीद भरत भुषन तिवारी की हत्या में शामिल पुलिस कर्मियों को स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा दिया जाए । विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र पासवान ने कहा कि भरत भुषन तिवारी वंचितों के आवाज थे उनके खून के एक एक कतरा इंकलाब लायेगा । अशोक दास ने कहा कि हम समाज के लिए जान देने के लिए तैयार है हर घर से भरत निकलेगा । मौके पर गांधीवादी प्रेम जी , सुनील कुमार, दिलीप कुमार समेत सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

## डीआरएम ने सोनपुर स्टेशन स्थित टावर वैगन, टावर वैगन शेड एवं ओएचई डिपो का किया गहन निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।सोनपुर मंडल में सुरक्षित,सुचारु एवं विश्वसनीय रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन द्वारा सोनपुर स्टेशन स्थित टावर वैगन, टावर वैगन शेड एवं ओएचई (ओवरहेड इक्विपमेंट) डिपो का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने टावर वैगन की तकनीकी स्थिति, अनुरक्षण व्यवस्था, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा कार्य निष्पादन प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने टावर वैगन के नियमित रखरखाव, समयबद्ध निरीक्षण एवं सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टावर वैगन शेड का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध अनुरक्षण सुविधाओं, उपकरणों के रखरखाव, कार्यस्थल की स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा, गुणवत्ता तथा दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। ओएचई डिपो के निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने ओवरहेड विद्युत प्रणाली के अनुरक्षण, आवश्यक स्पेयर सामग्री की उपलब्धता, निरीक्षण अभिलेखों तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि ओएचई परिसंपत्तियों का नियमित निरीक्षण एवं समयबद्ध अनुरक्षण सुनिश्चित किया जाए, जिससे रेल परिचालन सुरक्षित एवं निर्बाध बना रहे।

# 26 बिहार बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-IV का भव्य समापन

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।26 बिहार बटालियन एनसीसी, पटना के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय 'संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-IV' का सफल समापन हो गया। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में यह शिविर 21 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के 500 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का शुभारंभ कैंप कमांडर कर्नल शिशिर कुमार द्वारा कैंप के औपचारिक निरीक्षण के साथ हुआ। दस दिवसीय शिविर के दौरान कैडेट्स को शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, वेपन ट्रेनिंग (हथियार प्रशिक्षण) और फायरिंग जैसी कठिन सैन्य गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान पटना ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपक नायक (सेना मेडल) ने कैंप का निरीक्षण किया। ग्रुप मुख्यालय आगमन पर कैडेट्स ने उन्हें गरिमामयी 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर सम्मानित किया। कैंप कमांडर कर्नल शिशिर कुमार ने ग्रुप कमांडर को दस दिवसीय प्रशिक्षण की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराया। ब्रिगेडियर दीपक नायक ने ड्रिल प्रशिक्षण क्षेत्र, एम.आई. रूम (चिकित्सा कक्ष), कुक हाउस और मेस एरिया का गहन निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया। कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से कैडेट्स सामूहिक रहन-सहन, अनुशासन, खान-पान और कुशल प्रबंधन के गुण सीखते हैं, जो जीवन में बेहद उपयोगी हैं। शिविर में कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें: **आपदा प्रबंधन एवं मॉक ड्रिलः** ट्रैफिक कंट्रोल (यातायात नियंत्रण) और अग्नि सुरक्षा एसएसबी और अग्निवीर भर्ती प्रक्रियाओं से संबंधित करियर काउंसलिंग शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, कैडेट्स के बौद्धिक और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए कई बाह्य दौरों का आयोजन किया गया, जिसके तहत उन्हें बिहार रेजिमेंटल सेंटर दानापुर, पटना जू, साइंस सिटी और पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स स्टेडियम का भ्रमण कराया गया। शिविर समापन की पूर्व संध्या पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कैडेट्स ने लोक नृत्य, लोक गायन, देशभक्ति नाटक और कविता पाठ जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर के अंतिम दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया। कैंप कमांडर कर्नल शिशिर कुमार ने अपने समापन संबोधन में कैडेट्स को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, देशभक्ति की भावना और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ समर्पण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कैडेट्स से जीवन में सदैव सहयोग की भावना रखने और देश का एक योग्य व जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

## एक्सिस बैंक ने एम्स पटना को दी 22 लाख की नियोनेटल इन्क्यूबेटर मशीन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।एक्सिस बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत एम्स पटना के नवजात शिशु रोग (नियोनेटोलॉजी) विभाग को 22 लाख रुपये की अत्याधुनिक नियोनेटल इन्क्यूबेटर मशीन भेंट की। गुरुवार को आयोजित समारोह में एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल और एक्सिस बैंक के बिहार सर्किल हेड धीरज कुमार राय ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। यह इन्क्यूबेटर समय से पहले जन्मे और कम वजन वाले नवजात शिशुओं के शरीर का तापमान नियंत्रित रखने, संक्रमण के खतरे को कम करने तथा सुरक्षित वातावरण में बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में मदद करेगा। इस अवसर पर डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं धीरज कुमार राय ने कहा कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना बैंक की प्राथमिकता है और भविष्य में भी एम्स पटना के साथ ऐसी जनहितकारी पहल जारी रहेगी। समारोह में एम्स एवं एक्सिस बैंक के कई वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।बिहार के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित सामाजिक संगठनों में से एक रोटरी क्लब ऑफ पटना ने नए रोटरी वर्ष 2026–27 की पहली बैठक के अवसर पर डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे का गरिमामय आयोजन किया। इस अवसर पर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 15 प्रख्यात चिकित्सकों तथा 3 विशिष्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित चिकित्सकों में डॉ. सत्यजीत सिंह, डॉ. रविशंकर सिंह, डॉ. चिरंजीव खंडेलवाल, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. लाल बहादुर सिंह, डॉ अनुजा मिश्रा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. तन्वी सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. दयानिधि कुमार, डॉ. माला सिंह, डॉ. रवीन्द्र नाथ टैगोर, डॉ. शिप्रा भारती, तथा डॉ. आर. वी. सिंह शामिल थे। इसी अवसर पर सीए शैलेन्द्र कुमार, सीए अंजू शर्मा एवं सीए राजीव कुमार को भी चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने कहा कि चिकित्सक और चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के ऐसे स्तंभ हैं जो निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करते हैं। क्लब के सचिव डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि रोटरी का प्रत्येक नया वर्ष सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के नए संकल्प के साथ प्रारंभ होता है। आज जिन लोगों का सम्मान किया गया है, वे अपने-अपने क्षेत्र में समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कोषाध्यक्ष सरिता प्रसाद ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ पटना आने वाले वर्ष में स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण एवं सामाजिक कल्याण के अनेक जनहितकारी कार्यों को और अधिक गति देगा। सम्मान समारोह का संयोजन डॉ. अनामिका नंदन एवं डॉ. शिप्रा भारती द्वारा किया गया।

## बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज (BIIPP) 2025 की अवधि में हुआ विस्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।राज्य में औद्योगिक निवेश को निरंतर प्रोत्साहन देने तथा निवेशकों की बढ़ती अभिरुचि को देखते हुए उद्योग विभाग के बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज (BIIPP), 2025 की अवधि में विस्तार किया गया है। बिहार मंत्रिपरिषद ने उद्योग विभाग के इस महत्तवपूर्ण प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। पूर्व में यह पैकेज 30 जून 2026 तक प्रभावी था। अब इसकी अवधि 31 दिसम्बर 2026 अथवा नई औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2026 लागू होने की तिथि, जो भी पहले हो, तक बढ़ा दी गई है। इस निर्णय से राज्य में औद्योगिक निवेश की निरंतरता बनी रहेगी तथा नए एवं प्रस्तावित निवेशकों को प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। साथ ही, नई नीति लागू होने तक उद्योग स्थापना एवं निवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार का नीतिगत अंतराल नहीं आएगा, जिससे निवेशकों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा, " बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज (BIIPP), 2025 की अवधि बढ़ाने का निर्णय निवेशकों को एक स्थिर एवं भरोसेमंद नीतिगत वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नए निवेश आकर्षित होंगे, उद्योगों के विस्तार को गति मिलेगी तथा राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।" उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा, "निवेशकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया एवं अभिरुचि को देखते हुए पैकेज की अवधि का विस्तार किया गया है। उद्योग विभाग निवेशकों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं निवेशक-अनुकूल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।"

## संक्षिप्त समाचार

### रामगढ़वा में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार गिरफ्तार

**मोतिहारी।** रामगढ़वा थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत त्रिवेणी गांव में छापेमारी कर शराब के धंधे में संलिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, रामगढ़वा थाना कांड संख्या 322/26, दिनांक 1 जुलाई 2026 के तहत धारा 274 एवं 275 बीएनएस में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार्रवाई के दौरान त्रिवेणी गांव निवासी प्रभु पासवान एवं मोतीलाल मुखिया को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।वहीं, गांव में अवैध शराब की भट्ठी संचालित कर शराब बनाने के आरोप में पचू मांझी तथा अमिरका मांझी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से अवैध शराब के साथ शराब निर्माण में प्रयुक्त भट्ठी एवं अन्य उपकरण भी बरामद किए।आवश्यक पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रामगढ़वा थाना पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### कई अधिकारी व कर्मी का तबादला

**वैशाली।**अंचल कार्यालय व प्रखंड कार्यालय के अनेक पदाधिकारी एवं पंचायत कर्मियों का तबादला हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी गौरव कुमार का स्थानांतरण रोहतास हुआ है। नई सीओ के रूप में जिला बंदोबस्त कार्यालय में पदस्थापित निशा यादव राजापाकर अंचल के नए अंचलाधिकारी होंगी। वही अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व पदाधिकारी जूली कुमारी का स्थानांतरण नवादा में अंचलाधिकारी के पद पर हुआ है। प्रखंड के सभी राजस्व कर्मियों अमित कुमार मुनाजिर हुसैन बलबीर कुमार सूरज कुमार प्रियव्रत का भी स्थानांतरण किया गया है। जिनका जिले के ही अन्य प्रखंडो  में तबादला हुआ है। वहीं पंचायत सचिव के रूप में कार्यरत दिलीप कुमार सुमित कुमार गोपाल शर्मा का भी तबादला किया गया है। विदित हो कि राजापाकर प्रखंड के 13 पंचायतों में  तीन पंचायत सचिव के सहारे कार्य हो रहा था।

### राजापाकर के विवेक बीडीओ पद पर चयनित हुए



**वैशाली।** राजापाकर प्रखंड अंतर्गत हसनपुर बखरी निवासी विवेक कुमार पिता विनोद प्रसाद सिंह बीपीएससी 70 वीं परीक्षा में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर चयनित होने पर उनके पैतृक आवास पहुंचकर स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा सामाजिक-राजनैतिक संगठन से जुड़े लोगों ने सम्मानित किया है। समाजसेवी अजय मालाकार ने अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ, कलम व  महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर देकर सम्मानित किया है। इस दौरान हरेंद्र ठाकुर, दरोगा पासवान, अनिल राय, सुजीत कुशवाहा, अर्जुन पासवान समेत दर्जनों लोग शामिल हुए। लोगों ने कहा कि विवेक कुमार की यह उपलब्धि उनके संघर्ष समर्पण मेहनत लगन और माता-पिता गुरुजनों का आशीर्वाद का परिणाम है। युवाओं का प्रेरणा स्रोत है। परिवार में समाज एवं प्रखंड के लिए गर्व की बात है।

### कांटी के बीडीओ डॉ. आनंद कुमार विभूति को दी गई भावभीनी विदाई



**मुजफ्फरपुर।** कांटी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. आनंद कुमार विभूति के स्थानांतरण पर गुरुवार को जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य धर्मेंद्र साहू ने उन्हें मैथिली पाग, अंगवस्त्र और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में वक्ताओं ने डॉ. विभूति के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। धर्मेंद्र साहू ने कहा कि स्थानांतरण प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन डॉ. विभूति ने अपनी कार्यशैली और जनसेवा से विशेष पहचान बनाई है। अपने संबोधन में डॉ. आनंद कुमार विभूति ने समिति के सदस्यों और कांटी क्षेत्र के लोगों के सहयोग एवं स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला बीस सूत्री समिति के सदस्य और कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनस्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाओं को मिलेगी नई गति, डॉ. लवेश पांडेय बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी



**गया जी।** लोक न्याय एवं मानवाधिकार संस्थान ने संगठन के राष्ट्रीय विस्तार, जनस्वास्थ्य जागरूकता, चिकित्सा सेवा एवं सामाजिक कल्याण संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डॉ. लवेश पांडेय को चिकित्सा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।संस्थान द्वारा जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार यह निर्णय प्रमुख संरक्षक एवं मुख्य सचेतक माननीय कुलदीप सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय उपाध्याय के निर्देशन तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति एवं निर्देशानुसार लिया गया है।राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय उपाध्याय ने कहा कि डॉ. लवेश पांडेय चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय और समर्पित व्यक्तित्व हैं। उनकी सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, कार्यकुशलता तथा जनहित के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।संस्थान ने विश्वास व्यक्त किया है कि डॉ. पांडेय अपने अनुभव एवं सकारात्मक कार्यशैली के माध्यम से चिकित्सा प्रकोष्ठ को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही वे स्वास्थ्य जागरूकता, चिकित्सा सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी समन्वय एवं संचालन करते रहेंगे।नियुक्ति के साथ ही उन्हें चिकित्सा प्रकोष्ठ के संगठनात्मक विस्तार, जनसंपर्क, स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों के संचालन एवं समन्वय से संबंधित आवश्यक दायित्व एवं अधिकार भी प्रदान किए गए हैं।

# चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान बुजुर्ग यात्री गिरकर घायल, RPF ने बचाई जान

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी।** गया रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को सुबह एक बड़ा हादसा टला। 12330 डाउन आनंद विहार सियालदह संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान एक बुजुर्ग यात्री फिसलकर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच जा गिरा। रेलवे सुरक्षा बल  की तत्परता और ट्रेन स्टाफ की सूझबूझ से यात्री को सुरक्षित बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार 12330 डाउन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस सुबह 8:46 बजे गया स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर पहुंची थी। निर्धारित ठहराव के बाद सुबह 8:51 बजे ट्रेन धीरे-धीरे खुलने लगी। इसी दौरान मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) निवासी 72 वर्षीय राम लखन राम जो कोच एस-1 की बर्थ संख्या-12 पर आनंद विहार से सियालदह तक यात्रा कर रहे थे प्लेटफॉर्म पर खाने पीने का सामान लेने के लिए उतरे थे।ट्रेन अपने निर्धारित समय समय पर खुल चुका था।राम लखन राम चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगे इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच ट्रैक पर गिर पड़े।घटना को देख ऑन-ड्यूटी ट्रेन मैनेजर ने तत्काल प्रेशर ड्रॉप कर ट्रेन को रोक दिया। सूचना मिलते ही आरपीएफ गया के ड्यूटी अधिकारी उपनिरीक्षक विकास कुमार उपनिरीक्षक इंद्र कुमार, सहायक उपनिरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला, प्रधान आरक्षक मनीष कुमार एवं अन्य जवान मौके पर पहुंचे। यात्रियों के सहयोग से घायल को सुरक्षित बाहर निकाल कर प्राथमिक उपचार देने के बाद निजी वाहन से रेलवे अस्पताल गया भेजा गया।बताया जाता है कि रेलवे अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए घायल यात्री को मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान घायल के परिजन सुशांत हेम्ब्रम भी उनके साथ मौजूद रहे।घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों से अपील की कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास कभी न करें।थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

## भाजपा द्वारा डिजिटल प्रशिक्षण दिया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**वैशाली।**राजापाकर प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक बेलकुंडा चौक स्थित एसजी निकेतन विद्यालय के परिसर में गुरुवार को हुई।जिसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष हरेंद्र साह ने की व संचालन जिला प्रवक्ता सह किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मन की बात व डिजिटल प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश कार्य समिति सदस्य व समस्तीपुर के प्रभारी संजय कुमार सिंह ने पार्टी के विस्तार और सरकार के उपलब्धियां को बताया। कार्यक्रम कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रेम रंजन दास ने कार्यकर्ताओं को मन की बात को सत्य प्रतिशत सुनने पर जोर दिया। जिला आईटी सेल के संयोजक निखिल कुमार बंटी ने डिजिटल प्रशिक्षण पर विस्तार से कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रकाश डाला। बैठक में लगभग 30 कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर  जिला युवा मोर्चा के महामंत्री शानू झा,प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू चौधरी, मिथिलेश सिंह, हरिशंकर कुमार गुड्डू, जगन्नाथ सिंह, मुन्ना कुमार, सोमनाथ झा, हरिवंश मिश्रा आदि उपस्थित थे।वहीं बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरेश कुमार को  पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी गई।

## तीन हजार लीटर संदिग्ध पेट्रोल के साथ पिकअप जब्त, चालक-उपचालक गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया।**मझौलिया थाना क्षेत्र के बखरिया-थवइया चौक स्थित राजघाट पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की देर रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब तीन हजार लीटर संदिग्ध पेट्रोल से लदे एक पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। इस दौरान वाहन के चालक और उपचालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।जानकारी के अनुसार, राजघाट पेट्रोल पंप के मालिक सह पेट्रोलियम एसोशिएशन जिला अध्यक्ष अरुण कुमार ने पुलिस को संदिग्ध परिस्थितियों में पेट्रोल ले जाए जाने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयप्रकाश मौर्य एवं सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार ओझा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वाहन की जांच शुरू की। जांच के दौरान पिकअप वाहन में बड़ी मात्रा में संदिग्ध पेट्रोल बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।प्रारंभिक जांच में बरामद तेल के संदिग्ध होने की आशंका जताई जा रही है। आपूर्ति पदाधिकारी ने तेल का नमूना सुरक्षित रख लिया है । जिसे जांच के लिए संबंधित प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बरामद तेल की गुणवत्ता क्या है और वह पेट्रोल है या कोई अन्य पदार्थ।पुलिस ने गिरफ्तार चालक पहलाद कुमार, पिता सुरेंद्र सिंह, एवं उपचालक गौतम कुमार, पिता उपेंद्र सिंह यादव, दोनों निवासी जिला नालंदा, से पूछताछ शुरू कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि पेट्रोल कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति कहां की जानी थी थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि वाहन को जब्त कर दोनों आरोपितों को हिरासत में लिया गया है। आपूर्ति पदाधिकारी के आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गया में अन्तर्वाहिनी आर्म-रेसलिंग प्रतियोगिता संपन्न, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी।** 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी)गया परिसर में गुरुवार को अन्तर्वाहिनी आर्म-रेसलिंग प्रतियोगिता-2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) एसएसबी गया के अधीन 16वीं, 26वीं, 29वीं, 32वीं एवं 35वीं वाहिनी के कुल 30 खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल अनुशासन आत्मविश्वास एवं खेल भावना का परिचय देते हुए रोमांचक मुकाबले खेले। फाइनल मुकाबलों में 60 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में 35वीं वाहिनी चतरा झारखंड के आरक्षी आर्यन सिंह विजेता बने। 70 से 80 किलोग्राम भार वर्ग में 26वीं वाहिनी, रांची  के आरक्षी (सामान्य) अक्षय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में 29वीं वाहिनी गया के आरक्षी (सामान्य) विवेक विशाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।समापन समारोह में 29वीं वाहिनी एसएसबी गया के उप कमांडेंट श्री रवि भूषण ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं खेल भावना के लिए पदक प्रदान किए गए।कार्यक्रम में 29वीं वाहिनी एसएसबी के उप कमांडेंट (चिकित्सा) डॉ. कन्नन हरिदास सहित वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी एवं बलकर्मी उपस्थित रहे।

## मारपीट का एफआईआर दर्ज



नई सोच एक्सप्रेस

» मारपीट कर एक पक्ष से तीन लोगों को किया जख्मी

**हरनौत।**नालंदा जिले के हरनौत थाना अंतर्गत सबनहुआडीह में मारपीट की घटना बृहस्पतिवार को घटी है।एक पक्ष से तीन लोगों को मारपीट जख्मी कर दिया। आनन-फानन में उपचार के लिए कल्याण विगहा में स्थित रेफरल अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करवाया गया। जख्मी में सबनहुआडीह गांव के निवासी शरण यादव के पत्नि रानी देवी एवं उनके दो पुत्रियां शामिल हैं।वहीं सबनहुआडीह के निवासी शरण यादव के पत्नि रानी देवी ने हरनौत थाना में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने गांव के ही संतोष यादव एवं उनके पत्नी सुनैना देवी एवं पुत्र ओमप्रकाश कुमार पर मारपीट ,गाली-गलौज, आंख फोड़ने के नियत से आंख पर हमला ,घमकाने सहित अन्य का आरोप लगा लगाया है। उन्होंने मारपीट के बाद जाते वक्त सोने के लॉकेट एवं चैन चीन का भी आरोप लगाया है।वहीं थाने में तैनात एसआई  विकेश कुमार महतो ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## पूर्वी चंपारण में दो दिवसीय बिहार राज्य अंडर-23 कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न, 30 जिलों के पहलवानों ने दिखाया दमखम

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी।**पूर्वी चंपारण जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय बिहार राज्य अंडर-23 कुश्ती प्रतियोगिता 29 से 30 जून तक पूर्वी चंपारण खेल भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बिहार के 30 जिलों से आए अंडर-23 वर्ग के पहलवानों ने विभिन्न भार वर्गों में भाग लेकर अपने कौशल, तकनीक और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया।दो दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य के उभरते पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध कराना तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर खिलाड़ियों का चयन करना रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार कुश्ती संघ के महासचिव विनय कुमार सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी चंपारण कुश्ती संघ के अध्यक्ष सुधाकर दुबे ने की।इस अवसर पर जिला खेल प्राधिकारी, पूर्वी चंपारण के शुभम कुमार, उप महापौर लालबाबू गुप्ता, भाजपा युवा अध्यक्ष बबलू पासवान, कुश्ती संघ के सचिव रवि कुमार, संयुक्त सचिव अमित सिंह तथा संघ के पदाधिकारी विनोद कुमार जायसवाल, प्रीति पांडे, रवि भूषण पांडे, सुनील कुमार शर्मा, नागमणि कुमार और कृष्ण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।आयोजकों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 15 गायों से लदी पिकअप जब्त, चालक फरार



नई सोच एक्सप्रेस

**बेतिया।**मझौलिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 गायों से लदी एक पिकअप वैन को जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन के माध्यम से अवैध रूप से गायों की तस्करी की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद नानोसती चौक पुलिस चौकी के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान संदिग्ध पिकअप रजिस्ट्रेशन संख्या BR22GC7841 को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस की कार्रवाई देख चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 15 गायें लदी मिलीं। पुलिस ने सभी गायों को सुरक्षित कब्जे में लेते हुए पिकअप को जब्त कर मझौलिया थाना लाया। गायों की देखभाल की व्यवस्था की गई है तथा उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखने की प्रक्रिया जारी है।थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। वाहन के स्वामित्व और तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि पशु तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## जहानाबाद के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक फिदा हुसैन के एकलौते पुत्र सैयद मुख्तार हुसैन का निधन

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** पटना के एम्स अस्पताल में 23 जून को सैयद मुख्तार हुसैन का निधन हो गया। उनकी याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्थानीय होटल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हुसैन परिवार एवं उनके सुपुत्र और कांग्रेसी नेता सैयद कामरान हुसैन ने पुष्पांजलि करते हुए किया। इस कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के प्रांतीय नेता अशोक कुमार प्रियदर्शी ने किया। इस मौके पर जिलें भर के तमाम बड़े नेता, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, साहित्यकार, मीडिया बन्धु, कलाकार, व्यवसायी और शहर के आम जनता ने उपस्थित होकर उनके तैल चित्र पर नम आंखों से माल्यार्पण किया।  श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए गणमान्य लोगों ने कहा कि मरहूम सैयद मुख्तार हुसैन एक हंसमुख मृदुभाषी और सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे। वह हमेशा अपने पिता के तरह आम जनता से जुड़े रहते थे। उन्हें सभी जाति धर्मों के लोगों के साथ बराबरी का भाव रखते थे। सादा जीवन और सत्य विचार के साथ राजनीति में सक्रिय थे। कांग्रेस के प्रति उनकी गहरी आस्था थी। बदलते राजनीतिक माहौल में कुछ समय के लिए अन्य दलों के साथ भी जुड़े रहे थे। श्रद्धांजलि सभा में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि आज हम महान स्वतंत्रता सेनानी फिदा हुसैन के धरती पर मौजूद हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि  उनके पुत्र मरहूम सैयद मुख्तार हुसैन को सच्चे मन से श्रद्धांजलि देते हुए मन काफी उदास है। वह एक सादा जीवन जीने वाले और सभी के काम आनेवाले नेता थे। भारत सरकार के पूर्व मंत्री शकील अहमद, पूर्व मंत्री अवधेश सिंह, पूर्व सांसद डॉ जगदीश शर्मा, पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार सहित सैंकड़ों लोग शामिल हुए।

## ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से सेना के जवान अवधेश कुमार का निधन

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** जिले के पुनीत बिगहा गांव के रहने वाले भारतीय सेना के जवान अवधेश कुमार का ड्यूटी के दौरान हृदयाघात से निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों के लोग पहुंचे। अंतिम यात्रा के दौरान नम आंखों से लोगों ने अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अवधेश कुमार पुनीत बिगहा गांव निवासी किसान स्वर्गीय प्रभु यादव के एकलौते पुत्र थे। वर्ष 2012 में उनका चयन भारतीय सेना में हुआ था। वर्तमान में उनकी तैनाती दिल्ली में थी। ड्यूटी के दौरान अचानक हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अवधेश कुमार अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके असामयिक निधन से परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पार्थिव शरीर के गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए लोगों की लंबी कतार लग गई। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। सभी ने वीर जवान की राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि अवधेश कुमार ने देश सेवा को सदैव सर्वोपरि रखा। उनका अनुशासित, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके निधन से न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र ने अपना एक कर्तव्यनिष्ठ, साहसी और होनहार सपूत खो दिया है।

संक्षिप्त समाचार

## नालंदा में 22 हजार रिश्वत लेते लिपिक गिरफ्तार



**नालंदा।** जिले के हिलसा अनुमंडल कार्यालय में बुधवार की देर शाम निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रधान सहायक (प्रधान लिपिक) को 22 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के दौरान उनके एक सहयोगी सुनील चौधरी को भी हिरासत में लिया गया है। दोनों को पूछताछ के लिए पटना ले जाया गया है।निगरानी डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि हिलसा निवासी दिलीप नारायण सिंह ने 19 जून को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एक मामले के निपटारे के लिए प्रधान सहायक द्वारा 22 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत प्राप्त होने के बाद निगरानी ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए।जांच के बाद विशेष धावा दल का गठन किया गया। पूर्व निर्धारित योजना के तहत शिकायतकर्ता को रिश्वत की राशि देने के लिए भेजा गया। जैसे ही प्रधान सहायक ने 22 हजार रुपये की रिश्वत ली, निगरानी टीम ने उन्हें मौके पर ही रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान कार्यालय में मौजूद उनके सहयोगी सुनील चौधरी को भी हिरासत में ले लिया गया। कार्रवाई के बाद निगरानी टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ पटना ले गई, जहां उनसे आगे की पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।अचानक हुई इस कार्रवाई से अनुमंडल कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग कार्यालय परिसर में जुट गए और काफी देर तक घटना चर्चा का विषय बनी रही।निगरानी की इस कार्रवाई में डीएसपी शशिशेखर कुमार, इंस्पेक्टर डी.एल. श्रीवास्तव, आशीष चौबे, राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

## दो ट्रकों की सीधी टक्कर में चालक जख्मी, घंटों सड़क जाम



**नालंदा।** जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहारशरीफ-दनियावां मुख्य मार्ग पर आज गुरुवार तड़के दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक दूसरे ट्रक के ऊपर चढ़ गया, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक ट्रक तिलैया से फतुहा की ओर जा रहा था जबकि दूसरा ट्रक बिहारशरीफ की ओर से आ रहा था। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने के कारण दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने दोनों घायल चालकों को क्षतिग्रस्त ट्रकों से बाहर निकालकर तत्काल नूरसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। दुर्घटना के कारण बिहारशरीफ-दनियावां मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात को सामान्य कराया गया। नूरसराय थाना के एएसआई शंभू कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया था। वहीं, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष से आवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज जारी है।

## अज्ञात युवक का मिला शव, पुलिस मामले की जांच में जुटी



**अररिया ।** सिमराहा थाना क्षेत्र के बोकड़ा पंचायत स्थित थरिया बकिया वार्ड संख्या 13 में गुरूवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई।सड़क के किनारे खेत में मिले शव को स्थानीय लोगों ने देखकर सिमराहा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर सिमराहा थानाध्यक्ष प्रेम कुमार भारती पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया है। शव की शिनाख्त में पुलिस लगी है और सोशल मीडिया सहित अगल बगल के जनप्रतिनिधियों को तस्वीर भेजकर पहचान की कोशिश की जा रही है। शव को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को खेत में जाने के क्रम में अज्ञात युवक का शव दिखाई दिया। ऐसा लग रहा था कि किसी ने हत्या कर यहां फेंका हो।जिसके बाद गांव में अज्ञात शव मिलने की जानकारी आग के समान फैल गई। जिसके बाद सिमराहा थानाध्यक्ष को जानकारी दी गई और फिर थानाध्यक्ष प्रेम कुमार भारती पुलिस अधिकारी और बलों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भिजवाया। मामले पर सिमराहा थानाध्यक्ष प्रेम कुमार भारती ने कहा कि शव शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।हत्या या गिरने से मौत हुई है, इसकी सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सीवान में ओपन आरटी-पीसीआर परियोजना शुरू, अब बिना लक्षण वाले लोगों की भी होगी टीबी जांच

नई सोच एक्सप्रेस



**सीवान।** देश से क्षय रोग के उन्मूलन की दिशा में सीवान सदर अस्पताल ने नई पहल शुरू की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग के निर्देश पर गुरुवार को सदर अस्पताल के आरटी-पीसीआर लैब में ओपन आरटी-पीसीआर परियोजना का शुभारंभ किया गया। सात सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने लैब कर्मियों को क्वांटिप्लस एमटीबी फास्ट डिटेक्शन किट से टीबी जांच का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद बलगम के नमूनों की ट्रायल जांच कर परियोजना की शुरुआत की गई। परियोजना के तहत अब ऐसे लोगों की भी टीबी जांच की जाएगी, जिनमें बीमारी के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं हैं। इनके स्पुटम का मॉलिक्यूलर परीक्षण कर शुरुआती चरण में ही संक्रमण की पहचान की जाएगी, ताकि समय पर इलाज शुरू कर संक्रमण की श्रृंखला को रोका जा सके। केंद्रीय टीबी प्रभाग के प्रोग्राम मैनेजर वरुण श्रीवास्तव ने बताया कि इस परियोजना के तहत असिम्प्टोमैटिक लेकिन टीबी के प्रति अधिक संवेदनशील लोगों के नमूने लिए जाएंगे। इनमें मधुमेह, किडनी रोग, एचआईवी, उच्च रक्तचाप तथा अन्य गंभीर सह-रोगों से पीड़ित व्यक्ति शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के तुरंत बाद जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह परिचालन व्यवहार्यता अध्ययन केंद्रीय टीबी प्रभाग के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसमें स्वदेशी क्वांटिप्लस एमटीबी फास्ट डिटेक्शन किट, जिसे आईसीएमआर एवं सीडीएससीओ से मंजूरी प्राप्त है, के माध्यम से थूक के नमूनों में माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस कॉम्प्लेक्स की पहचान की जाएगी। विलियम जे. क्लिंटन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित इस पायलट परियोजना के लिए बिहार में केवल दो प्रयोगशालाओं पटना और सीवान का चयन किया गया है।परियोजना के तहत सदर अस्पताल में ओपीडी मरीजों तथा सक्रिय टीबी खोज अभियान के दौरान एकत्रित स्पुटम नमूनों की जांच निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार की जाएगी। उन्होंने बताया कि परियोजना में उपयोग होने वाली आरटी-पीसीआर किट एवं अन्य उपभोग्य सामग्रियों का पूरा खर्च गेट्स फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से वहन किया जाएगा। इससे सदर अस्पताल अथवा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। परियोजना के संचालन के लिए आरटी पीसीआर के माइक्रो बायोलॉजिस्ट तौसीफ रजा,सीनियर लैब टेक्नीशियन प्रदीप कुमार के अतिरिक्त लैब टेक्नीशियन मो. मोदस्सर हुसैन और शंभूनाथ सिंह की तैनाती की गई है। वहीं गौतम कुमार को राज्य स्तरीय समन्वयक एवं प्रमुख संपर्क अधिकारी बनाया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डब्ल्यूजेसीएफ के डॉ. आनंद, फैजुल हसन एवं नदीम हसन ने लैब कर्मियों को नई जांच प्रणाली की तकनीकी जानकारी दी। वहीं जिला टीबी कार्यक्रम के डिस्ट्रिक्ट सुपरवाइजर पंकज कुमार सिंह परियोजना के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना टीबी की त्वरित और सटीक पहचान में मील का पत्थर साबित होगी तथा भविष्य में देशभर में ओपन आरटी-पीसीआर तकनीक के विस्तार का आधार बनेगी। सीडीओ डॉ. अशोक कुमार ने कहा, "ओपन आरटी-पीसीआर परियोजना से टीबी की जल्द पहचान संभव होगी। बिना लक्षण वाले जोखिमग्रस्त लोगों की जांच से समय पर उपचार शुरू किया जा सकेगा, जिससे टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूती मिलेगी।"

## लूट कांड का खुलासाः पांच आरोपी गिरफतार

नई सोच एक्सप्रेस



**दरभंगा।** जिला के नेहरा थाना क्षेत्र में एक जून की रात हुई लूट की घटना का पुलिस ने एक माह के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल, सोने की हनुमानी तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। वहीं चार अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बेनीपुर) वासुकीनाथ झा ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर नेहरा थाना पुलिस ने सबसे पहले सकरी थाना क्षेत्र के नरपत नगर निवासी टुनटुन चौपाल को लूटे गए मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने मोबाइल पंकज साहू को बेचने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने पंकज साहू को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर पंडौल थाना क्षेत्र के नवटोलिया निवासी आशीष कुमार दास को गिरफ्तार किया गया तथा उसके घर से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पंडौल थाना क्षेत्र के दुर्गानंद ठाकुर तथा भालपट्टी थाना क्षेत्र के गोविंद कुमार चौपाल को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सभी गिरफ्तार आरोपियों ने लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में प्रकाश मंडल, साकेत कुमार, रौशन कमती तथा ब्रह्मदेव कुमार दास अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि एक जून की रात करीब 10:30 बजे नेहरा-लुल्हवा चौक के पास तरौनी गाछी नहर सड़क पर आइसक्रीम विक्रेता लाल बाबू महतो से बदमाशों ने मोबाइल, सोने की हनुमानी सहित अन्य सामान लूट लिया था। पीड़ित के बयान पर नेहरा थाना में कांड संख्या 77/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी।

## नालंदा में अवैध बालू खनन के दौरान धंसी मिट्टी, दबकर किशोर की मौत

नई सोच एक्सप्रेस



**नालंदा, बिहारशरीफ ।** नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत महमदपुर गांव में गुरुवार को अवैध बालू खनन के दौरान मिट्टी व बालू धंसने से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गई। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के दरियासराय मुसहरी गांव निवासी मनोज चौधरी के पुत्र रौशन चौधरी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नदी से ट्रैक्टर पर अवैध बालू लोड किया जा रहा था। तभी बालू का बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया और रौशन उसकी चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से बालु का अवैध खनन हो रहा है। अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ग्रामीण सड़कों से गुजरते हैं, जिससे सड़कें भी जर्जर हो गई हैं। गिरियक थाना के थानाध्यक्ष निशांत भूषण ज्ञानेंदु ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला अवैध खनन से जुड़ा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है।

## मछली हाट में गंदगी का अंबार, दुर्गंध से लोग परेशान; नगर परिषद ने जांच और कार्रवाई का दिया भरोसा

नई सोच एक्सप्रेस



**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मेला ग्राउंड स्थित मुख्य मछली हाट में इन दिनों साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। हाट परिसर और उसके आसपास दुकानदारों द्वारा मांस, मछली और मुर्गे के अवशेष खुले में फेंके जाने से पूरा इलाका गंदगी के ढेर में तब्दील हो गया है। उचित डंपिंग यार्ड की व्यवस्था नहीं होने से उठने वाली असहनीय दुर्गंध ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मछली हाट के ठीक बगल से होकर मचहा-कुशहा को जोड़ने वाली मुख्य पक्की सड़क गुजरती है, जो सीधे मधेपुरा जिले की सीमा तक जाती है। इस अंतरजिला मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग और वाहन चालक गुजरते हैं, लेकिन सड़ांध और गंदगी के कारण उन्हें नाक बंद कर सफर करना पड़ रहा है।मछली हाट से कुछ ही दूरी पर स्थित अनुग्रहनारायण सिंह अनुपलाल (एएल) महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को भी इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी और शिक्षक इसी रास्ते से गुजरते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है।तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण खुले में फेंके गए मांस और अन्य जैविक अवशेष कुछ ही घंटों में सड़ जाते हैं। इससे इलाके में मक्खियों और आवारा पशुओं का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी उत्पन्न हो गया है।हाट में आने वाले लोगों का आरोप है कि नगर परिषद की ओर से न तो बड़े सामुदायिक डस्टबिन उपलब्ध कराए गए हैं और न ही समय पर कचरा उठाने वाली गाड़ियां पहुंचती हैं। खुले में पशु वध किए जाने और उनके खून व अपशिष्टों को नालियों में बहाए जाने से स्थिति और भी बदतर हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महीनों से हाट परिसर में ब्लीचिंग पाउडर या एंटी-बैक्टीरियल दवाओं का छिड़काव भी नहीं किया गया है। बढ़ते जन-आक्रोश के बीच स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद प्रशासन से मछली एवं मवेशी हाट की प्रतिदिन सुबह-शाम विशेष सफाई, जैविक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण, नियमित रूप से एंटी-लार्वा लिक्विड और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तथा खुले में मांस काटने वाले दुकानदारों के लिए ढके हुए केबिन की अनिवार्यता लागू करने की मांग की है।इस संबंध में त्रिवेणीगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राज साहिल ने बताया कि अब तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी। हालांकि, समाचार के माध्यम से मामला सामने आने के बाद इसे गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने बताया कि सिटी मैनेजर और मुख्य स्वच्छता पदाधिकारी को तत्काल मछली हाट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। हाट परिसर की विशेष सफाई कराई जाएगी और लापरवाही बरतने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बाबा कुशेश्वरस्थान धाम पहुंचे जिलाधिकारी, मंदिर व्यवस्था में सुधार व निष्पक्ष जांच की उठी मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**दरभंगा।** जिला के बाबा कुशेश्वरस्थान धाम पहुंचे जिलाधिकारी राजीव रौशन एवं उनके परिवार का श्रद्धालुओं तथा स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिर की व्यवस्था में सुधार तथा कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मंदिर की व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए राम मंदिर की तर्ज पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन में वर्तमान जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए बाहरी एजेंसी से जांच कराने की मांग की गई। ऋषभ कुमार एवं हंसिका कश्यप सहित अन्य लोगों ने कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। ज्ञापन के अंत में श्रद्धालुओं ने जिला पदाधिकारी एवं उनके परिवार के सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करते हुए बाबा कुशेश्वरनाथ से धाम को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## एसपी ने दो थानों का किया औचक निरीक्षण, लंबित मामलों के जल्द निपटारे के दिए निर्देश

» गोबर्धना व चिउटाहां थाना पहुंचे राजेश कुमार, पुलिसिंग में पारदर्शिता और जनसुनवाई पर दिया जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**बगहा(नगर संवाददाता)।** अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बुधवार देर शाम गोबर्धना और चिउटाहां थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने तथा तय समय सीमा के भीतर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने थानाध्यक्षों और अनुसंधान पदाधिकारियों से लंबित कांडों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मामलों की निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण जांच कर समय पर निष्पादन किया जाए।एसपी ने थाना स्तर पर आम लोगों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण और बेहतर व्यवहार पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए।उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि स्थानीय स्तर पर संवाद मजबूत होने से विवादों का समय रहते समाधान होगा और अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। एसपी ने साफ कहा कि पुलिस विभाग की छवि खराब करने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। किसी पुलिसकर्मी के खिलाफ अनुशासनहीनता, दुर्व्यवहार या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ आम लोगों की सुरक्षा और भरोसा बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पुलिसकर्मी ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था और अधिक प्रभावी बन सके।यह कॉपी

## बारिश से पहले एक्शनः नालियों से हटाया अतिक्रमण, जलनिकासी दुरुस्त करने में जुटा नगर परिषद

नई सोच एक्सप्रेस



» एसडीएम के निर्देश पर वार्ड-31 में जेसीबी से हटाई मिट्टी, पूरे मानसून के लिए निगरानी टीम बनाई गई

**बगहा(नगर संवाददाता)।** मानसून के दौरान शहर में जलजमाव की समस्या से बचाव के लिए नगर परिषद ने नालियों की सफाई और अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज कर दिया है। एसडीएम के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में जलनिकासी बाधित करने वाले अतिक्रमण चिह्नित कर हटाए जा रहे हैं, ताकि बारिश के दौरान पानी का बहाव सुचारु बना रहे। अभियान के तहत वार्ड संख्या-31 में एनएच के समीप डॉ. रिजवान के घर के पास नाली पर डाली गई मिट्टी को जेसीबी और सफाईकर्मियों की मदद से हटाया गया। इसके बाद पूरी नाली की सफाई कर जलनिकासी व्यवस्था बहाल कर दी गई।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने बताया कि शहर में ऐसे सभी स्थानों का सर्वे कराया जा रहा है, जहां नालियों पर अतिक्रमण या मिट्टी डालकर जलनिकासी बाधित की गई है। चिन्हित स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। साथ ही लोगों को दोबारा नालियों पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी जा रही है।उन्होंने बताया कि हाल ही में एसडीएम ने नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान वार्ड-31 के अलावा अनुमंडल कार्यालय के पीछे स्थित नाले में गंदगी और जलनिकासी की समस्या मिलने पर तत्काल सफाई के निर्देश दिए गए थे। उसी के बाद से संबंधित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।कार्यपालक पदाधिकारी के अनुसार, पूरे बरसात के मौसम में नालियों की नियमित सफाई और निगरानी के लिए नगर परिषद की विशेष टीम गठित की गई है। टीम प्रतिदिन वार्डों का निरीक्षण करेगी और जहां भी जलनिकासी में रुकावट या अतिक्रमण मिलेगा, वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी।नगर परिषद का कहना है कि अभियान का उद्देश्य शहर को जलजमाव से मुक्त रखना, जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाना और बारिश के दौरान लोगों को होने वाली परेशानी को कम करना है। इसके लिए सफाई और अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मज़ाक जैसा महसूस हुआ

अमेरिका के हालिया व्यवहार को ध्यान में रखें, तो ट्रंप का यह कहना कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, हमला होने पर अमेरिका भारत की मदद के लिए खड़ा होगा, मज़ाक जैसा महसूस हुआ है! नरेंद्र मोदी से डॉनल्ड ट्रंप की मुलाकात से कुछ घंटे पहले ही अमेरिकी युद्ध मंत्रालय ने अपने इंडो-पैसिफिक कमांड के नाम से 'इंडो' शब्द हटा दिया। अब उसे यूएस पैसिफिक कमांड के पुराने नाम से जाना जाएगा। 2018 में ट्रंप-1 प्रशासन ने जब इंडो-पैसिफिक नाम रखा, तब तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री जेम्स मैटिस ने कहा था- 'हम हिंद महासागर, भारतीय उपमहाद्वीप, और निश्चित रूप से खुद भारत के बढ़ रहे महत्त्व को समझने की जरूरत है। इसलिए मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं नाम यथार्थ को प्रतिबिंबित करे।' ट्रंप-2 प्रशासन की निगाह में वो यथार्थ बदल गया है- यह उसके नए राष्ट्रीय सुरक्षा दस्तावेज से जाहिर हो गया था, जिसमें भारत का उल्लेख संदर्भवश हुआ। ट्रंप के व्यवहार और उनके प्रशासन के कदमों का सार भी यही है कि उनकी रणनीतिक सोच में भारत की पहले जैसी अहमियत नहीं रही। आठ साल पहले चीन को घेरना और उसका उदय रोकना अमेरिका की प्राथमिकता बनी थी। ट्रंप-2 प्रशासन का आकलन है कि चीन महाशक्ति बन चुका है और अब चुनौती उसके साथ तालमेल बनाकर टकराव टालने की है। इसीलिए अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान ट्रंप 'रणनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने वाले रचनात्मक संबंध' के चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रस्ताव पर सहमत हो गए।

चीन के राष्ट्रपति से अपनी मुलाकात को उन्होंने जी-2 कहना शुरू किया है। जी-7 शिखर बैठक के मौके पर फ्रांस के एवियन में हुई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मोदी की मौजूदगी में उन्होंने सितंबर में तय जी-2 बैठक का जिक्र किया। तो यह साफ है कि अमेरिकी रणनीति में भारत का महत्त्व चीन को घेरने की उसकी प्राथमिकता के तहत बढ़ा था। अब चूंकि प्राथमिकता बदल गई है, तो क्वॉड जैसे समूह या इंडो-पैसिफिक जैसे फौरी जरूरत के हिसाब से अपनाए गए नाम उसके लिए अप्रासंगिक हो गए हैं। अब उसकी प्राथमिकता है भारत से अधिकतम कीमत वसूलना। ऐसे में मोदी से मुलाकात के दौरान ट्रंप का प्रधानमंत्री को सबसे खूबसूरत व्यक्ति और कातिलाना शख्स कहना या यह कहना कि जब तक मोदी प्रधानमंत्री हैं, हमला होने पर अमेरिका भारत की मदद के लिए खड़ा होगा, मज़ाक के जैसा महसूस हुआ है!

# स्वास्थ्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार: क्या स्वस्थ भारत का सपना अधूरा रह जाएगा?



आरती कुमारी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प दोहराते रहे हैं। केंद्र सरकार ने डिजिटल पारदर्शिता, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), ई-टेंडरिंग, सरकारी खरीद की निगरानी और जवाबदेही बढ़ाने जैसे अनेक कदम उठाए हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य क्षेत्र ऐसा संवेदनशील क्षेत्र बना हुआ है, जहां समय-समय पर सामने आने वाले घोटाले यह संकेत देते हैं कि भ्रष्टाचार की जड़ें अभी भी गहरी हैं। यह स्थिति इसलिए और अधिक गंभीर है क्योंकि यहां भ्रष्टाचार का सीधा असर नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य पर पड़ता है। स्वस्थ नागरिक किसी भी विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रशिक्षित चिकित्सक, गुणवत्तापूर्ण दवाएं और पारदर्शी स्वास्थ्य व्यवस्था अनिवार्य है। किंतु वास्तविकता यह है कि देश के अनेक हिस्सों में सरकारी अस्पतालों की बदहाली और निजी अस्पतालों में महंगे इलाज का बोझ आम नागरिकों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। तकनीक आधारित पंजीकरण और उपचार व्यवस्था लागू होने के बावजूद मरीजों को लंबी प्रतीक्षा, जांच में देरी, दवाओं की कमी और इलाज के नाम पर आर्थिक शोषण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हाल ही में दिल्ली सरकार की सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (CPA) में दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों की खरीद से जुड़ा 650 करोड़ रुपये से अधिक का कथित घोटाला सामने आया है। प्रारंभिक जांच में सरकारी अस्पतालों के लिए दवाओं, चिकित्सा उपकरणों, चादरों, एक्स-रे मशीनों तथा एनेस्थीसिया से जुड़े आवश्यक उपकरणों की खरीद में गंभीर अनियमितताओं के संकेत मिले हैं। इस मामले ने सरकारी खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इससे पहले फरवरी 2025 में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट ने भी दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था की कई कमियों को उजागर किया था। रिपोर्ट में सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों, नर्सों तथा पैरामेडिकल कर्मचारियों की भारी कमी, दवाओं की खरीद में अनियमितताएं, मरीजों को निम्न गुणवत्ता की दवाएं उपलब्ध कराना तथा ब्लैकलिस्ट और प्रतिबंधित कंपनियों से दवा खरीदने जैसे गंभीर आरोप सामने आए थे। अस्पतालों की प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी भी दर्ज की गई थी। बड़ा सवाल यह है कि कैग की रिपोर्ट में सामने आई अनियमितताओं पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई कितनी हुई और यदि हुई तो उसके परिणाम क्या रहे? स्वास्थ्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार की समस्या केवल सरकारी खरीद तक सीमित नहीं है। देश के विभिन्न राज्यों में नकली और निम्न गुणवत्ता वाली दवाओं के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। विगत वर्षों में नकली और जहरीले कफ सिरप से मध्यप्रदेश तथा राजस्थान सहित कई राज्यों में बच्चों की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया था। ऐसे मामलों ने यह साबित किया कि दवा निर्माण, गुणवत्ता परीक्षण और निगरानी व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर खामियां मौजूद हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) और विभिन्न राज्यों की ड्रग अथॉरिटीज द्वारा जारी ड्रग अलर्ट भी चिंता बढ़ाते हैं। जनवरी 2025 में जारी रिपोर्ट में 135 दवाओं के नमूने गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे। इनमें सर्दी, खांसी, एलर्जी, दर्द निवारण और अन्य सामान्य बीमारियों में उपयोग होने वाली दवाएं शामिल थीं। मार्च 2025 में 145 दवाओं के नमूने फेल पाए गए, जबकि नवंबर 2025 में 111 दवाओं के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में असफल रहे और कुछ दवाएं नकली भी पाई गईं। इन मामलों में संबंधित कंपनियों के विरुद्ध क्या कठोर कार्रवाई हुई, यह आज भी आम जनता के लिए स्पष्ट नहीं है। स्थिति तब और अधिक भयावह हो जाती है जब हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोग होने वाली दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की गुणवत्ता पर भी प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं। मरीज इन्हें जीवन रक्षक मानकर खरीदते हैं, लेकिन यदि दवाएं प्रभावी न हों या उपकरण घटिया गुणवत्ता के हों तो उपचार प्रभावित होता है और मरीज आर्थिक, मानसिक तथा शारीरिक रूप से और अधिक संकट में फंस जाता है। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड से जुड़े कथित घोटाले ने भी सरकारी खरीद प्रणाली की कमजोरियों को उजागर किया। आरोप है कि कुछ कंपनियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 305 करोड़ रुपये की दवाएं उधारी पर खरीदी गईं तथा सैकड़ों करोड़ रुपये के रिएजेंट और उपकरण बिना आवश्यक स्वीकृति के खरीदे गए। ऐसे मामले केवल वित्तीय अनियमितता नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी गंभीर आघात हैं। देश में डायबिटीज, हृदय रोग, कैंसर और अन्य गैर-संचारी रोगों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दूसरी ओर जनसंख्या के अनुपात में डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, स्वास्थ्य केंद्रों, जांच प्रयोगशालाओं और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता अभी भी पर्याप्त नहीं है। कहीं डॉक्टर नहीं हैं तो कहीं मशीनें नहीं हैं और जहां दोनों उपलब्ध हैं, वहां दवाओं की कमी सामने आती है। ऐसी परिस्थितियों में "स्वस्थ भारत" का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण दिखाई देता है। भ्रष्टाचार के अधिकांश मामलों में डॉक्टरों, अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका भी सामने आती रही है। दिल्ली के हालिया मामले में 10 डॉक्टरों सहित 45 स्वास्थ्यकर्मियों को नोटिस जारी किया गया तथा स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. वत्सला अग्रवाल को निलंबित किया गया। हालांकि आमतौर पर ऐसे मामलों में जांच प्रारंभ होने, कुछ अधिकारियों के निलंबन अथवा स्थानांतरण के बाद मामला धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला जाता है। यदि प्रत्येक दोषी के विरुद्ध समयबद्ध जांच, पारदर्शी न्यायिक प्रक्रिया और कठोर दंड सुनिश्चित हो तो भविष्य में भ्रष्टाचार करने वालों के लिए यह बड़ा संदेश होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार केवल बजट बढ़ाने से संभव नहीं होगा। इसके लिए सरकारी खरीद प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाना, सभी दवाओं की नियमित गुणवत्ता जांच, अस्पतालों का स्वतंत्र सुरक्षा एवं गुणवत्ता ऑडिट, निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम्स की समय-समय पर जांच, अवैध अस्पतालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा दोषी अधिकारियों और कंपनियों पर आर्थिक दंड के साथ आपराधिक कार्रवाई भी आवश्यक है। देश के छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे अस्पताल, क्लीनिक और नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं जिनके पंजीकरण, चिकित्सकों की योग्यता, उपकरणों की उपलब्धता और दवाओं की गुणवत्ता पर पर्याप्त निगरानी नहीं है। यह स्थिति आम नागरिकों के जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ है। ऐसे संस्थानों का नियमित निरीक्षण, लाइसेंस का सत्यापन और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित करनी होगी जिसमें भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान न हो, दवाओं और उपकरणों की खरीद पूरी तरह पारदर्शी हो, दोषियों को त्वरित एवं कठोर दंड मिले और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ उपचार उपलब्ध हो। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का प्रत्येक नागरिक यह विश्वास कर सके कि अस्पताल में उसका इलाज ईमानदारी, गुणवत्ता और मानवीय संवेदना के साथ होगा, न कि भ्रष्टाचार और लापरवाही की कीमत पर।

# तोहमत की राजनीति - आरोपों के सहारे कब तक चलेगी विपक्ष की राह?



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

भारतीय राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप कोई नई बात नहीं है। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष के बीच वैचारिक संघर्ष स्वाभाविक माना जाता है, लेकिन जब यह संघर्ष नीतियों, कार्यक्रमों और जनहित के मुद्दों से हटकर केवल तोहमतों, लांछनों और आरोपों तक सीमित हो जाता है, तब उसका परिणाम केवल राजनीतिक पराजय और सामाजिक विभाजन के रूप में सामने आता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि किसी व्यक्ति, संगठन या विचारधारा को लगातार दोषी ठहराकर स्वयं को नैतिक विजेता साबित करने की कोशिश अंततः उसी पक्ष को कमजोर करती है जो इस रणनीति को अपनाता है। तोहमत अर्थात आरोप। आरोप लगाना आसान है, लेकिन उसके परिणामों का सामना करना कठिन होता है। किसी पर लांछन लगाना केवल शब्दों का प्रयोग नहीं होता है, बल्कि उसके पीछे ईर्ष्या, राजनीतिक लाभ, वैचारिक द्वेष और प्रतिस्पर्धा की भावना भी छिपी होती है। ऐसे में यदि आरोप तथ्यों से परे हो या उनका उद्देश्य केवल किसी वर्ग विशेष को बदनाम करना हो, तो प्रतिक्रिया भी उतनी ही तीखी होती है। राजनीति का यह सिद्धांत पुराना है कि अन्यायपूर्ण आरोपों का जवाब अंततः जनता अपने मत के माध्यम से देती है। पिछले एक दशक में भारतीय राजनीति में एक नया शब्द बहुत प्रचलित हुआ है "गोदी मीडिया"। विपक्षी दलों और विशेष रूप से इंडी गठबंधन के घटकों ने बार-बार राष्ट्रीय मीडिया के एक बड़े हिस्से को इस नाम से संबोधित किया। उनका तर्क था कि मीडिया का एक वर्ग सरकार समर्थक भूमिका निभा रहा है और सत्ता से कठिन प्रश्न पूछने के बजाय उसका प्रचारक बन गया है। लोकतंत्र में मीडिया की आलोचना करना गलत नहीं है। मीडिया भी एक संस्था है और उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाए जा सकते हैं। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब आलोचना का स्थान आरोप ले लेते हैं। जब हर असहमत पत्रकार, हर विरोधी विचार और हर वैकल्पिक दृष्टिकोण को एक ही श्रेणी में रखकर "गोदी मीडिया" घोषित कर दिया जाता है, तब यह विमर्श अपनी विश्वसनीयता खोने लगता है। समय के साथ यह स्थिति बनी कि मीडिया के प्रति अविश्वास का यह अभियान केवल संस्थानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आम नागरिकों तक पहुँच गया। यदि कोई व्यक्ति सरकार की किसी नीति का समर्थन करता था तो उसे भी उसी श्रेणी में रख दिया जाता था। इस प्रकार राजनीतिक आरोप का दायरा बढ़ते-बढ़ते समाज तक पहुँच गया। राजनीतिक दल अक्सर अपने समर्थकों को संगठित करने के लिए एक साझा विरोधी की तलाश करते हैं। कभी यह विरोधी कोई दल होता है, कभी कोई विचारधारा और कभी कोई सामाजिक वर्ग। लेकिन जब पूरी राजनीति "हम बनाम वे" के सिद्धांत पर आधारित हो जाती है, तब लोकतंत्र का मूल भाव कमजोर पड़ने लगता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में यह प्रवृत्ति और भी खतरनाक है। यहाँ धर्म, भाषा, क्षेत्र, जाति और संस्कृति की अनेक पहचानें मौजूद हैं। यदि राजनीति इन पहचानों को जोड़ने के बजाय विभाजित करने का माध्यम बन जाए तो सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है। इंडी गठबंधन और उसके समर्थकों द्वारा बार-बार एक विशेष राजनीतिक नैरेटिव को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया। इसके तहत यह स्थापित करने की कोशिश हुई कि देश का एक बड़ा वर्ग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ खड़ा है। लेकिन जब यह नैरेटिव वास्तविक सामाजिक अनुभवों से मेल नहीं खाता, तब जनता उसे अस्वीकार कर देती है। भारतीय जनता पार्टी आज देश के अधिकांश राज्यों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सत्ता का हिस्सा रही है। इसके बावजूद उसके आलोचक अक्सर यह प्रश्न उठाते हैं कि कुछ विशेष वर्गों की भागीदारी पार्टी में सीमित क्यों दिखाई देती है। यह एक वैध राजनीतिक प्रश्न है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। लेकिन इसके उत्तर को केवल आरोपों में ढूँढ़ना समस्या का समाधान नहीं है। राजनीतिक भागीदारी एक दोतरफा प्रक्रिया होती है। इसमें राजनीतिक दलों की रणनीति, सामाजिक विश्वास, ऐतिहासिक अनुभव और वैचारिक स्वीकार्यता सभी की भूमिका होती है। यदि कोई वर्ग किसी दल से दूरी बनाए रखता है तो उसके कारणों का गंभीर विश्लेषण आवश्यक है। लेकिन यदि हर परिस्थिति का दोष केवल एक पक्ष पर मढ़ दिया जाए तो संवाद की संभावनाएँ समाप्त हो जाती हैं। यही कारण है कि आरोपों की राजनीति अक्सर समाधान के बजाय दूरी बढ़ाती है। आरोप लगाने की राजनीति का एक मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। जब किसी राजनीतिक दल को यह महसूस होने लगता है कि उसके पास जनता को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त सकारात्मक एजेंडा नहीं है, तब वह नकारात्मक राजनीति का सहारा लेने लगता है। विरोधी को लगातार कठघरे में खड़ा करना आसान होता है, क्योंकि इसके लिए वैकल्पिक समाधान प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। लेकिन जनता केवल आलोचना नहीं सुनना चाहती। वह यह भी जानना चाहती है कि विकल्प क्या है। यदि विपक्ष केवल सत्ता पक्ष की आलोचना करता रहे और अपनी स्पष्ट नीति न दे सके, तो मतदाता धीरे-धीरे उससे दूरी बनाने लगता है। यही कारण है कि दुनिया के अनेक लोकतंत्रों में केवल विरोध के आधार पर चुनाव जीतना कठिन माना जाता है। जनता अंततः उस पक्ष की ओर झुकती है जो उसे भविष्य की स्पष्ट दिशा दिखाता है। राजनीतिक इतिहास यह बताता है कि किसी व्यक्ति या संस्था को लगातार बदनाम करके अपने पक्ष में समर्थन जुटाने की रणनीति अल्पकालिक लाभ दे सकती है, लेकिन दीर्घकाल में यह उलटा प्रभाव भी पैदा कर सकती है। जब जनता को लगता है कि किसी पर अन्यायपूर्ण आरोप लगाए जा रहे हैं, तब उसके भीतर सहानुभूति की भावना जन्म लेती है। यही कारण है कि कई बार राजनीतिक अभियानों का परिणाम आरोप लगाने वालों के विपरीत निकलता है। उपेक्षा की शुरुआत वहीं से होती है जहाँ संवाद समाप्त हो जाता है। यदि कोई दल या गठबंधन केवल आरोपों के सहारे राजनीति करता है और जनता की वास्तविक चिंताओं रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सुरक्षा और विकास, को पर्याप्त महत्व नहीं देता है, तो धीरे-धीरे उसकी प्रासंगिकता कम होने लगती है।

# आस्था अटूट है, आरोप क्षणिक हैं : सनातन की शक्ति विश्वास में है, व्यक्तियों में नहीं



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी
कटिहार, बिहार

भारतीय सभ्यता के हजारों वर्षों के इतिहास में यदि कोई शक्ति सबसे अधिक स्थायी, प्रेरणादायी और समाज को एकसूत्र में बाँधने वाली रही है, तो वह है—आस्था। यह आस्था किसी व्यक्ति, संस्था, पद या व्यवस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि सत्य, धर्म, मर्यादा और लोकमंगल जैसे शाश्वत मूल्यों में निहित रही है। यही कारण है कि भारत ने अनेक आक्रमण, राजनीतिक परिवर्तन, सामाजिक संघर्ष और ऐतिहासिक उतार-चढ़ाव देखे, किंतु उसकी सांस्कृतिक चेतना कभी समाप्त नहीं हुई। सनातन धर्म की यही सबसे बड़ी विशेषता है कि उसका आधार किसी एक व्यक्ति का व्यक्तित्व नहीं, बल्कि उन आदर्शों की परंपरा है जिन्हें श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान शिव, माँ दुर्गा, ऋषियों, संतों और महापुरुषों ने अपने जीवन से प्रतिष्ठित किया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण केवल एक स्थापत्य परियोजना नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की शताब्दियों पुरानी आस्था, संघर्ष और सांस्कृतिक स्मृति का प्रतीक है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनेक संतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, संगठनों, विधि विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों और असंख्य सामान्य नागरिकों ने लंबे समय तक अपना योगदान दिया। अनेक लोगों ने संघर्ष किया, अनेक ने तपस्या की, अनेक ने न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखा और अंततः देश ने एक ऐसे अध्याय का साक्षात्कार किया, जिसे करोड़ों लोग अपनी सांस्कृतिक आकांक्षा की पूर्ति के रूप में देखते हैं। इतने विशाल और बहुआयामी अभियान में स्वाभाविक रूप से हजारों लोग विभिन्न स्तरों पर जुड़े। किसी भी बड़ी संस्था या परियोजना में प्रशासनिक, वित्तीय और प्रबंधन संबंधी अनेक स्तर होते हैं। यदि किसी स्तर पर किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के आचरण को लेकर प्रश्न उठते हैं, तो उनका परीक्षण तथ्यों, साक्ष्यों और विधिसम्मत प्रक्रिया के आधार पर होना चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में यही न्याय का सिद्धांत है। लेकिन किसी एक आरोप या कुछ व्यक्तियों के कथित आचरण के आधार पर पूरे अभियान, संपूर्ण संस्था या दशकों तक कार्य करने वाले नेतृत्व को कठघरे में खड़ा कर देना न्यायपूर्ण दृष्टिकोण नहीं कहा जा सकता। भारतीय न्याय परंपरा भी यही कहती है कि दोष का निर्धारण प्रमाणों से होता है, धारणाओं से नहीं। आरोप और अपराध एक ही बात नहीं हैं। किसी विषय पर प्रश्न उठना और किसी व्यक्ति का दोष सिद्ध होना, दोनों अलग-अलग अवस्थाएँ हैं। इसलिए समाज का दायित्व है कि वह न तो बिना प्रमाण किसी को दोषी घोषित करे और न ही किसी जांच की आवश्यकता को अस्वीकार करे। सत्य की स्थापना निष्पक्षता, पारदर्शिता और विधिसम्मत प्रक्रिया से ही होती है। यह भी समझना आवश्यक है कि सनातन धर्म की शक्ति किसी भवन, संस्था या पदाधिकारी में सीमित नहीं है। करोड़ों श्रद्धालु मंदिर में दान इसलिए नहीं देते कि वे किसी व्यक्ति का सम्मान कर रहे हैं; वे अपनी श्रद्धा भगवान के प्रति व्यक्त करते हैं। दान का भाव ईश्वर के प्रति समर्पण, धर्मकार्य में सहभागिता और लोकमंगल की भावना से जुड़ा होता है। यदि किसी स्तर पर व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता हो, तो उसका समाधान प्रशासनिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व से किया जाना चाहिए। इससे श्रद्धा कम नहीं होती, बल्कि व्यवस्था और अधिक विश्वसनीय बनती है। इतिहास गवाह है कि बड़े धार्मिक और सामाजिक आंदोलनों को अनेक बार आलोचनाओं, विवादों और आरोपों का सामना करना पड़ा है। किंतु समय की कसौटी पर वही टिके हैं जिनका आधार सत्य, धैर्य और आत्मविश्वास रहा। श्रीराम का जीवन स्वयं हमें यही शिक्षा देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी मर्यादा और न्याय का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। इसलिए यदि कोई प्रश्न उठता है, तो उसका उत्तर भी मर्यादा, सत्य और न्याय के माध्यम से ही दिया जाना चाहिए, न कि कटुता, पूर्वाग्रह या सामूहिक दोषारोपण से। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम आस्था और प्रशासनिक व्यवस्था के बीच अंतर को समझें। व्यवस्था में त्रुटि संभव है, क्योंकि उसे मनुष्य संचालित करते हैं। लेकिन आस्था उन मूल्यों में होती है जो मनुष्य से ऊपर हैं। यदि किसी संस्था में पारदर्शिता बढ़ती है, उत्तरदायित्व मजबूत होता है और प्रत्येक दान का उचित लेखा-जोखा सुनिश्चित होता है, तो इससे धर्मस्थलों की गरिमा और श्रद्धालुओं का विश्वास दोनों ही सुदृढ़ होते हैं। इसीलिए समाज को भावनात्मक उत्तेजना के स्थान पर संतुलित दृष्टि अपनानी चाहिए। न तो अप्रमाणित आरोपों को अंतिम सत्य मान लेना उचित है और न ही किसी भी प्रश्न को उठाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की मंशा पर संदेह करना। स्वस्थ लोकतंत्र और स्वस्थ समाज दोनों की पहचान यही है कि वे सत्य की खोज तथ्यों और न्यायपूर्ण प्रक्रिया से करते हैं। ...इसीलिए समाज को भावनात्मक उत्तेजना के स्थान पर संतुलित दृष्टि अपनानी चाहिए। न तो अप्रमाणित आरोपों को अंतिम सत्य मान लेना उचित है और न ही किसी भी प्रश्न को उठाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की मंशा पर संदेह करना। स्वस्थ लोकतंत्र और स्वस्थ समाज दोनों की पहचान यही है कि वे सत्य की खोज तथ्यों और न्यायपूर्ण प्रक्रिया से करते हैं। यही वह बिंदु है जहाँ हमें स्वयं से एक मूलभूत प्रश्न पूछना चाहिए—क्या सनातन धर्म की आस्था इतनी कमजोर है कि किसी संस्था या व्यक्ति पर लगे आरोपों से वह डगमगा जाएगी? भारतीय इतिहास का उत्तर स्पष्ट है—नहीं। सनातन की शक्ति किसी व्यक्ति-विशेष में नहीं, बल्कि उसके शाश्वत सिद्धांतों में निहित है। यह वह परंपरा है जिसने हजारों वर्षों में असंख्य उतार-चढ़ाव देखे, विदेशी आक्रमण झेले, मंदिरों का विध्वंस भी देखा और पुनर्निर्माण भी, किंतु उसकी आध्यात्मिक चेतना कभी समाप्त नहीं हुई। इसलिए किसी भी समसामयिक विवाद को सनातन की स्थायी शक्ति के समकक्ष रखना न तो ऐतिहासिक दृष्टि से उचित है और न ही तार्किक। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की श्रद्धा का केंद्र है। वहाँ अर्पित दान केवल धनराशि नहीं, बल्कि विश्वास, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। श्रद्धालु जब अपनी सामर्थ्य के अनुसार अर्पण करते हैं, तो उनका भाव भगवान श्रीराम के प्रति होता है। यदि किसी स्तर पर वित्तीय व्यवस्था या प्रशासनिक प्रक्रिया को लेकर कोई प्रश्न उठता है, तो उसका समाधान अधिक पारदर्शिता, बेहतर प्रबंधन और निष्पक्ष जांच के माध्यम से होना चाहिए। इससे आस्था कम नहीं होती, बल्कि व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होती है। किसी भी धार्मिक संस्था की विश्वसनीयता का आधार भी यही है कि वह अपने कार्यों में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि समाज किसी एक या कुछ व्यक्तियों के कथित आचरण के आधार पर पूरे संगठन, पूरे आंदोलन या सभी कार्यकर्ताओं पर सामूहिक दोषारोपण न करे। किसी भी विशाल राष्ट्रीय अभियान में हजारों लोग विभिन्न स्तरों पर कार्य करते हैं। यदि कहीं कोई त्रुटि होती है, तो उसका उत्तरदायित्व उसी स्तर पर निर्धारित होना चाहिए। न्याय का यही सिद्धांत है कि दायित्व व्यक्तिगत होता है, सामूहिक नहीं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि सार्वजनिक जीवन में कार्य करने वाले व्यक्तियों की आलोचना होना असामान्य नहीं है। लोकतंत्र में प्रश्न पूछना, उत्तर माँगना और पारदर्शिता की अपेक्षा करना स्वाभाविक है। किंतु आलोचना और दुष्प्रचार के बीच भी अंतर होता है। यदि किसी विषय पर बिना पर्याप्त तथ्य के व्यापक निष्कर्ष प्रस्तुत किए जाएँ, या किसी विवाद के आधार पर पूरे आंदोलन को संदेह के घेरे में खड़ा किया जाए, तो इससे स्वस्थ संवाद के स्थान पर अविश्वास का वातावरण बनता है। ऐसे समय में समाज को संयम, विवेक और प्रमाण-आधारित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। यह भी स्मरण रखना चाहिए कि श्रीराम का जीवन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि मर्यादा, न्याय और उत्तरदायित्व का भी आदर्श है। यदि उनके नाम पर कोई संस्था या व्यक्ति कार्य करता है, तो उससे उच्चतम नैतिक मानकों की अपेक्षा भी स्वाभाविक है। इसलिए जहाँ एक ओर निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता का समर्थन होना चाहिए, वहीं दूसरी ओर बिना प्रमाण किसी व्यक्ति या संस्था को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति से भी बचना चाहिए। न्याय का अर्थ केवल दोषी को दंड देना नहीं, बल्कि निर्दोष की प्रतिष्ठा की रक्षा करना भी है। समाज के सामने आज एक और चुनौती है। कई बार किसी एक घटना या विवाद को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि लोगों के मन में यह धारणा बनने लगे कि धार्मिक संस्थाओं में दिया गया दान सुरक्षित नहीं है या धर्म के नाम पर होने वाला प्रत्येक कार्य संदेहास्पद है। ऐसी व्यापक धारणाएँ तथ्यों के बजाय भावनाओं को प्रभावित करती हैं। किसी भी संस्था में यदि सुधार की आवश्यकता हो तो उसका स्वागत होना चाहिए, परंतु उससे संपूर्ण धार्मिक परंपरा या करोड़ों श्रद्धालुओं की निष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगाना संतुलित दृष्टिकोण नहीं कहा जा सकता। भारतीय समाज का इतिहास बताता है कि मंदिर केवल पूजा के केंद्र नहीं रहे। उन्होंने शिक्षा, सेवा, अन्नदान, संस्कृति, कला, संगीत और सामाजिक संगठन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज भी देशभर में अनेक धार्मिक संस्थाएँ अस्पताल, विद्यालय, गौशालाएँ, छात्रावास, भोजनालय और सेवा परियोजनाएँ संचालित कर रही हैं। इसलिए किसी एक विवाद के आधार पर समूची धार्मिक व्यवस्था का मूल्यांकन करना उचित नहीं होगा। प्रत्येक संस्था और प्रत्येक मामले का आकलन उसके अपने तथ्यों के आधार पर होना चाहिए।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिये बढ़िया रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको लाभ के अवसर मिलेंगे। इस राशि के जिन लोगों को रोजगार की तलाश है, उन्हें रोजगार पाने का आज सुनहरा अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत का बेहतर परिणाम मिलने से उत्साह बढेगा। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आप कुछ अनुभवी लोगों से सलाह भी ले सकते हैं। शुभ अंक- 1

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन पल लेकर आने वाला है। आज दूसरों के साथ आपका अच्छा तालमेल बना रहेगा। पिता के सहयोग से आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आपको मेहनत का सुखद परिणाम हासिल होगा। आज आपको ऑफिस में कुछ नया करने का मौका मिलेगा, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल होंगे। शुभ अंक- 7

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में बॉस से आपको पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। लवमेट कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। किसी काम में आ रही रुकावटों का समाधान माता-पिता के द्वारा मिलेगा। आज आपको अपना ध्यान भटकने से बचाना चाहिए, अन्यथा कोई अवसर चूक भी सकता हैं। आज आपकी रूचि किसी नये काम को पूरा करने में रहेगी। दाम्पत्य जीवन खुशियों भरा रहने वाला है। शुभ अंक- 1

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज के दिन आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपने काम के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। आपके अटके हुए कुछ काम आज पूरे हो जायेंगे। आप अपनी स्किलस को बढ़ाने की कोशिश करेंगे, जो फ्यूचर में आपके काम आयेगा। शाम को किसी समारोह में जाने का मौका मिलेगा जहां पर कुछ पुराने दोस्त भी मिलेंगे। आज पारिवारिक जीवन सुखद बना रहेगा। शुभ अंक- 1

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर सबके साथ आपका तालमेल बेहतर बना रहेगा। आर्थिक रूप से आपको बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। अच्छी दिनचर्या का पालन करने से सेहत के मामले में आज आपको अच्छा महसूस होगा। लवमेट के रिश्तों में और मजबूती आएगी। शुभ अंक- 9

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए लाभ देने वाला रहेगा। आज आर्थिक योजनाओं के लिये लिया गया फैसला लाभदायक होगा। आज आप परिवार वालों के साथ भगवान के दर्शन के लिए मंदिर जायेंगे, मन में भक्ति भाव बना रहेगा। किसी अनुभवी की मदद से आपका काम बनेगा। इस राशि के विवाहित आज कहीं घूमने जायेंगे। आज किसी मनचाही कंपनी में नौकरी मिलने से आपकी खुशी दोगुनी हो जायेगी। शुभ अंक- 6

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपके दाम्पत्य जीवन में चल रही दूरियां खत्म होगी। बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज आपको किसी काम से सरकारी दफ्तर में भागदौड़ करनी पड़ेगी, आपका काम पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा। शुभ अंक- 5

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे, जो आपके साथ ही आपके परिवार के लिए भी महत्वपूर्ण है। आप अपने परिवार और काम के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, आज उन्हें किसी कस्टमर से बड़ा फायदा होगा। शुभ अंक- 3

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज करियर के मामले में आपको कोई बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिये तैयार रहेंगे। बिजनेसमैन को बेहतर अपॉर्चुनिटिज़ मिलेगी। शुभ अंक- 8

**मकर राशि** : आज आपका दिन हर्षो-उल्लास से भरा रहने वाला है। आपको अपनों से खूब सारा प्यार मिलेगा। आप अधिक सफलता पाने के लिये अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। कुछ खास लोगों से आपकी निकटता बनी रहेगी। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर हैं, तो आपको फायदा होगा। सेहत के मामले में आप खुद को फिट महसूस करेंगे। अगर आप एक्टिंग का कोर्स कर रहे हैं, तो आपको अपनी कला दिखाने का बेहतरीन मौका मिलेगा। बच्चों के करियर से जुड़ा कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।शु अंक- 2

**कुंभ राशि** :आज का दिन आपके लिये कुछ खास लेकर आया है। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। कुछ जरुरी काम थोड़ी ही मेहनत करने से पूरे हो जायेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज लवमेट एक दुसरे को उपहार देंगे, रिश्ते में नयापन आयेगा। छात्रों को एग्जाम से रिलेटेड कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। साथ ही पढ़ाई के मामले में दूसरे बच्चे आपसे प्रेरणा लेंगे। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा।शुभ अंक- 9

**मीन राशि** : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे। बिजनेस संबंधी किसी काम में आपको दोस्त की मदद लेनी पड़ेगी। आप किसी रिलेटिव के साथ मिलकर नये बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको थोड़ा ध्यान पूर्वक काम करना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मिठास बना रहेगा।शुभ अंक- 4

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु गैस रिसाव हादसाः झारखंड के सभी 42 श्रमिक सुरक्षित घर लौटे

**रांची**। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में अमोनिया गैस रिसाव हादसे के बाद रेस्क्यू किए गए झारखंड के सभी 42 प्रवासी श्रमिक सुरक्षित अपने-अपने घर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष ने राहत एवं बचाव अभियान चलाकर श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। सरकार के अनुरोध पर रेलवे ने अलप्पुझा-धनबाद एक्सप्रेस में विशेष स्लीपर कोच उपलब्ध कराया, जिसके माध्यम से सभी श्रमिक चेन्नई से झारखंड पहुंचे। इसके बाद प्रशासन ने उन्हें उनके गृह जिलों तक पहुंचाया। यात्रा के दौरान भोजन, पेयजल और सुरक्षा की भी समुचित व्यवस्था की गई। राज्य सरकार ने हादसे में मृत महिला श्रमिक के पार्थिव शरीर को भी ससम्मान उनके गृह जिले पहुंचाया। सुरक्षित घर लौटने पर श्रमिकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नोज पिन विवाद पर भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है : ऋषीकेश सिंह



**रांची**। रांची के उर्सुलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल में नोज पिन को लेकर हुए विवाद पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह ने भाजपा पर शिक्षा के मुद्दे को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिरों को राजनीतिक प्रयोगशाला बनाने की कोशिश दुर्भाग्यपूर्ण है और एक सामान्य अनुशासनात्मक विषय को जानबूझकर विवाद का रूप दिया जा रहा है। ऋषीकेश सिंह ने कहा कि देश के अधिकांश सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में निर्धारित यूनिफॉर्म और ड्रेस कोड लागू हैं, जिनका उद्देश्य सभी विद्यार्थियों के बीच समानता, अनुशासन और भेदभाव रहित वातावरण बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्रा से नियमों का उल्लंघन हुआ था तो उसका समाधान विद्यालय प्रबंधन, छात्रा और अभिभावकों के बीच संवाद से निकाला जा सकता था, लेकिन इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन को भी अनुशासन लागू करते समय संवेदनशील और संवादपूर्ण रवैया अपनाना चाहिए ताकि विद्यार्थियों की गरिमा और धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे। कांग्रेस का मानना है कि अनुशासन और संवेदनशीलता साथ-साथ चल सकते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए ऋषीकेश सिंह ने कहा कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी, तब हजारों सरकारी स्कूल बंद किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों की कमी और छात्रों के भविष्य की चिंता नहीं है, बल्कि वह बच्चों के बीच धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय ज्ञान, संस्कार और सामाजिक सौहार्द के केंद्र हैं। इन्हें राजनीतिक अखाड़ा बनाने की हर कोशिश का समाज को विरोध करना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और अभिभावकों से बच्चों के भविष्य को सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा का वातावरण शांत, सौहार्दपूर्ण और अनुशासित बनाए रखने की अपील की।

### इटखोरी में 65वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

**इटखोरी**। इटखोरी प्रखंड के केबी+2 हाई स्कूल मैदान में गुरुवार को 65वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि इटखोरी प्रमुख प्रिय कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें अनुशासन, खेल भावना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का भी विकास करता है। कार्यक्रम का आयोजन राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की फुटबॉल टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन समारोह के बाद पहला मुकाबला खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, खेल प्रेमी एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति से मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल खिलाड़ियों को अगले स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## उच्च विद्यालय बारिसखी में पीटीएम की बैठक संपन्न



**गिद्धौर**।प्रखंड के बारिसखी उच्च विद्यालय में2/072026 दिन गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षकों के सहमति से हर महीने की भांति बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यालय की समुचित विकास बच्चों के शत प्रतिशत उपस्थिति पर गहराई से विचार विमर्श किया गया इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव पंचायत के उप मुखिया विकास पाण्डेय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमेश्वर रविदास संयोजिका नीलम कुमारी एवं सभी सम्मानित शिक्षक शिक्षिका एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### वीबी-जी रामजी लागू होने से चार योजनाओं का भुगतान बंद,कई योजनाएं नई व्यवस्था में शामिल



**(चतरा )गिद्धौर**।प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा कार्यों के संचालन के लिए वीबी-जी रामजी प्रणाली लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद कई योजनाओं के संचालन और भुगतान प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इसके तहत बुधवार को न तो किसी योजना का भुगतान किया गया और न ही नई डिमांड (कार्य मांग) जारी की गई।जानकारी के अनुसार, नई व्यवस्था लागू होने के साथ दीदीबाड़ी, अबुआ आवास, ईसीबी तथा मेडबंदी जैसी चार योजनाओं का भुगतान फिलहाल बंद कर दिया गया है। वहीं तालाब निर्माण,डोभा,आम बागवानी, पीएमजीवाई, कुआं, आंगनबाड़ी भवन सहित अन्य विकास योजनाओं को वीबी-जी रामजी प्रणाली में कन्वर्ट कर दिया गया है।अब इन योजनाओं का संचालन, स्वीकृति और भुगतान नई प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।बताया जा रहा है कि तकनीकी प्रक्रिया पूरी होने तक कुछ दिनों तक भुगतान और नई डिमांड प्रभावित रह सकती है। इससे मनरेगा मजदूरों एवं लाभुकों में भुगतान को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय होने के बाद सभी योजनाओं का कार्य एवं भुगतान नियमित रूप से संचालित होगा।प्रखंड स्तर पर संबंधित कर्मियों को नई प्रणाली के अनुरूप कार्य करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा उत्पन्न न हो। विभाग का दावा है कि वीबी-जी रामजी प्रणाली लागू होने से योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा भुगतान प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और समयबद्ध हो सकेगी।

# चतरा के प्रतापपुर में चोरों का आतंक, किसानों के मोटर और सोलर प्लेट पर निशाना

नई सोच एक्सप्रेस



» लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत, पुलिस की कार्यशैली पर उठने लगे सवाल

**चतरा**।जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब चोरों ने किसानों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है, जिससे क्षेत्र के किसानों में दहशत और चिंता का माहौल है। खेतों की सिंचाई के लिए लगाए गए मोटर और सरकारी योजना से स्थापित सोलर प्लेट चोरी होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जोगिडीह पंचायत के महुगाई गांव निवासी कृष्ण यादव, चंदन यादव और कोमल यादव के खेतों में लगे सिंचाई मोटर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए। वहीं डुमरी गांव के किशोरी साव का भी सिंचाई मोटर चोरी हो गया। लगातार हो रही इन घटनाओं से किसान परेशान हैं और अपनी फसलों की सिंचाई को लेकर चिंता में हैं। इधर चोरों ने सरकारी योजना के तहत लगाए गए सोलर सिस्टम को भी नहीं छोड़ा। घुज्जी गांव के सतेंद्र यादव के खेत में सांसद मद से लगभग 2.5 लाख रुपये की लागत से लगाया गया सोलर प्लेट और समरसेबल अज्ञात चोर उखाड़कर ले गए। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। किसानों का कहना है कि खेती के लिए लगाए गए उपकरणों की चोरी से उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतापपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद पुलिस अब तक किसी भी बड़े गिरोह का खुलासा नहीं कर सकी है। इससे चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने की जरूरत है।ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से अविलंब चोरों की गिरफ्तारी, चोरी गए मोटर, सोलर प्लेट और समरसेबल की बरामदगी की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर होगा। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं प्रतापपुर पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई हैं, जिस पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है।

## महिला अधिवेशन की तैयारी में जुटी आजसू को खेलगांव में जुटेंगी 10 हजार महिलाएं

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।आजसू पार्टी के सहयोगी संगठन अखिल झारखंड महिला संघ के राज्य स्तरीय महिला अधिवेशन की तैयारियां तेज हो गई हैं। 4 जुलाई को रांची के खेलगांव में आयोजित होने वाले अधिवेशन में राज्यभर से करीब 10 हजार महिला प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है अधिवेशन में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के साथ उनकी राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा और निर्णय लिया जाएगा। महिला पदाधिकारियों ने संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। आयोजन में आजसू छात्र संघ और युवा आजसू के पदाधिकारी भी सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। पहले सत्र में उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और केंद्रीय पदाधिकारी शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान अखिल झारखंड महिला संघ की प्रदेश स्तरीय समिति के गठन पर भी विचार किया जाएगा। दूसरे (ओपन) सत्र में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचने वाली महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। इस सत्र में संगठन विस्तार, महिला नेतृत्व विकास और राज्य निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

## हेमंत सोरेन ने भरा एसआईआर प्रपत्र, मतदाताओं से समय पर सत्यापन कराने की अपील

नई सोच एक्सप्रेस




**रांची**।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत स्वयं एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया। इस दौरान उनकी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी अपना एसआईआर प्रपत्र भरा। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी पात्र मतदाताओं से निर्धारित समय सीमा के भीतर एसआईआर प्रपत्र भरकर मतदाता सूची में अपने विवरण का सत्यापन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी चुनाव की आधारशिला है। उन्होंने लोगों से अपने परिवार, पड़ोस और समाज के अन्य पात्र मतदाताओं को भी इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, ईआरओ-सह-एडीएम धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन तथा बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) वेरोनिका देवी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# 8-9 जुलाई को दिल्ली में होगा झारखंड का नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**। झारखंड सरकार 8 और 9 जुलाई को नई दिल्ली में दो दिवसीय 'नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन' आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में होने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के उद्योगपति, निवेशक, नीति-निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य औद्योगिक निवेश, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल गवर्नेंस और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश एवं विकास को बढ़ावा देना है। गुरुवार को आईटी विभाग की सचिव पूजा सिंघल और उद्योग विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड एआई पॉलिसी, निवेश प्रोत्साहन नीति, पर्यटन नीति, टेक्सटाइल नीति, जियाडा रेगुलेशन और पीपीपी पॉलिसी सहित कई नीतियों के प्रारूप जारी किए जाएंगे। साथ ही नए डिजिटल पोर्टलों का शुभारंभ होगा और विभिन्न औद्योगिक कंपनियों के साथ कई महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। पहले दिन आईटी, एआई और डिजिटल गवर्नेंस पर विशेषज्ञों के साथ मंथन होगा, जबकि दूसरे दिन निवेश, औद्योगिक विकास और पर्यटन पर चर्चा के साथ निवेशकों से संवाद और एमओयू साइन किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि यह आयोजन 'झारखंड विजन-2050' को गति देने, वैश्विक निवेश आकर्षित करने और राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### कुन्दा प्रखंड कार्यालय में पानी का संकट ,दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण परेशान, प्रमुख प्रतिनिधि ने जताई नाराजगी



नई सोच एक्सप्रेस

**(चतरा )कुन्दा**।प्रखंड कार्यालय परिसर में पेयजल की घोर किल्लत से आम जनता और कार्यालय कर्मी दोनों ही त्रस्त हैं। पानी की समस्या को लेकर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने तीखी नाराजगी व्यक्त की है और इसे घोर लापरवाही करार दिया है। प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने बताया कि प्रखंड कार्यालय में पानी की समस्या को लेकर जब उन्होंने संबंधित नाजिर से बात की, तो जवाब मिला कि अभी फंड में पैसा नहीं है।इस जवाब से खफा प्रमुख प्रतिनिधि ने इसे प्रशासनिक उदासीनता का परिणाम बताया।प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि प्रखंड कार्यालय सरकारी कामकाज का केंद्र है, जहाँ सुदूरवर्ती क्षेत्रों से ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आते हैं। भीषण गर्मी और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण दूर-दराज से आने वाले लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कार्यालय परिसर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव होना कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है।इस गंभीर समस्या को देखते हुए जयराम भारती ने जिला उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रखंड कार्यालय में पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए चापानल की अविलंब मरम्मत कराई जाए। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल फंड उपलब्ध कराने का आग्रह किया है ताकि ग्रामीणों को और अधिक परेशानी न झेलनी पड़े।

### झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू का रांची में भव्य स्वागत, सुबोध कांत सहाय का जन्मदिन मनाया



नई सोच एक्सप्रेस

**रांची**।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी के. राजू के गुरुवार को रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान एयरपोर्ट परिसर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नारों और उत्साह से गूंज उठा। इसी अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय का जन्मदिन भी एयरपोर्ट परिसर में केक काटकर मनाया गया। के. राजू ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं, जबकि उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने कहा कि के. राजू का झारखंड दौरा संगठन की मजबूती की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उनके मार्गदर्शन से प्रदेश कांग्रेस को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विजय शंकर नायक ने कहा कि सुबोध कांत सहाय का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, जनसेवा और कांग्रेस की विचारधारा के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है तथा उनका अनुभव कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में विधायक विल्सन कोंगाड़ी, दयामनी बारला, अभिलाष साहू, शशि भूषण राय, कमल ठाकुर, सुरेन राम, अरुण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मतदाता सूची पुनरीक्षणः राज्यपाल ने स्वयं भरा गणना प्रपत्र, लोगों से सहयोग की अपील



नई सोच एक्सप्रेस

**रांची**।झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को लोक भवन, रांची में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत स्वयं गणना प्रपत्र भरकर उस पर हस्ताक्षर किए और 63-रांची विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-16 की बीएलओ मंजू कच्छप को सौंपा। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत उपस्थित थे। राज्यपाल ने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से अपील की कि जब बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) उनके घर गणना प्रपत्र लेकर आएं, तो वे उसे तत्काल भरकर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को सौंप दें, ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके समर्पित प्रयासों से राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जा सके

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग से पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने चुनाव आयोग से झारखंड में चिन्हित लगभग 47 लाख 'अनमैप्ड' मतदाताओं की नामवार सूची तत्काल सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सूची चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाए और संबंधित मतदान केंद्रों पर भी प्रदर्शित की जाए, ताकि मतदाता स्वयं अपने नाम और स्थिति का सत्यापन कर सकें। मुंजनी ने कहा कि जिन मतदाताओं को श्रेणी में चिह्नित किया गया है, उनकी सूची भी बिना विलंब सार्वजनिक की जानी चाहिए। उनका कहना था कि यदि आयोग के पास सभी आंकड़े उपलब्ध हैं, तो उन्हें जनता से छिपाने का कोई औचित्य नहीं है। लोकतंत्र में पारदर्शिता चुनाव प्रक्रिया की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने चुनाव आयोग से अपनी मार्गदर्शिका और पेसा अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए इन सूचियों को संबंधित ग्राम सभाओं में भी पढ़वाने की मांग की, ताकि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के मतदाताओं को पूरी जानकारी मिल सके और कोई पात्र मतदाता वंचित न रह जाए। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। यदि लाखों मतदाताओं की स्थिति अस्पष्ट बनी रहती है और संबंधित सूचियां सार्वजनिक नहीं की जाती हैं, तो चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का दायित्व केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकार की रक्षा करना भी है। कांग्रेस ने मांग की है कि चुनाव आयोग 47 लाख 'अनमैप्ड' मतदाताओं श्रेणी में चिह्नित मतदाताओं की सूची तत्काल सार्वजनिक करे, बूथ स्तर पर प्रदर्शित करे तथा ग्राम सभाओं में पढ़वाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षणः शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर, 1950 हेल्पलाइन और 'बुक ए कॉल' सुविधा उपलब्ध

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों और समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों एवं हेल्प डेस्क मैनेजरों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता को परेशानी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक शिकायत का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं। यदि किसी मतदाता को फॉर्म प्राप्त करने, भरने या एसआईआर से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो वह भारत निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 या 'बुक ए कॉल' सुविधा का उपयोग कर सहायता प्राप्त कर सकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता अपने बीएलओ से संपर्क के लिए कई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। प्रत्येक घर पर लगाए गए एसआईआर स्टीकर पर संबंधित बीएलओ का नाम और मोबाइल नंबर उपलब्ध है। वहीं, ECINET ऐप के 'बुक ए कॉल' फीचर के माध्यम से मतदाता अपना वोटर आईडी नंबर दर्ज कर कॉल रिक्वेस्ट भेज सकते हैं, जिस पर बीएलओ 48 घंटे के भीतर संपर्क कर समस्या का समाधान करेंगे। इसके अलावा 'कनेक्ट विथ इलेक्शन ऑफिसियल' फीचर के जरिए भी मतदाता अपने बीएलओ का संपर्क नंबर प्राप्त कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर 1950 पर हेल्प डेस्क मैनेजर मतदाताओं की शंकाओं का समाधान करेंगे तथा आवश्यक होने पर संबंधित अधिकारियों को शिकायत भेजेंगे। मतदाता सिटिजन सर्विस पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिनका निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाएगा। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह तथा सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं हेल्प डेस्क मैनेजर ऑनलाइन जुड़े

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा स्मारक प्लास टू उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी



**गिद्धौर (चतरा)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित गंगा स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को शिक्षक, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार टिंकू ने की, जबकि संचालन शिक्षक डॉ. राजीव कुमार दास ने किया। बैठक का उद्देश्य अभिभावकों और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को गति देना था। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार टिंकू ने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में 1153 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद एवं सहयोग आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, संचालित विभिन्न गतिविधियों तथा भविष्य की विकास योजनाओं की भी जानकारी दी। बैठक में विद्यालय को सामाजिक संसाधन केंद्र के रूप में विकसित करने, विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने तथा अभिभावकों और विद्यालय के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं समय-समय पर अभिभावकों की सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई तथा इससे जुड़ी आवश्यक प्रक्रियाओं से अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। बैठक में शिक्षक गेंदों रविदास, ब्रजेश कुमार सिंह, संतोष सेठ, शिक्षिका शारदा शैल बाला सहित अन्य शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। यदि यह प्रभात खबर या हिन्दुस्तान में छपने के लिए है, तो इसे उसी शैली में भी तैयार किया जा सकता है।

### चतरा में जिला आर्ट एसोसिएशन का गठन, फ्लैक्स बोर्ड के बढ़ते चलन पर जताया विरोध



**चतरा**। गुरुवार को पत्थलदास मंदिर परिसर में जिला आर्ट एसोसिएशन का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता बबन आर्ट ने की, जबकि संचालन कान्हाचट्टी के श्रवण आर्ट ने किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए दर्जनों पेंटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। सम्मेलन में सर्वसम्मति से जिला आर्ट एसोसिएशन का गठन किया गया। इसमें राजू आर्ट को जिला अध्यक्ष, श्रवण आर्ट को उपाध्यक्ष, अशोका आर्ट को सचिव, मोनू आर्ट को उपसचिव, दीपक आर्ट को कोषाध्यक्ष तथा रवि आर्ट को मीडिया प्रभारी चुना गया। वहीं बबन आर्ट, प्रमोद आर्ट, राजेंद्र आर्ट और राज आर्ट को संगठन का संरक्षक मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पेंटिंग कार्य की नई दरें लागू करने तथा कलाकारों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला आर्ट एसोसिएशन ने सरकारी एवं निजी विभागों में तेजी से बढ़ रहे फ्लैक्स बोर्ड के उपयोग पर कड़ा विरोध जताया। नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष राजू आर्ट ने कहा कि जल्द ही इस मुद्दे को लेकर चतरा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि स्थानीय पेंटरों के रोजगार की रक्षा की जा सके। उपसचिव मोनू आर्ट ने जिला प्रशासन से मांग की कि बाहरी पेंटरों को कार्य देने के बजाय स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे जिले के पेंटरों को रोजगार मिल सके। सम्मेलन में आशीष आर्ट-2, रवि आर्ट, चंदन आर्ट, गोपाल आर्ट, राजकुमार आर्ट सहित जिले के कई पेंटर उपस्थित रहे।

### चतरा में धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बेहोश, आईसीयू में भर्ती सांसद-विधायक ने जाना हाल



**चतरा**।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कालीचरण यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ चल रहे एक विरोध प्रदर्शन के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब पार्टी के जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े। धरना स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने बिना देर किए उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने शुरुआती जांच के बाद उन्हें डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) का शिकार पाया और तुरंत आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कर दिया। समय पर मिले इलाज के कारण अब उनकी हालत स्थिर और नियंत्रण में है। इस बीच जिलाध्यक्ष के अस्वस्थ होने की खबर मिलते ही सांसद कालीचरण सिंह और सिमरिया के विधायक उज्जवल दास फौरन अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली। दोनों जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और डॉक्टरों की मुस्तैदी की सराहना करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की, जबकि अस्पताल परिसर में उनका हाल जानने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। इस घटना के बाद धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है तथा प्रशासन भी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। जिले के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी फोन पर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की। अस्पताल प्रबंधन ने बुलेटिन जारी कर बताया कि उन्हें अगले 24 से 48 घंटों तक डॉक्टरों की विशेष निगरानी में रखा जाएगा। पार्टी के युवा मोर्चे के सदस्यों ने उनके जल्द ठीक होने के लिए स्थानीय मंदिर में विशेष प्रार्थना का आयोजन भी किया है। डॉक्टरों के अनुसार अत्यधिक गर्मी और लगातार धूप में रहने के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी थी। फिलहाल सदर अस्पताल के बाहर सुरक्षा और समर्थकों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि अस्पताल के अन्य मरीजों को कोई असुविधा न हो।

# गुरुजी चंदेल शुभ कुश के जन्मदिन पर आशीर्वाद देने पहुंचे

» सत्यनारायण भगवान की कथा कर धूमधाम के साथ 10 वा जन्मदिन मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली**।अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के प्राचारि महंत गुरुजी राजू चंदेल आज नीति आयोग के उच्च अधिकारी भूपेश कुमार सिंह एवं पूजा सिंह, के जुड़वा बेटे शुभ कुश का जन्मदिन बड़ी धूमधाम और सादगी के साथ मनाया गया इस मौके पर भगवान सत्यनारायण की कथा पंडित गणेश आचार्य द्वारा विधिवत कराया गया इसके उपरांत केक भी काटा गया इस मौके पर नानाजी प्रताप नारायण बाजपेई, नानी रन्नो,वाजपेई, बबीता बाजपेई, मौसी निशा बाजपेई, मौसी मौसी आशीष त्रिपाठी, दीपिका बाजपेई, चिराग वाजपेई उज्जवल बाजपेई ध्रुव पांडे, उन्नति त्रिपाठी, मिताक्षरा त्रिपाठी,सृष्टि बाजपेई, मानसी चंदेल, शिवम गुरुजी,सहित गणमान्य व्यक्तियों ने शुभ कुश को पुष्प वर्षा कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी जैसा कि ज्ञात हो शुभ और कुश दोनों जुड़वा बेटे हमारे भूपेश कुमार सिंह के घर में पैदा हुए और दोनों ही बड़े प्रतिभाशाली और संस्कारी हॉनहार बच्चे हैं इस मौके पर दोनों बच्चों को लंबी आयु और कामयाबी का आशीर्वाद देते हुए गुरु जी राजू चंदेल ने कहा कि दोनों बच्चों का उज्जवल भविष्य है और उन्हें कुछ पद प्राप्त होंगे आने वाले समय में यही मेरा आशीर्वाद है

## ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन इवेंट्स ट्रस्ट ने सुरभि सिंह यादव को पुणे जिला अध्यक्ष नियुक्त किया

नई सोच एक्सप्रेस



**कुरुक्षेत्र**। ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन इवेंट्स ट्रस्ट के उत्तरी क्षेत्र डॉक्टर सेल की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वसुंधरा मेहरोत्रा ने सुरभि सिंह यादव को महाराष्ट्र के पुणे जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। सुरभि सिंह यादव पेशे से डायटीशियन हैं तथा उन्होंने अपने विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। नियुक्ति के अवसर पर डॉ. वसुंधरा मेहरोत्रा ने उन पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे संस्थान के हित में समर्पित भाव से कार्य करेंगी, संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगी तथा एक सशक्त टीम का गठन कर जनहित के कार्यों को गति देंगी। ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन इवेंट्स ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने सुरभि सिंह यादव को पुणे जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पुणे में संगठन सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा तथा जनसेवा के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन इवेंट्स ट्रस्ट एक गैर-सरकारी संस्था (एनजीओ) है, जो पिछले लगभग 13 वर्षों से विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संस्था समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की सहायता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा के प्रसार तथा जनकल्याण से जुड़े अनेक सेवा कार्यों का संचालन करती है। संस्था का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा और सहयोग पहुंचाना है।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर 15 चिकित्सकों का हुआ सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस




**नई दिल्ली/नोएडा**। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर दिल्ली (एनसीआर) प्रदेश जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा ने सेक्टर-62 स्थित यूपी राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के सभागार में 'चिकित्सा गौरव सम्मान समारोह' का आयोजन किया। वरिष्ठ समाजसेवी अशोक जायसवाल के मार्गदर्शन और सुधीर कुमार मनहर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 15 चिकित्सकों को अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति-पत्र, पुष्पहार एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अरुण मोहन भारवि ने किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक मानव जीवन के रक्षक हैं और समाज में उनका सम्मान सर्वोच्च होना चाहिए। समारोह में सम्मानित चिकित्सकों ने इस सम्मान को समाजसेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी और समर्पण को बढ़ाने वाला बताया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। अंत में प्रदेश युवा अध्यक्ष अजय कुमार जायसवाल का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया तथा अगले वर्ष 300 से अधिक चिकित्सकों की सहभागिता के साथ समारोह को और भव्य बनाने का संकल्प लिया गया।

## अपनी पार्टी के नेता अब्दुल रशीद भट और सूफी इरफान ने क्रमहूरा का दौरा किया; आग पीड़ितों के लिए तुरंत राहत की मांग की

नई सोच एक्सप्रेस



**क्रमहूरा**।जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, अब्दुल रशीद भट और सूफी इरफान ने आज क्रमहूरा का दौरा किया और हाल ही में लगी भीषण आग की घटना से प्रभावित परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। नेताओं ने पीड़ितों से मुलाकात की, नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने पार्टी की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन से त्वरित कार्रवाई का आग्रह करते हुए, नेताओं ने सरकार से आग से प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत, अस्थायी आश्रय और आवश्यक सहायता प्रदान करने की अपील की। दौरे के दौरान, सूफी इरफान ने फोन पर ज़चलदारा के तहसीलदार से संपर्क किया और पीड़ितों के लिए तत्काल सहायता और त्वरित राहत उपायों का अनुरोध किया। अब्दुल रशीद भट ने कहा, "परिवारों ने अपने घर और सामान खो दिए हैं। प्रशासन का यह कर्तव्य है कि वह बिना देरी के उन तक पहुंचे। दुख की इस घड़ी में हम पीड़ितों के साथ खड़े हैं।" अपनी पार्टी के नेताओं ने पीड़ितों को आश्वासन दिया कि जब तक उचित पुनर्वास सुनिश्चित नहीं हो जाता, तब तक वे प्रशासन के साथ मामले को उठाते रहेंगे।

## 'सेविंग द फ्यूचर' NGO ने बेमिना के न्यू पब्लिक मॉडर्न स्कूल में महिलाओं की स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

नई सोच एक्सप्रेस



**श्रीनगर**।'सेविंग द फ्यूचर' (STF) NGO ने बेमिना के न्यू पब्लिक मॉडर्न स्कूल में महिलाओं की स्वच्छता पर एक जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा लड़कियों के बीच मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, स्वस्थ आदतों और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। काउंसलर सुश्री सोलिहा खान ने एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया, जिसमें मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व, सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ने और लड़कियों को सुरक्षित व स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। न्यू पब्लिक मॉडर्न स्कूल के प्रिंसिपल ने भी सभा को संबोधित किया; उन्होंने 'सेविंग द फ्यूचर' NGO की इस पहल की सराहना की और शैक्षणिक संस्थानों में स्वास्थ्य से जुड़े ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने के महत्व पर जोर दिया। 'सेविंग द फ्यूचर' NGO के चेयरमैन ने जागरूकता अभियानों और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने की संस्था की प्रतिबद्धता के बारे में बात की। उन्होंने छात्रों को अपने परिवारों और समुदायों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के जानकार, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार एंबेसडर (दूत) बनने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने बातचीत वाले इस सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया; उन्होंने अपने विचार साझा किए, सवाल पूछे और महिलाओं के स्वास्थ्य व स्वच्छता पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, छात्रों के बीच स्वच्छता से जुड़ी जरूरी चीजें (हाइजीन प्रोडक्ट्स) बांटी गईं। इससे इस संदेश को बल मिला कि स्वास्थ्य, सम्मान और भलाई के लिए स्वच्छता के साधनों तक पहुंच बहुत जरूरी है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इसमें 'सेविंग द फ्यूचर' NGO ने प्रभावशाली जागरूकता अभियान चलाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, जो एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देते हैं।

## शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. मीणा द्वारा लिखित काव्य संग्रह कैलाशी की प्रति भेंट



नई सोच एक्सप्रेस

**बीकानेर**।शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर में मासिक शिविरा पत्रिका के वरिष्ठ संपादक एवं जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा को शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना द्वारा लिखित काव्य संग्रह कैलाशी की प्रति भेंट की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मीणा ने कहा कि काव्य संग्रह कैलाशी सागर को गागर में भरती है। यह संग्रह भावनाओं और शब्दों का एक अद्भुत मोती है। हर एक कविता पाठक के दिल को छू लेती है। यह रचना जीवन की गहराई को बड़ी खूबसूरती से बयां करती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा,शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर विश्नोई,प्रदेश विधि सहलाकार एडवोकेट हनुमान प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहें।

## प्रमोशन, डिपार्टमेंटल परीक्षाएं और नियुक्तियां लागू हों



नई सोच एक्सप्रेस

**कानपुर**।ऑल इंडिया आयुध निर्माणी नॉन गजेटेड ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईएएनजीओ) के तत्वावधान में गुरुवार को आयुध उपस्कर निर्माणी फूलबाग कानपुर के गेट के सामने मध्यावकाश में चार्जमैनों ने धरना दिया। धरने में लंबित पदोन्नतियों, विभागीय परीक्षाओं, अनुकंपा नियुक्तियों संबंधी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। धरने में मांग की गई कि यथास्थिति के आदेशों को समाप्त कर चार्जमैन से जूनियर वर्क्स मैनेजर, जूनियर वर्क्स मैनेजर से वरिष्ठ ग्रेड जूनियर वर्क्स मैनेजर तथा वरिष्ठ ग्रेड जूनियर वर्क्स मैनेजर से सहायक वर्क्स मैनेजर तक की वर्ष 2026 की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू की जाए। साथ ही दिव्यांग कर्मचारियों की पदोन्नति और 5400 रुपये के गैर-कार्यात्मक उन्नयन का लाभ भी दिया जाए। कर्मचारियों ने वरिष्ठ ग्रेड जूनियर वर्क्स मैनेजर की सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लंबित 618 पदों को भरने, तकनीकी जूनियर वर्क्स मैनेजर के लिए विभागीय परीक्षाएं आयोजित करने, मास्टर क्राफ्ट्समैन से चार्जमैन पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने तथा भर्ती नियमों में संशोधन और कैडर समीक्षा की मांग की। इस अवसर पर AIANGOs ओईएफ कानपुर ब्रांच के सचिव संदीप सिंह, अध्यक्ष विनोद कुमार, सीपीसीटी सदस्य बिजेन्द्र कुमार सिंह, अमित निगम, पंकज वर्मा, अलंकार अवस्थी, सत्येंद्र कुमार, सौरभ शुक्ला , रीतेश पांडेय, सूरज कुमार, सहित AIANGOs के अन्य सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच दिलाना होगी प्राथमिकता - कविता दलाल

नई सोच एक्सप्रेस



**बागपत, उत्तर प्रदेश**। विश्वप्रसिद्ध देश की पहली डब्लू-डब्लू-ई महिला रेसलर कविता दलाल ने राष्ट्रीय लोकदल खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने के बाद शाहपुर बड़ौली गांव के निकट स्थित उज्जवला मेरिज होम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि यह दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि देश के खिलाड़ियों, युवाओं और खेल संस्कृति को नई दिशा देने का अवसर है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि संगठन की अपेक्षाओं पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने अपनी भावी कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि सबसे पहले देशभर में खेलकूद प्रकोष्ठ को जिला, मंडल और बूथ स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय बनाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवा संगठन से जुड़ सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें उचित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। कविता दलाल ने कहा कि महिलाओं और बेटियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। इसके लिए महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने, उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने तथा सुरक्षित और सकारात्मक खेल वातावरण तैयार करने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेल संस्थानों के सहयोग से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, फिटनेस अभियान, मैराथन, योग शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाएगा। कविता दलाल ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और स्वस्थ समाज के निर्माण का सबसे प्रभावी साधन है। उनका लक्ष्य युवाओं में नशामुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को खेलों के माध्यम से मजबूत करना भी रहेगा। कविता दलाल ने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और कार्यकर्ताओं के सहयोग से खेलकूद प्रकोष्ठ को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई जाएगी तथा हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी को आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। इस मौके पर रालोद वरिष्ठ नेता धीरज उज्जवल, राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तरसपाल मलिक, सुखबीर सिंह गठिना, चौधरी बिजेंद्र सिंह बिजवाड़ा, रालोद महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा बालियान, एडवोकेट जयवीर तोमर, राजू तोमर सिरसली, नीरज पंडित, सुनील मलिक शामली, वीरेंद्र राणा, सागर तोमर, लेखराज प्रधान, गौरव तोमर, महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची से एयर इंडिया एक्सप्रेस की 4 और इंडिगो की 1 फ्लाइट आज से बंद

**रांची, एजेंसी।** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से एक जुलाई से अलग-अलग शहरों के लिए संचालित पांच नियमित उड़ानों का परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इनमें एयर इंडिया एक्सप्रेस के चार और इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान शामिल हैं। एयरलाइन कंपनियों ने एयर टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की बढ़ती लागत और विमानों की कमी को इस निर्णय का प्रमुख कारण बताया है। स्थिति सामान्य होने तक यह व्यवस्था प्रभावी रहेगी। बंद की गई उड़ानों में एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आइएक्स 2379/2378 (दिल्ली-रांची-दिल्ली), आइएक्स 1053/1051 (दिल्ली-रांची-दिल्ली), आइएक्स 2373/2372 (हैदराबाद-रांची-मुंबई) और आइएक्स 2375/2374 (मुंबई-रांची-हैदराबाद) शामिल हैं। इसके अलावा इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई7317/6ई7251 का संचालन भी फिलहाल रोक दिया गया है। इन उड़ानों के बंद होने से रांची से दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। खासकर व्यावसायिक यात्रियों, छात्रों और इलाज के लिए यात्रा करने वाले लोगों पर इसका असर पड़ने की संभावना है। यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों में टिकट बुक कराने या यात्रा कार्यक्रम में बदलाव भी करना पड़ सकता है। इंडिगो एयरलाइंस का भुवनेश्वर-रांची विमान (6ई7361) मंगलवार को रद्द कर दिया गया। इस बारे में एयरलाइंस के अधिकारी ने बताया कि तकनीकी कारणों से विमान को रद्द किया गया। इसकी सूचना यात्रियों को फोन पर दे दी गई थी। वहीं, मौसम खराब होने के कारण आधा दर्जन से अधिक विमान देर से रांची एयरपोर्ट से उड़े।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे में लोहरदगा नंबर 1, धनबाद तीसरे स्थान पर

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में रबी फसल के डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) का अब समाप्त हो गया है। इसमें राज्य का हाल बहाल रहा। पूरे राज्य में मात्र 42.50 प्रतिशत निधारित प्लॉट का सर्वे ही हो पाया। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार राज्य में चयनित दो करोड़ 60 लाख 75 हजार 447 प्लॉट में से केवल एक करोड़ 10 लाख 82 हजार 907 प्लॉट (42.50 प्रतिशत) का ही सर्वे पूरा हो सका। हालांकि इस धीमी प्रगति के बीच धनबाद ने 74 ।24 प्रतिशत सर्वे पूरा कर राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि लोहरदगा (83.55 प्रतिशत) पहले और देवघर (78.66 प्रतिशत) दूसरे स्थान पर रहा। बता दें कि राज्य भर के 32,739 गांव के 263 ब्लॉक में क्रॉप सर्वे का काम किया गया। धनबाद जिले में 1,222 गांवों के 14 लाख 57 हजार 270 प्लॉट को डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए चयनित किया गया था। इनमें से 10 लाख 81 हजार 835 प्लॉट का सर्वे पूरा हुआ, जबकि 9 लाख 24 हजार 417 प्लॉट को स्वीकृति मिली। जिले में सर्वे का प्रतिशत 74.24 रहा। इस कार्य के लिए 50 सुपरवाइजर और 2,444 सर्वेयर निर्धारित किए गए थे। इनमें 86 सुपरवाइजर तथा 2,027 सर्वेयर (1,617 पंजीकृत सर्वेयर और 410 सीएससी सर्वेयर) कार्य में जुड़े।

### आईआईएम रांची और पीवीयूएनएल के बीच एमओयू, फ्लाई ऐश के व्यावसायिक उपयोग को दिया जाएगा बढ़ावा

**रांची, एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची और पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) ने फ्लाई ऐश और उससे बनने वाले उत्पादों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक पहल की है। इस दिशा में दोनों संस्थानों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल का उद्देश्य फ्लाई ऐश के बेहतर उपयोग के माध्यम से सतत विकास, नवाचार और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना है। एमओयू का आदान-प्रदान आईआईएम रांची के निदेशक प्रो। दीपक कुमार श्रीवास्तव और पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एके सहगल ने किया। इस साझेदारी के तहत आईआईएम रांची, पीवीयूएनएल के ताप विद्युत संयंत्रों से निकलने वाली फ्लाई ऐश के वर्तमान उपयोग का विस्तृत अध्ययन करेगा और उसके प्रभावी और व्यावसायिक उपयोग के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करेगा। परियोजना के तहत आईआईएम रांची पीवीयूएनएल की विभिन्न इकाइयों में फ्लाई ऐश के उपयोग को 50 प्रतिशत तक पहुंचाने के लिए व्यावहारिक रोडमैप तैयार करेगा। साथ ही फ्लाई ऐश और उससे बनने वाले उत्पादों के अधिकतम व्यावसायिक उपयोग के लिए एक समग्र व्यावसायीकरण मॉडल विकसित किया जाएगा। इसके अलावा इन उत्पादों की ब्रांडिंग, मार्केटिंग और विज्ञापन रणनीति भी तैयार की जाएगी, ताकि बाजार में उनकी बेहतर पहचान और मांग सुनिश्चित हो सके। इस पहल से उद्योगों में फ्लाई ऐश आधारित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण के अनुकूल संसाधन प्रबंधन को भी मजबूती मिलेगी।

## हिमांशु हत्याकांड के मुख्य आरोपी की पुलिस ने जारी की तस्वीर

# सूचना देने वाले को मिलेगा 2 लाख रुपये इनाम




**जमशेदपुर, एजेंसी।** शहर के बार में चाकूबाजी में हुई हत्या के मुख्य आरोपी की सूचना देने वाले के लिए पुलिस ने 2 लाख रुपये इनामी राशि की घोषणा की है। वहीं जदय विधायक सरयू राय ने कहा कि मुख्यमंत्री को राज्य की कानून व्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है, जमशेदपुर में कानून व्यवस्था अच्छी नहीं है। वहीं जेएमएम ने बीजेपी पर आरोपी को संरक्षण देने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि जिस बार में घटना घटी है, उसका मालिक नीरज सिंह भाजपा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हैं।

जमशेदपुर के बार में मारपीट के बाद सड़क पर सरेआम पुलिस के सामने चाकूबाजी की घटना चर्चा का विषय बन गया है। घटना के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इस घटना में पीड़ित परिवार और आक्रोशित लोगों ने घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इधर भाजपा भी 48 घंटे का अल्टीमेटम दे दिया है। घटना के मुख्य आरोपी का नाम विश्वनाथ मंडल उर्फ बोदरा है। जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एक अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें मुख्य आरोपी की फोटो भी संलग्न है।

घटना के बाद जिला एसएसपी पियूष पांडेय को हटाए जाने के बाद जमशेदपुर पश्चिम से विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अधीन गृह मंत्रालय है। राज्य में कानून व्यवस्था पर उनका विशेष ध्यान होना चाहिए। विधायक सरयू राय ने कहा है कि लापरवाही के कारण यह घटना घटी है। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। जबकि उन्हें जानकारी लेनी चाहिए कि पुलिस महकमा काम कैसा कर रहा है। जमशेदपुर में पुलिस की लापरवाही कई दिनों से देखने को मिल रहा है, जिसकी जानकारी मुख्यमंत्री को होनी चाहिए थी।

बार हत्याकांड को निर्मम बताते हुए झामुमो के विधायक समीर कुमार मोहंती और पूर्वी सिंहभूम के जेएमएम जिलाध्यक्ष विक्टर सोरेन ने दिवंगत युवा के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही इस पर बीजेपी को राजनीति नहीं करने की सलाह दी है। झामुमो के दोनों नेताओं ने कहा कि जिस तरह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्रवाई की है, उससे साफ है कि सरकार की मंशा इस जघन्य अपराध के एक-एक दोषी को कानून के कठघरे तक पहुंचा कर कठोरतम सजा दिलाने की है।

जेएमएम सोशल मीडिया में पोस्ट कर सवाल किया है कि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जनता के सामने बताना चाहिए कि जिस डबल डाउन बार में यह हत्याकांड हुआ, उसका मालिक भाजपा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह हैं। जेएमएम ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक युवा का अपराध केवल इतना था कि उन्होंने महिलाओं से छेड़खानी का साहसपूर्वक विरोध किया था। प्रदेश बीजेपी से सवाल किया है कि क्या वे बताएगी कि नीरज सिंह जैसे लोगों को आखिर कब से राजनीतिक संरक्षण देती आ रही है।

जेएमएम ने कहा कि नीरज सिंह समेत 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद भाजपा की पूरी पार्टी लाइन उन्हें बचाने की कोशिश क्यों कर रही है। उसकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग क्यों नहीं कर रही। जेएमएम विधायक समीर मोहंती और पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष विक्टर सोरेन ने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या भाजपा अपने संगठन के प्रभावशाली पदाधिकारी होने के कारण नीरज सिंह को बचाने की कोशिश कर रही है। आखिर भाजपा अपराधियों के खिलाफ है या अपने संरक्षित अपराधियों के पक्ष में हैं।

जेएमएम ने कहा कि सच्चाई यह है कि घटना के तुरंत बाद सरकार ने बिना किसी दबाव या भेदभाव के त्वरित कार्रवाई की। बार को तत्काल सील किया। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया। दो जिलों के पुलिस कप्तान को हटाया, पूरे मामले की मुख्यमंत्री खुद निगरानी कर रहे हैं। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि चाहे आरोपी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बावजूद भाजपा का पूरा ध्यान आरोपियों पर दोष सिद्ध कर उसे कटघरे में खड़ा करने के बजाय राज्य सरकार को मनगढंत रूप से बदनाम करने और अपने राजनीतिक सहयोगियों को बचाने पर केंद्रित दिखाई देता है।

## आसमानी कहर ने ली महिला की जान, तीन अन्य घायल

**लातेहार, एजेंसी।** जिला में बारिश की स्थिति भले ही अच्छी ना हो परंतु लगातार हो रही वज्रपात की घटना से लोगों के जान माल का नुकसान हो रहा है। सोमवार को लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थान पर हुए वज्रपात की घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज बालूमाथ अस्पताल में किया जा रहा है। लातेहार जिला में इस वर्ष बारिश की स्थिति काफी दयनीय है। इसके बावजूद वज्रपात की घटना लगातार घट रही है। सोमवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर और बहेरा गांव में वज्रपात की दो अलग-अलग घटनाएं हुई।

पहली घटना गणेशपुर गांव में घटी। यहां तेजनी देवी अपने घर से बाहर किसी काम से खेत में गई थी। इसी दौरान अचानक वज्रपात की घटना हुई। हालांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद महिला के परिजन तत्काल महिला को लेकर बालूमाथ अस्पताल पहुंचे। परंतु जांच के बाद चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि महिला के चार छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।

वहीं वज्रपात की दूसरी घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में घटी। बताया गया कि मौसम खराब रहने के कारण घर के अंदर तीन लोग बैठे थे। इसी दौरान अचानक घर के बाहर वज्रपात हो गयी। वज्रपात इतनी जोरदार हुई कि घर में बैठे तीनों लोगों को झटका लगा और सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में टीभु यादव, कैलाश यादव और गीता देवी शामिल हैं। इधर घटना के बाद घर के दूसरे कमरे में बैठे परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल तीनों को बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर अशोक कुमार ने घायलों का इलाज किया।इस संबंध में जानकारी देते हुए चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। अशोक कुमार ने बताया कि वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि जब महिला अस्पताल पहुंची तो जांच में वह मृत पाई गई। वहीं तीन अन्य घायल लोगों को भी अस्पताल लाया गया। जहां तीनों का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों की स्थिति खतरे से बाहर है, परंतु सावधानी के लिए उन्हें अस्पताल में ही रखा गया है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी अमित कुमार अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

## ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पाकुड़ में लगे कैंप में उमड़ी लोगों की भीड़, सरकार का जताया आभार



**पाकुड़, एजेंसी।** झारखंड सरकार के निर्देश पर पाकुड़ जिले में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए प्रखंड स्तरीय कैंप लगाया गया। आयोजित कैंप में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी और लाइसेंस के लिए आवेदन दिया। शिविर में परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने ऑन स्पॉट दर्जनों लोगों के कागजात जांच करने के उपरांत लर्निंग लाइसेंस हाथों हाथ दे दिया।

जिला परिवहन पदाधिकारी मुजाहिद अंसारी ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है चालकों को सरल तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस मुहैया कराया जाए ताकि बिना लाइसेंस के कोई भी व्यक्ति वाहन न चलाये और ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सड़क दुर्घटना को रोकने में सहयोग करें।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड कार्यालय में लगाए गए शिविर में सदर प्रखंड के ग्रामीण इलाकों से दर्जनों लोग आवेदन लेकर पहुंचे और उनके सारे दस्तावेजों की जांच के बाद टेस्ट लिया गया और हाथों हाथ लर्निंग लाइसेंस दिया गया। उन्होंने बताया कि लगाए गये शिविर में कार्यालय के सभी कर्मी और अधिकारी एक साथ बैठकर काम किया ताकि किसी भी व्यक्ति को ड्राइविंग लाइसेंस अप्लाई करने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

डीटीओ ने बताया कि लाइसेंस लेने के लिए आवेदक को पहले ऑनलाइन आवेदन अपलोड कराना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदक को अपना आईडी प्रूफ, जन्म प्रमाण पत्र, ब्लड ग्रुप, मेडिकल फिटनेस आदि जमा करना होगा और ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे कैंप या कार्यालय में बुलाकर एक टेस्ट लिया जायेगा और उसके बाद उसे लर्निंग लाइसेंस दिया जायेगा। उसके बाद फिर फाइनल टेस्ट लेकर लाइसेंस दे दिया जायेगा।

वहीं कैंप में पहुंचे लोगों ने बताया कि पहले ड्राइविंग लाइसेंस के लिए कार्यालय में चक्कर लगाना पड़ता था लेकिन सरकार की इस पहल से काफी कुछ आसान हो गया है। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

## रांची में प्रेम प्रसंग में खूनी साजिश, प्रेमिका समेत 5 गिरफ्तार



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के मांडर थाना क्षेत्र में बमबारी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है, वारदात के पीछे प्रेम प्रसंग और आपसी रंजिश की साजिश थी। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता सरिता कुजूर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि घटना के सिलसिले में दो नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है।

रांची के ग्रामीण एमपी गौरव गोस्वामी ने बताया कि 30 जून के अहले सुबह डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोंडो, महुआजाड़ी थाना मांडर जिला रांची में कुलदीप खलखो के घर पर किसी अज्ञात अपराधी द्वारा सुतली बम फेंका गया, जिससे घर का अल्बेस्टर टूट गया है तथा घर से बाहर एवं छत पर तीन जिंदा सुतली बम पड़े हुए हैं।

सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया तथा अविलंब घटनास्थल पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल ग्राम-बोंडों स्थित कुलदीप खलखों के घर पर पहुंची तो देखा कि घर के दक्षिण तरफ एक फटा हुआ देसी सुतली बम का अवशेष बिखरा हुआ है तथा घर के आस-पास तीन जिंदा सुतली बम पड़े हुए हैं। पुलिस टीम द्वारा कागजी कार्रवाई पूर्ण कर तीनों बमों को बीडीएस की मदद से निष्क्रिय किया गया तथा कुलदीप खलखो एवं उनके परिजनों से विस्तार से पूछताछ की गई, जिसमें सरिता नाम की महिला की भूमिका बताई गई।

पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल समीर केरकेट्टा को महज छः घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया। उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर इटकी, बेड़ो, आदि थाना क्षेत्र में छापेमारी कर कांड में शामिल सरीता कुजूर, तबरेज अंसारी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही कांड में प्रयुक्त 02 मोबाइल फोन एवं 01 मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। अनुसंधान के क्रम में घटना का कारण प्रेम संबंध निकला। कांड के वादी कुलदीप खलखो का संबंध एक वर्ष पूर्व सरिता कुजूर से था परंतु बीच में सरिता कुजूर अभियुक्त समीर केरकेट्टा के साथ प्रेम करने लगी तथा उसी के साथ रहने लगी। जिस कारण कुलदीप खलखो एवं समीर केरकेट्टा के बीच मतभेद हो गया था। इसी बात को लेकर कुलदीप खलखो की हत्या करने की नीयत से उपरोक्त सभी अभियुक्तों द्वारा एक साजिश के तहत कुलदीप खलखो के सोने वाले कमरे की छत पर चार देसी सुतली बम फेंके गए। परंतु फेके गये बम से किसी की जान की क्षति नहीं हुई।

यह घटना पूर्णतः प्रेम प्रसंग का है। घटना के पूर्व अपराधियों के द्वारा कुलदीप खलखों के घर की रेकी की गई तथा समीर केरकेट्टा को अभियुक्त तबरेज अंसारी एवं अन्य के द्वारा जंगल क्षेत्र में जाकर बम फेंकने का रिहर्सल कराया गया था।

## रिम्स की बड़ी कार्रवाई! फर्जी प्रमाण पत्र पर एमबीबीएस में एडमिशन लेने वाले छात्र का नामांकन रद्द

रांची, एजेंसी। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान ने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त नामांकन के एक मामले में त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई की गयी है। जिसमें वर्ष 2025 बैच के एमबीबीएस छात्र आशीष कुमार (पिता- मंटू प्रसाद मंडल) का नामांकन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

प्राप्त शिकायत के आलोक में रिम्स प्रबंधन द्वारा संबंधित अभिलेखों की सत्यता की जांच के लिए साहिबगंज के उपायुक्त को पत्र प्रेषित किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा कराई गई जांच के बाद प्राप्त प्रतिवेदन में अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी से संबंधित प्रस्तुत प्रमाणपत्र को फर्जी पाए जाने की पुष्टि की गई है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संस्थान द्वारा नियमानुसार छात्र का नामांकन निरस्त करने की कार्रवाई की गई।

रिम्स प्रबंधन की ओर से जनसंपर्क अधिकारी डॉ। शिशिर कुमार महतो ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा फर्जी दस्तावेजों के उपयोग के प्रति संस्थान की जीरो टॉलरेंस नीति है। प्रवेश प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं वैधानिकता सुनिश्चित करना संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में नियमों के अनुरूप कठोर कार्रवाई की जाएगी।

आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा की तैयारी का अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रिम्स ने अपने निःशुल्क ह्श्वश्वञ्ज-त्र कोचिंग कार्यक्रम के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट के आधार पर चयनित 30 विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी है।

## नेशनल डॉक्टर्स डे: रिम्स में चिकित्सकों, नर्सों और पारा मेडिकल स्टाफ ने किया रक्तदान



**रांची, एजेंसी।** बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री रहे डॉ। बीसी रॉय की जयंती को देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिन को राज्यभर में चिकित्सक और मेडिकल फटर्निटी से जुड़े लोग अपने-अपने तरीकों से मना रहे हैं। झारखंड के विभिन्न अस्पतालों में भी डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने राज्य के चिकित्सकों को डॉक्टर्स-डे की शुभकामनाएं दी।

वहीं राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में ब्लड बैंक के द्वारा इमरजेंसी, ट्रॉमा एंड क्रिटिकल केअर विभाग में रक्तदान शिविर लगाया गया, जहां बड़ी संख्या में चिकित्सकों, नर्सों और पारा मेडिकल स्टाफ ने रक्तदान किया। रक्तदान से पहले रिम्स में डॉ। विधानचंद्र रॉय की जयंती पर बर्थडे केक भी काटा गया। यहां वक्ताओं ने डॉ। विधानचंद्र रॉय के एक स्वतंत्रता सेनानी, एक चिकित्सक, बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में उनके विकासन्मुखी विचार को याद किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। रांची ब्लड बैंक की हेड डॉ। सुषमा कुमारी ने बताया कि डॉक्टर्स-डे पर आज हमलोग रक्तदान कर डॉ। विधानचंद्र रॉय को याद कर रहे हैं।

वहीं रांची सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में भी डॉक्टर्स-डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के चिकित्सकों के योगदान को स्मरण करते हुए समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर कई चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर रांची के सिविल सर्जन डॉ। प्रभात कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ। बिमलेश सिंह, डीआरसीएचओ डॉ। असीम कुमार माझी, डीटीओ डॉ। एसके बास्की, डीएमओ डॉ। एसके। साबरी, डॉ। एवी के बखला, डॉ। आरके जायसवाल, डॉ। आरके सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह सहित जिले के कई चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ करते हुए सिविल सर्जन डॉ। प्रभात कुमार ने कहा कि भारत में प्रत्येक वर्ष 01 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस महान चिकित्सक, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ। विधानचंद्र रॉय की जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ। रॉय का जीवन सेवा, समर्पण और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे सभी चिकित्सकों को प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि लोगों को स्वस्थ, सुरक्षित और बेहतर जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपदा, महामारी, दुर्घटना अथवा किसी भी स्वास्थ्य आपातकाल में चिकित्सक अपनी व्यक्तिगत सुविधाओं की परवाह किए बिना निरंतर सेवाएं देते हैं। उनका समर्पण और सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायी है। सिविल सर्जन डॉ। प्रभात कुमार ने सभी चिकित्सकों से कहा कि वे मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, सेवा भावना और नैतिक मूल्यों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहें और गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

वहीं सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ। बिमलेश सिंह ने चिकित्सकों के योगदान की सराहना की और उनके उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और निरंतर जनसेवा के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह ने सभी चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके अमूल्य कार्य हेतु धन्यवाद दिया।



# बारिश में न दिखने वाले जहरीले कीड़ों से भर जाती हैं ये सब्जियां

**मानसून का मौसम आ गया है और साथ ही बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियां भी साथ लाया है। इस मौसम में हवा में ज्यादा नमी होती है जिससे बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं और यही वजह है कि इन दिनों कुछ भी अस्वस्थ खाने से बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। मानसून में पत्तेदार सब्जियां खाने से बचना चाहिए। पालक और लेट्यूस जैसी पत्तेदार सब्जियों में नमी की वजह से बैक्टीरिया और परजीवी आसानी से पैदा हो सकते हैं। साथ ही मानसून के दौरान ज्यादा ह्यूमिडिटी के कारण ये जल्दी खराब हो जाती हैं।**

मानसून में इन सब्जियों पर कीड़े और अन्य मकोड़े लगने का खतरा ज्यादा होता है। साथ ही नमी वाली जलवायु इनकी सतह पर फफूंद और कवक पैदा कर सकती है।

### बैंगन

मानसून के दौरान बैंगन में कीड़े लगने का अधिक खतरा रहता है। ज्यादा नमी इस सब्जी को जल्दी सड़ा भी सकती है और ये गलने लगती है। इसमें में अल्कलॉइड ज्यादा पाया जाता है जिससे इसका एसिडिक लेवल काफी बढ़ जाता है। इसके सेवन से आपको फूड पॉइजनिंग, उल्टी, खुजली, एलर्जी और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है।

### भिंडी

एक्सपर्ट के अनुसार, भिंडी नमी वाले मानसून के मौसम में जल्दी चिपचिपी हो जाती है और इस वजह से यह सब्जी खाने में अच्छी नहीं लगती है। ज्यादा नमी के कारण भिंडी के अंदर कीड़े भी लग जाते हैं।

### टमाटर

टमाटर में भी मानसून के दौरान हवा में ज्यादा नमी की वजह से जल्दी फफूंद लगने लगती है और ये सड़ने लग जाते हैं। इनमें फंगल इंफेक्शन होने का भी खतरा ज्यादा होता है। इसके सेवन से कफ दोष बढ़ सकता है।

### ग्रीन बीन्स

ग्रीन बीन्स भले ही सेहतमंद होती हैं और इनमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, लेकिन नमी की वजह से मानसून के मौसम में ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इनमें इस मौसम में आसानी से फफूंद लग सकती है या फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

### गोभी



गोभी, ब्रोकली और ब्रसेल्स स्प्राउट सब्जियों का मानसून के मौसम में कम सेवन किया जाना चाहिए। भले ही ये बहुत पौष्टिक होती हैं, लेकिन इन सब्जियों में गड्ढे और दरारें होती हैं, जिनमें पानी जम सकता है और बैक्टीरिया पनपने का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के दिनों में इनको अच्छी तरह धोना मुश्किल होता है, जिससे इनमें संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है।

### जड़ वाली सब्जियां

गाजर, मूली, और शलगम जैसी जड़ वाली सब्जियां मानसून के दौरान खाने के लिए आम तौर पर सुरक्षित मानी जाती हैं। हालांकि, इस मौसम में मिट्टी में ज्यादा नमी होने के कारण ये सब्जियां ज्यादा पानी सोख लेती हैं, जिससे ये जल्दी खराब हो सकती हैं।

### मशरूम

कई लोगों को खाने में मशरूम बहुत पसंद होता है, लेकिन मानसून में इन्हें कम खाना ही बेहतर होता है। मानसून में ज्यादा नमी और गीली हवा की वजह से मशरूम में जल्दी फफूंद और बैक्टीरिया लगने लगते हैं। जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर है या पाचन संबंधी समस्याएं हैं उन्हें खासतौर पर सतर्क रहना चाहिए। मशरूम पचाने में थोड़े मुश्किल होते हैं और ये मौजूदा स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकते हैं।

# दिमाग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है क्लाइमेट में बदलाव

हमारे क्लाइमेट में तेजी से बदलाव आ रहा है और ये दिमाग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। कुछ शोध बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण इंसानों के दिमाग का साइज करीब 10 प्रतिशत तक सिकुड़ गया है। हमारे रोजमर्रा के 3 काम भी दिमाग को ठप कर सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, अनहेल्दी डाइट, अत्यधिक मीठा और एक्सरसाइज न करने पर दिमाग की ताकत कम होती रहती है। इसका सबसे पहला लक्षण याददाश्त कमजोर होना है। आप इस समस्या को 6 जड़ी-बूटियों से ठीक कर सकते हैं। आइए ब्रेन के लिए लाभदायक इन हर्बल टॉनिक के बारे में जानते हैं।

### करक्यूमिन

दिमाग तेज करने के लिए हल्दी जरूर खाएं। इसमें करक्यूमिन होता है। यह कंपाउंड अल्जाइमर की बीमारी को रोकता है और याददाश्त मजबूत करने में मदद करता है। आप इसे खाने के अंदर या हर्बल चाय बनाकर ले सकते हैं।

### ब्राह्मी

ब्राह्मी एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसे कई सारे ब्रेन टॉनिक बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह आपकी याददाश्त बढ़ाने के साथ मानसिक समस्याओं को दूर रखने में मदद करती है। बच्चों का दिमाग शार्प करने के लिए भी इसका सेवन करवाया जा सकता है।

### शंखपुष्पी और अश्वगंधा

न्यूट्रिशनिस्ट अंजलि मुखर्जी ने ब्रेन हेल्थ के लिए शंखपुष्पी और अश्वगंधा को फायदेमंद बताया है। आप इन हर्बल ब्रेन टॉनिक का उपयोग करके याददाश्त बढ़ा सकते हैं। ये दोनों हर्ब्स दिमाग की ताकत कम होने से बचाती हैं।

### गिंको बाइलोबा

दुनियाभर में ब्रेन फंक्शन बढ़ाने के लिए गिंको बाइलोबा का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें काफी सारे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो उम्र बढ़ने के बावजूद दिमाग को जवान रखते हैं। यह ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ाती है, जिससे न्यूरल फंक्शन में सुधार आता है।

### लेसिथिन

यह कंपाउंड सोयाबीन और अंडे के पीले भाग में मिलता है। यह कई सारे फैट्स का मिक्सचर होता है। सेल्स को सही तरह से कामकाज करने के लिए इसकी जरूरत होती है। यह दिमाग में acetylcholine बनाने में भी मदद करता है।





# सामान्य बात है मानसून में बाल झड़ना

**जिस तरह मानसून में बारिश का होना तय है, उसी तरह इस मौसम में बालों का झड़ना भी निश्चित है। यदि इस मौसम में आपके बाल भी सामान्य से थोड़े ज्यादा झड़ रहे है तो यह बिल्कुल सामान्य बात है। जी हां, इस बात से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वर्ल्ड ट्राइकोलॉजी सोसाइटी के अध्ययन में यह बात सामने आई है कि नमी वाले मौसम में बालों का झड़ना लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं।**

### बारिश के मौसम में क्यों झड़ते हैं बाल

मानसून में पर्यावरण में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से बाल झड़ते हैं। बाल इस नमी को सोख लेते हैं और रूखे, उलझे और बेजान नजर आते हैं। इसकी स्वाभाविक नमी कम होती है, जिसकी वजह से सिर की त्वचा भी रूखी नजर आती है। ये बालों के फॉलिकल्स को कमजोर बनाते हैं और बाल झड़ने लगते हैं। नमी के बढ़ने से बालों के फॉलिकल्स बंद हो जाते हैं और जिससे बाल चिपचिपे हो जाते हैं।

### एक दिन में कितने बाल झड़ना सामान्य बात

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (एनसीबीआई) के अनुसार, सामान्य मौसम में एक दिन में व्यक्ति के 80-100 बाल झड़ते हैं। जबकि मॉनसून के दौरान, एक व्यक्ति के प्रतिदिन 250 बाल झड़ते हैं।

### बाल झड़ने का कारण

बालों का झड़ना अनियंत्रित थायरॉइड के स्तर, एनीमिया (हीमोग्लोबिन का निम्न स्तर), हॉर्मोन्स का सही रूप में काम ना करना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) और हाई ब्लड प्रेशर के भी संकेत हो सकते हैं।

यही वजह है कि बालों के असामान्य तरीके से झड़ने पर जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। बालों के झड़ने की समस्या को नजरअंदाज करने से यह कई लोगों में पूरी तरह से गंजेपन का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों में जिन्हें आनुवंशिक रूप से बालों के झड़ने की समस्या का जोखिम है।

द ट्राइकोलॉजिकल सोसाइटी, लंदन के पहले भारतीय अध्यक्ष डॉ. बत्रा के अनुसार बालों के झड़ने को होम्योपैथी दवाओं और उपचार की मदद से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। ये दवाएं बिना किसी साइड इफेक्ट के बालों के झड़ने के मूल कारण का उपचार कर बालों की स्थिति को बेहतर बनाती है। ये बालों को जड़ों से पोषण देने और बालों के फिर से निकलने में मदद करती हैं।

होम्योपैथी दवाएं पूरी जांच और केस का मूल्यांकन करने के बाद दी जाती हैं, जिसमें रोगी की मेडिकल हिस्ट्री और उनकी मानसिक और शारीरिक बनावट भी शामिल है।

### शैम्पू

भले ही बारिश में भीगने का आनंद लें लेकिन उसके बाद बालों को जरूर धोएं। बारिश के पानी को हटाने के लिये शैम्पू से अपने बालों को धोएं, क्योंकि बारिश का पानी गंदगी से भरा होता है। नमी वाले इस मौसम में चिपचिपेपन और पसीने को दूर रखने के लिए हफ्ते में 2-3 बार शैम्पू करें।



## बालों के झड़ने की समस्या को कैसे दूर करें

### अपने बालों को सही तरीके से सुखाएं

अपने बालों को सुखाने के लिये माइक्रोफाइबर तौलिए का इस्तेमाल करें, यह तुरंत ही पानी को सोख लेता है और आपके बालों तथा तौलिए के बीच कम से कम घर्षण होता है।

### कंडीशनर लगाएं

बारिश के पानी के साथ बालों में आने वाली उलझन को सुलझाने के लिये एक अच्छा कंडीशनर जरूरी है। बालों को झड़ने से रोकने वाले कंडीशनर का इस्तेमाल करें ताकि आपके बालों में नमी लॉक हो जाए और उसे मजबूती और सुरक्षा मिले।

### बालों में तेल लगाना बेहद जरूरी है

अपने बालों में तेल जरूर लगाएं, लेकिन बालों को टूटने से बचाने के लिये हल्के हाथों से मसाज करें। हफ्ते मे एक या दो बार सही पोषण के लिये अच्छा है, हालांकि बार-बार तेल लगाने की सलाह नहीं दी जाती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हवा में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से सिर पर पहले से ही ऑयल होता है।

### सही कंघी का चुनाव करें

गीले बालों में कंघी ना करें, क्योंकि इससे वे कमजोर हो जाते हैं। अपने बालों को आसानी से सुलझाने के लिये चौड़े दांतों वाले कंघे का इस्तेमाल करें। यदि घरेलू उपचारों से बालों के झड़ने में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा तो फिर इंतजार ना करें।

### होम्योपैथिक उपचार

- विस्बाडेन 30सी, कुछ महीनों के लिये दिन में दो बार - बालों के प्राकृतिक विकास को बढ़ावा देता है।
- फ्लोरिक एसिड 6सी, 5 गोलियां दिन में दो बार - पैची बालों के झड़ने का इलाज करने में मदद करता है और स्वस्थ प्राकृतिक बालों के विकास को बढ़ावा देता है।
- सीपिया, सल्फर, फॉस्फोरिक एसिड, लैकेसिस और ग्रेफाइट्स - बालों के झड़ने के इलाज में मदद करते हैं।
- थूजा ऑक्सिडेंटैलिस 30सी, 5 गोलियां महीने में केवल एक बार दिन में दो बार- बालों के झड़ने के आनुवंशिक कारण के लिये।

# क्या आप जानते हैं बारिश के मौसम में रोज 1 चम्मच शहद खाने से क्या होता है

**शहद गुणों की खान होता है। इसका इस्तेमाल कई तरीकों से किया जाता है। क्या आप जानती हैं कि अगर मानसून में आप रोज एक चम्मच शहद खाएंगे, तो इससे आपको अनगिनत फायदे मिल सकते हैं।**

मानसून में कई बीमारियों का खतरा रहता है। बदलते मौसम के बीच, बुखार, जुकाम, सिरदर्द, जोड़ों का दर्द और डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें काफी आम रहती हैं। ऐसे में सेहतमंद रहने के लिए डाइट पर खास ध्यान देना चाहिए। बारिश में सही खान-पान बहुत जरूरी है ताकि इम्यूनिटी मजबूत बनी रहे। जहां इम्यूनिटी कमजोर होने पर बीमारियां जल्दी घेर लेती हैं। वहीं, इम्यूनिटी मजबूत होने पर इंफेक्शन्स का खतरा कम रहता है। सेहतमंद रहने के लिए, बारिश में डाइट में कई खास चीजों को शामिल करना चाहिए। आयुर्वेद मानसून में रोज 1 चम्मच शहद खाने की सलाह देता है। जी हां, अगर मानसून में आप रोज एक चम्मच शहद खाएंगी, तो इससे आपको अनगिनत फायदे मिल सकते हैं। इसे खाने का सही तरीका और इसके फायदों के बारे में आयुर्वेदिक डॉक्टर से जानते हैं।

### बारिश के मौसम में शहद खाने के फायदे

- शहद का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और कई बीमारियों से बचाव होता है।
- इससे सर्दी-खांसी और जुकाम से बचाव में भी मदद मिलती है।
- शहद में प्रीबायोटिक गुण होते हैं। रोजाना 1 चम्मच शहद खाने से मानसून में होने वाली पाचन संबंधी दिक्कतों में आराम मिलता है।
- अगर आप वजन कम करना चाहती हैं, तो भी शहद का सेवन फायदेमंद रहता है।
- शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन्स को दूर करता है।
- रोजाना 1 चम्मच शहद खाने से कमजोरी दूर होती है और शरीर को ताकत मिलती है।

### शहद खाने का सही तरीका

- शहद को आप मानसून में कई तरीकों से डाइट में शामिल कर सकती हैं।
- वजन कम करने के लिए 1 चम्मच शहद को पानी में मिलाकर खाएं।
- खांसी को दूर करने के लिए रात को 1 चम्मच शहद काली मिर्च के साथ खाएं।
- मानसून में 1 चम्मच शहद में सोंठ यानी सूखी अदरक का पाउडर मिलाकर खाना भी फायदेमंद रहता है।



# ऑटिज्म बीमारी नहीं, समझ और अपनापन चाहिए, ईशा सिंह ने समाज की सोच पर उठाए सवाल




टीवी अभिनेत्री ईशा सिंह इन दिनों अपने आने वाले शो जूही मुई को लेकर चर्चा में हैं। इस शो में वह अपने करियर का अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने जा रही हैं। ईशा इसमें ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाली लड़की जूही की भूमिका में नजर आएंगी। अपने इस किरदार की तैयारी और ऑटिज्म को लेकर समाज में फैली गलतफहमियों पर अभिनेत्री ने खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में लोग ऑटिज्म को बीमारी समझते हैं, जबकि यह एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है। ईशा सिंह ने कहा, आज भी बहुत से लोग ऑटिज्म को सही तरीके से नहीं समझते। जागरूकता की कमी पढ़े-लिखे लोगों के बीच भी देखने को मिलती है। मेरे अपने दोस्तों में भी ऐसे लोग हैं जिन्हें ऑटिज्म के बारे में सही जानकारी नहीं है। ऐसे में सबसे जरूरी बात यह है कि लोग इस विषय को समझें और इसके बारे में सही जानकारी हासिल करें। ईशा सिंह ने कहा, ऑटिज्म को लेकर सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि लोग इसे बीमारी मान लेते हैं। जबकि सच यह है कि ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क के विकास से जुड़ी एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है। कुछ माता-पिता यह सोचते हैं कि ऑटिज्म एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है, जबकि यह पूरी तरह गलत धारणा है। ऑटिज्म न तो संक्रामक है और न ही यह किसी तरह की बीमारी है। अभिनेत्री का कहना है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाले बच्चे अक्सर बेहद बुद्धिमान, संवेदनशील और प्यार करने वाले होते हैं। उन्हें समाज से सहानुभूति नहीं बल्कि समझ और स्वीकार्यता की जरूरत होती है।

ऐसे बच्चों को बदलने की कोशिश करने के बजाय उन्हें उसी रूप में स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति अपनी अलग पहचान और विशेषताओं के साथ दुनिया में आता है। अपने नए शो में निभाए जा रहे किरदार को लेकर ईशा सिंह ने कहा, यह मेरे करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण और जिम्मेदारी भरा रोल है। चूंकि यह एक बेहद संवेदनशील विषय है, इसलिए मैंने इसकी तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ी। मेरा उद्देश्य ऑटिज्म से जुड़े लोगों की भावनाओं और व्यवहार को पूरी ईमानदारी के साथ दर्शकों तक पहुंचाना था। ईशा ने कहा, इस किरदार की तैयारी के दौरान मैंने ऑटिज्म पर आधारित कई इंटरव्यू देखे, विशेषज्ञों और लोगों से बातचीत की, इस विषय पर काफी रिसर्च की और कई किताबें भी पढ़ीं। यह सीखने की प्रक्रिया अभी भी जारी है। जूही का किरदार निभाते हुए मुझे हर दिन कुछ नया सीखने को मिल रहा है। मैंने अपने स्टडी, लोगों के अनुभव और अपनी व्यक्तिगत समझ को मिलाकर इस किरदार को तैयार किया है। अभिनेत्री ने बताया, जूही के किरदार के लिए मुझे अपने चलने, बोलने, बैठने, प्रतिक्रिया देने और भावनाओं को व्यक्त करने के तरीके पर भी बारीकी से काम करना पड़ा। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाले लोग हर भावना को गहराई से महसूस करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे उसे सामान्य तरीके से व्यक्त कर पाएं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मैंने अपने अभिनय में किसी तरह का दिखावा नहीं रखा, बल्कि छोटे-छोटे हाव-भाव और स्वाभाविक अभिव्यक्ति पर विशेष ध्यान दिया। ईशा सिंह ने कहा, मुझे विश्वास है कि जब दर्शक जूही मुई देखेंगे तो उन्हें मेरे किरदार की कई ऐसी बारीकियां नजर आएंगी, जिन पर पूरी टीम ने काफी मेहनत की है। अगर इस शो के जरिए कुछ लोग भी ऑटिज्म को लेकर अपनी सोच बदलते हैं और इसे सही तरीके से समझ पाते हैं, तो मेरी मेहनत सफल मानी जाएगी।



# वेलकम टू द जंगल ने चौथे दिन की बंपर कमाई, 100 करोड़ के पार पहुंचा वर्ल्डवाइड कलेक्शन

अहमद खान निर्देशित वेलकम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म वेलकम टू द जंगल साल की मच अवेटेड फिल्म थी. इसने 26 जून को सिनेमाघरों में दस्तक दी और इसे मिले-जुले रिव्यू के बावजूद फैमिली ऑडियंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. दरअसल अक्षय कुमार की 30 कलाकारों से सजी ये कॉमेडी फिल्म अपनी नॉस्टैल्जिक अपील के दम पर बॉक्स ऑफिस पर बवाल काट रही है.. इसी के साथ ओपनिंग वीकेंड पर गर्दा उड़ाने के बाद इसने न केवल मंडे टेस्ट पास किया बल्कि वर्ल्डवाइड एक बड़ा मील का पत्थर भी पार कर लिया. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन दुनियाभर में कितना कलेक्शन किया है और क्या उपलब्धि हासिल की है. अक्षय कुमार की नई कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल ने रिलीज के सिर्फ चार दिनों में ही दुनिया भर के बॉक्स ऑफ़िस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. सोमवार को इसकी कमाई में गिरावट आने के उसके बावजूद इसने सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया. दरअसल रविवार को इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया था. जिससे इसने सोमवार से पहले ही आसानी से दुनिया भर में 90 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई कर डाली थी. फिल्म के कलेक्शन की बात करें को सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक चौथे दिन, वेलकम टू द जंगल (वेलकम 3) ने 10 हजार 922 शो में भारत में 8.50 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. इससे भारत में इसकी कुल नेट कमाई 72.25 करोड़ और कुल ग्रॉस कलेक्शन 86.53 करोड़ हुआ. वहीं विदेशों में, फिल्म ने चौथे दिन 3.00 करोड़ कमाए, जिससे इसका कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 19.95 करोड़ हो गया है. इस तरह, फिल्म का दुनिया भर में कुल ग्रॉस कलेक्शन 106.48 करोड़ तक पहुंच गया है. वेलकम टू द जंगल अक्षय कुमार की टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है. इसने एक्टर की सम्राट पृथ्वीराज (90.24 करोड़) के वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी है. और कोविड के बाद के दौर में अक्षय कुमार की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली 9वीं फिल्म बन गई है. इब इसके निशाने पर बड़े मियां छोटे मिया के 111.64 करोड़ के लाइफटाइम कलेक्शन को मात देना है. 5 करोड़ और कमाते ही फिल्म ये बड़े मिया छोटे मिया को पछाड़ देगी और अक्षय की 8वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी. उम्मीद है कि मंगलवार को फिल्म ये उपलब्धि हासिल कर लेगी. अक्षय कुमार की फैमिली एंटरटेनर वेलकम टू द जंगल में सुनील शेट्टी, परेश रावल, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिज, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी.





# बटवारा 1947 टीजर रिलीज, नफरत के दौर में उम्मीद की आवाज बना एक नायक



बंटवारा 1947 इस साल की सबसे बेसब्री से इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है. अपने शानदार मोशन पोस्टर और किरदारों के दमदार पोस्टर्स के रिलीज होने के बाद से ही, इस फिल्म ने हर तरफ लोगों का ध्यान खींचा है. यह एक ऐसी कहानी के लिए उत्सुकता बढ़ा रही है जो हिम्मत, बलिदान और कभी न टूटने वाले इंसानी जज्बे से जुड़ी है. अब, इसके दमदार टीज़र के रिलीज होने के साथ ही, फिल्म को लेकर बना हुआ एक्साइटमेंट एक नए मुकाम पर पहुंच गया है. बंटवारा 1947 का यह दिलचस्प और इंटेंस टीजर दर्शकों को इतिहास के सबसे बड़े मोमेंट्स में से एक में ले जाता है, भारत की आजादी और वो दर्दनाक बंटवारा जिसने एक देश को बांट दिया और हमेशा के लिए करोड़ों जिंदगियों को बदल कर रख दिया. दमदार डायलॉग्स और दिल को छू लेने वाले इमोशनल बैकग्राउंड स्कोर से भरा यह टीज़र इतिहास के सबसे उथल-पुथल भरे चैप्टर के दौरान उम्मीद और लचीलेपन के जज्बे को दिखाता है. हमारी इस कहानी के केंद्र में एक ऐसा हीरो है जो डर और नफरत से ऊपर उठकर असाधारण बहादुरी की मिसाल बनता है. बंटवारा 1947 में शबाना आजमी, सनी देओल, प्रीति जी जिंटा, करण देओल, अली फजल और अभिमन्यु सिंह जैसे शानदार कलाकारों की फौज है. यह फिल्म करीब तीन दशकों के बाद राजकुमार संतोषी और सनी देओल की बहुप्रतीक्षित (मोस्ट-अवेडेट) वापसी को भी दिखाती है. आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी बंटवारा 1947 को नेशनल अवार्ड विनर फिल्ममेकर राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है. इसका म्यूजिक ए. आर. रहमान ने तैयार किया है, जबकि गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं. आमिर खान और अपर्णा पुरोहित द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म पार्टीशन डे के मौके पर 14 अगस्त 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.



# अल्फा को सेंसर बोर्ड ने दी हरी झंडी, अलिया भट्ट की मूवी को मिला यूए16+ सर्टिफिकेट

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की फिल्म अल्फा का अच्छा खासा बज बना हुआ है। एक्शन और स्पाई फिल्म ऐल्फा का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ, जिसे देखकर लोग 7 वें आसमान पर पहुंच गए। अल्फा पर सभी की नजरें टिकी हुई है। फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर भी अपने अभिनय का जलवा बिखेरने वाले हैं। इस बीच ऐल्फा को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। नई रिपोर्ट के मुताबिक सेंसर बोर्ड ने ऐल्फा को हरी झंडी दे दी है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और शरवरी की आने वाली फिल्म अल्फा रिलीज से पहले ही चर्चा में है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने यूए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। शिव रवैल के निर्देशन में बनी यह फिल्म 3 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर और ट्रेलर में आलिया भट्ट पहली बार दमदार एक्शन अवतार में नजर आईं, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हुई। सीबीएफसी ने फिल्म को 2 घंटे 20 मिनट (140 मिनट) की रनटाइम के साथ मंजूरी दी है। सीबीएफसी की वेबसाइट पर फिल्म की कहानी की एक झलक भी सामने आई है। इसके मुताबिक, आलिया भट्ट का किरदार सीता बदले की आग में जलती एक ऐसी लड़की है, जो अपने रास्ते में आने वाले हर व्यक्ति को खत्म करने के लिए तैयार रहती है। लेकिन सफर के दौरान उसे अपनी जिंदगी से जुड़े कई बड़े राज पता चलते हैं। कहानी में सीता को निडर, सख्त और किसी भी हद तक जाने वाली लड़की के रूप में दिखाया गया है।

बताते चलें कि फिल्म ऐल्फा के टीजर और ट्रेलर को अब तक मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है। अब देखना होगा कि यह फैसला कितना सफल साबित होता है। बॉक्स ऑफिस पर ऐल्फा को वेलकम टू द जंगल से कड़ी टक्कर मिलेगी, जबकि 10 जुलाई को रिलीज होने वाली धमाल 4 भी इसकी चुनौती बढ़ा सकती है।



# क्या आप सुबह अलार्म बजने से पहले उठ जाते हैं ?

कई लोग सुबह अलार्म बजने से पहले उठ जाते हैं, जबकि कुछ लोग अलार्म बजने के बाद भी उठने के लिए जूझते रहते हैं। अगर आप सुबह जल्दी उठने वालों में से एक हैं तो इसका कारण आपका शरीर और मन हो सकता है। यह एक अच्छी आदत है और इससे आपका दिन बेहतर ढंग से शुरू हो सकता है। आइए जानते हैं कि सुबह अलार्म से पहले उठने के पीछे का कारण क्या है।

**शरीर की आंतरिक घड़ीः** आपके शरीर की अपनी एक आंतरिक घड़ी होती है, जिसे जैविक घड़ी कहा जाता है। यह घड़ी आपको बताती है कि कब सोना है और कब उठना है। अगर आप हर दिन एक ही समय पर सोते और उठते हैं तो आपका शरीर इस समय को पहचान लेता है और खुद-ब-खुद उसी समय पर जागने की आदत डाल लेता है। इससे आप बिना अलार्म के भी आसानी से उठ जाते हैं।

**सोने की आदत बनाना :** अगर आप नियमित रूप से एक ही समय पर सोते हैं तो आपकी नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। इससे नींद गहरी होती है और आप सुबह तरोताजा महसूस करते हैं। इसके अलावा एक निश्चित समय पर सोने से आपका शरीर आराम महसूस करता है और सुबह उठने में कोई दिक्कत नहीं होती। यह आदत आपके शरीर को जैविक घड़ी के अनुसार काम करने में मदद करती है, जिससे आप बिना अलार्म के भी जल्दी उठ जाते हैं।

**प्राकृतिक रोशनी का महत्व :** सुबह की पहली किरण आपके शरीर को बताती है कि दिन शुरू हो गया है। अगर आप अपने कमरे में सुबह की रोशनी आने दें तो आपका शरीर खुद-ब-खुद जाग जाएगा। इसके लिए आप पर्दे हटाकर खिड़की खोल सकते हैं या फिर प्राकृतिक रोशनी आने वाली जगह पर सोने की कोशिश कर सकते हैं। इससे आपका शरीर जैविक घड़ी के अनुसार काम करेगा और आप बिना अलार्म के भी जल्दी उठ जाएंगे।

**मानसिक तैयारी :** अगर आप रात को सोने से पहले यह सोच लें कि सुबह उठकर क्या करना है तो आपका मन पहले से ही तैयार हो जाता है। इससे आप सुबह उठते ही अपने कामों में लग जाते हैं और आलस्य नहीं आता। इसके अलावा आप अपने दिमाग को शांत रखने के लिए ध्यान या सांस लेने के अभ्यास भी कर सकते हैं, जिससे आप तरोताजा महसूस करेंगे और उठते ही सक्रिय हो जाएंगे। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से भी सुबह जल्दी उठने में मदद मिलती है। इसके लिए आपको संतुलित भोजन, नियमित कसरत और पर्याप्त पानी पीना चाहिए। इसके अलावा तनाव मुक्त रहने के लिए योग या ध्यान कर सकते हैं। इन सभी तरीकों से आप आसानी से अपनी सुबह की दिनचर्या को बेहतर बना सकते हैं और बिना अलार्म के भी जल्दी उठ सकते हैं। रात को जल्दी सोने से भी सुबह जल्दी उठना आसान हो जाता है।



# 1400 करोड़ के बजट में बन रही 'वाराणसी'

बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त चर्चाएं चल रही है। एसएस राजामौली की ये फिल्म बॉलीवुड की अबतक की सबसे महंगी फिल्म है। 1400 करोड़ के बजट में बन रही 'वाराणसी' में महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा लीड रोल अदा कर रहे हैं। फिल्म को लेकर एसएस राजामौली ने बड़ी अपडेट शेयर की है। डायरेक्टर ने ऐनसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को लेकर बड़ी न्यूज दी। डायरेक्टर एसएस राजामौली ने कहा कि फिल्म का भव्य स्केल आईमैक्स एक्शन अब पूरा हो चुका है। वो कहते हैं कि फिल्म की शूटिंग समय के अनुसार चल रही है। डायरेक्टर ने कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि हमनें फिल्म के अहम हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। हम इन दिनों छोटे, फिल्म को कनेक्ट करने वाले सीन्स की शूटिंग कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम इस साल सितंबर और अक्टूबर तक हम फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगे'। राजामौली कहते हैं कि आईमैक्स के लिए शूट करने की वजह से उनका विजन नहीं बदला है। वो कहते हैं कि शुरुआत से उन्हें पता था कि उन्होंने जैसा एक्शन सीक्वेंस सोचा है, उसे वो आईमैक्स में ही पूरा कर सकते हैं।



# अभिषेक टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेजी से 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

**एजेंसी, डरहम**

इंग्लैंड के खिलाफ बारिश के कारण यहां रद्द हुए पहले टी20 मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में 59 रन की आतिशी पारी के दौरान एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की। अभिषेक इस मैच में दो छक्के लगाते ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेजी से 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं।




अभिषेक ने यह रिकार्ड केवल 785 गेंदों पर ही बना दिया। उन्होंने इस दौरान वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज एविन लुईस के रिकॉर्ड को तोड़ा। लुइस ने 789 गेंदों में अपने 100 छक्के लगाये थे। अभिषेक टी20 में सबसे कम गेंदों पर 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर आ गये हैं। दूसरे नंबर पर एविन लुईस (789 गेंद), फिन एलन (871 गेंद) के साथ ही तीसरे, टिम डेविड (931 गेंद) चौथे और कॉलिन मुनरो (963 गेंद) के साथ ही पांचवे नंबर रहे हैं। अभिषेक ने अपनी इस पारी के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के सबसे तेजी से 100 टी20 छक्के लगाने के रिकार्ड को भी तोड़ दिया। सूर्यकुमार ने 1007 गेंदों का सामना किया था। अभिषेक ने यह कारनामा सूर्यकुमार से 222 गेंद पहले ही कर दिखाया। अब वे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले भारत के केवल पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में रोहित शर्मा (205 छक्के), सूर्यकुमार यादव (179 छक्के), हार्दिक पांड्या (126 छक्के) और विराट कोहली (124 छक्के) शामिल हैं, जिनके साथ अभिषेक ने 100 छक्के पूरे कर अपना नाम दर्ज कराया है। अभिषेक नाम अब 1450 से ज्यादा रन हैं और उनका स्ट्राइक रेट 190 से ऊपर है, जो 1000 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे अधिक है।

मैच की बात करें तो भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 189 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। हालांकि, इंग्लैंड की पारी शुरू होने से पहले ही बारिश आ गई और उसके नहीं रुकने पर मैच रद्द घोषित कर दिया गया।

## हार्दिक पांड्या सीओई को स्थायी ट्रेनिंग बेस बनाने अब बेंगलुरु में ही रहेंगे

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अब बेंगलुरु में स्थायी रुप से रहेंगे। हार्दिक ने ये फैसला बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को स्थायी ट्रेनिंग बेस बनाने को देखते हुए लिया है। हार्दिक लगातार फिटनेस को लेकर संघर्ष करते रहे है। इसी कारण उन्होंने सीओई को ही अपना घर बनाना तय किया है। पांड्या अभी मुंबई में ही रहते हैं। इस दौरान, वे मुख्य रूप से अपनी आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस की घंसोली स्थित अत्याधुनिक सुविधा में प्रशिक्षण लेते रहे हैं। हालांकि, क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण वह



इंग्लैंड दौरे से बाहर हैं। पांड्या ने पिछले छह महीनों में सीओई में काफी समय बिताया है, जिसने उन्हें इस सुविधा की उपयोगिता और महत्व का अंदाजा हो गया है। बीसीसीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक पहले ही स्थायी रूप से बेंगलुरु में शिफ्ट हो चुके हैं। उन्होंने शहर के बाहरी इलाके में, सीओई के बिल्कुल करीब एक किराये पर एक घर लिया है। वह अपने करियर के बाकी समय के लिए सीओई को अपना स्थायी ट्रेनिंग बेस बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर होंगे, जो भविष्य के लिए एक मिसाल कायम करेगा। इसमें कहा गया है कि हार्दिक मुंबई से बाहर जाना चाहते थे, क्योंकि उनके लोअर परेल स्थित घर से रोजाना ट्रेनिंग के लिए आना-जाना काठिन कठिन साबित हो रहा था, इसके अलावा इसमें समय भी अधिक लग रहा था। बेंगलुरु जाने का फैसला हार्दिक के लिए व्यावहारिक रूप से भी अहम है। एक केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर के तौर पर, उन्हें सीओई में चोट के इलाज से लेकर विशेषज्ञ कौशल प्रशिक्षण तक, हर तरह की अत्याधुनिक सुविधा सहजता से उपलब्ध होती है। इसलिए, उन्होंने यह रणनीतिक फैसला लिया कि जब भी वे अपनी आईपीएल टीम, राज्य की टीम या राष्ट्रीय टीम के साथ यात्रा नहीं कर रहे होंगे, तो सीओई ही उनका स्थायी प्रशिक्षण और पुनर्वास केंद्र होगा।सूत्रों के अनुसार, हार्दिक ने अपने प्रशिक्षण को और भी प्रभावी बनाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर भी व्यवस्थाएं की हैं।

## सेंटनर की कप्तानी में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उतरेगी न्यूजीलैंड

**एजेंसी, ऑकलैंड**

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ इसी माह 12 जुलाई से होने वाली वाली पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए मिशेल सेंटनर को कप्तान बनाया है। 16 सदस्यीया टीम में पहली बार तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर को शामिल किया गया है। फिशर ने अब तक केवल एक टेस्ट और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच ही खेला है। वह पहली बार किसी एकदिवसीय सीरीज के लिए शामिल किये गये हैं। ऐसे में उनका डेब्यू तय नजर आता है। कप्तान सेंटनर के अलावा, कई अनुभवी खिलाड़ी



भी टीम में वापसी कर रहे हैं। इसमें डेरिल मिचेल, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल और जैकब डफी शामिल हैं। डफी हाल ही में पितृत्व अवकाश के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर थे। वहीं कुछ खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखा गया है हैं। बांग्लादेश दौरे शामिल रहे अशोक, जोश क्लार्कसन, डेन क्लीवर, विल ओरूर्क और ब्लेयर टिकनर को इस बार टीम में जगह नहीं मिली है जबकि तेज गेंदबाज मैट हेनरी और काइल जैमीसन को इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बाद कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। ब्लेयर टिकनर टखने की सर्जरी के कारण इस सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इंग्लैंड से सीधे स्वदेश लौटेंगे और इस दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। वहीं स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र मेजर लीग क्रिकेट पहले से तय प्रतिबद्धताओं के चलते टीम के साथ नहीं जाएंगे।

## इंग्लैंड दूसरे घर जैसा लगता है : पुजारा

**एजेंसी, लंदन**। टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर लोकप्रिय रहे चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि इंग्लैंड उन्हें हमेशा से ही दूसरे घर जैसा लगता है। पुजारा को हाल ही में क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉड्र्स स्थित प्रतिष्ठित मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमससीसी) की मानद आजीवन सदस्यता से भी सम्मानित किया गया था। पुजारा



के लिए यह मानद सदस्यता उनके शानदार करियर की एक महत्वपूर्ण पहचान है। इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा, मैंने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में काफी खेला है, इसलिए जब आप वहां बहुत क्रिकेट खेलते हैं, तो आपको घर जैसा महसूस होने लगता है। मेरे लिए एमसीसी का हिस्सा बनना बहुत खुशी और सौभाग्य की बात है। एक क्रिकेटर के तौर पर जब आपने अपने पूरे करियर में कड़ी मेहनत की हो और उसे पहचान मिले तो फिर आपको अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होता है। पुजारा ने भारत के बाद अपने जीवन का सबसे अधिक समय इंग्लैंड में ही बिताया है, जहां वे विभिन्न काउंटी टीमों के लिए कई सत्रों तक खेल चुके हैं।

## श्रीसंत केसीएल में एरीज कोल्लम सेलर्स के सहमालिक बने रहेंगे

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

पूर्व क्रिकेटर श्रीसंत को बड़ी राहत मिली है। केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने उनपर लगाये हुए प्रतिबंध को हटा दिया है। इससे अब श्रीसंत केरल क्रिकेट लीगी (केसीएल) के तीसरे सत्र में एरीज कोल्लम सेलर्स फ्रैंचाइजी के सह-मालिक बने रहेंगे। वहीं पिछले सत्र में प्रतिबंध के कारण उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा था।

श्रीसंत ने इससे पहले केसीए को लेकर की गयी विवादास्पद टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी। जिसके बाद उनपर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया। इससे अब उनके लिए खेल से जुड़े रहने



का रास्ता खुल गया है। केसीए ने अपने एक बयान में कहा, संघ की विशेष आम बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि श्रीसंत पर प्रतिबंध हटा दिय जाये क्योंकि उन्होंने अपनी टिप्पणी के लिए खेद जताय है। यह प्रतिबंध पिछले केसीएल के मुकाबलों से ठीक पहले केसीए ने राहत के साथ ही उन्हें आगाह भी किया है। संघ ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी तरह के ऐसे व्यवहार पर श्रीसंत के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिससे यह तया हो सके कि वह अपनी जिम्मेदारियों को समझें।

गौरतलब है कि श्रीसंत भारतीय क्रिकेट टीम के एक जाने-माने पूर्व तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने देश के लिए तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने 27 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 37.59 की औसत से 87 विकेट अपने नाम किए। टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक पारी में 40 रन देकर 5 विकेट और एक मैच में 99 रन देकर 8 विकेट रहा है।

# बिजनेस

## कोच्चि में 'सीफूड एक्सपो भारत' के दौरान राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड के दूसरे संस्करण का समापन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन पर राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड के दूसरे संस्करण का समापन केरल के कोच्चि में बुधवार को सीफूड एक्सपो भारत 2026 के दौरान हुआ। समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विदेशी बाजारों के लिए मूल्यवर्धित समुद्री खाद्य उत्पाद तैयार करने में दस प्रशिक्षित समुद्री खाद्य प्रसंस्करण पेशेवरों के कौशल का प्रदर्शन किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन कौशल ओलंपियाड के दूसरे संस्करण का भव्य फाइनल सीफूड एक्सपो भारत 2026 के दौरान कोच्चि में बुधवार को आयोजित किया गया। एमपीईडीए की इस पहल में समुद्री खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के 10 प्रशिक्षित पेशेवरों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने मूल्य संवर्धित समुद्री खाद्य उत्पादों को तैयार करने में अपनी पाक-कला और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। कड़े



मुकाबले वाले फाइनल में आंध्र प्रदेश के काकीनाडा स्थित देवी फिशरीज लिमिटेड के पी. सूर्य भास्कर विजेता के रूप में उभरे। मंत्रालय के मुताबिक तमिलनाडु के तूतीकोरिन स्थित थेवा एंड कंपनी के मुथु कुमारन ने इसमें दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित एसएस सीफूड्स प्राइवेट लिमिटेड की सागरिका सरदार तथा ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित सबरी फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की बारासरानी जेना ने क्रमशः तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि विजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 75 हजार रुपये और 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। चौथे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 25,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

मंत्रालय के मुताबिक कार्यक्रम से पहले एमपीईडीए ने भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन से संबंधित 50 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से 2,500 से अधिक समुद्री खाद्य प्रसंस्करण श्रमिकों और पेशेवरों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक मांग वाले समुद्री खाद्य उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। ओलंपियाड के क्षेत्रीय चरण पश्चिमी तट क्षेत्र के लिए मुंबई तथा पूर्वी तट क्षेत्र के लिए विशाखापत्तनम में आयोजित किए गए। 30 जून को आयोजित इन क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से 10 फाइनलिस्ट का चयन किया गया। भव्य फाइनल के दौरान प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक मांग वाले छह मूल्य संवर्धित समुद्री खाद्य उत्पाद तैयार करने का कार्य दिया गया। इनमें नोबाशी श्रिम्प, ब्रेडेड बटरफ्लाई श्रिम्प, कुक्ड पील्ड डिवेन्ड टेल-ऑन श्रिम्प, मैरिनेटेड श्रिम्प स्क्यूअर्स, ब्रेडेड स्क्विड रिंग्स तथा फिश फिलेट्स शामिल थे। एमपीईडीए के अध्यक्ष पी. जवाहर, निदेशक डॉ. राम मोहन एम.के., सचिव डॉ. गिबिन कुमार, संयुक्त निदेशक श्री अनिल कुमार तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सीफूड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. के. एन. राघवन ने विजेताओं को नकद पुरस्कार, पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल में और तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली के मामूली झटके भी लगते रहे। इसके बावजूद इन दोनों सूचकांक की चाल पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। सुबह 10 तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.54 प्रतिशत और निफ्टी 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टीसीएस, टेक महिंद्रा और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 4.70 प्रतिशत से लेकर 2.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, लार्सन एंड टूब्रो, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एनटीपीसी और मैक्स हेल्थकेयर के शेयर 1.07 प्रतिशत से लेकर 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

## केंद्र ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना-2026 अधिसूचित की, 29 जून से हुई प्रभावी

- पीएफओ की नई योजनाओं में डिजिटल अनुपालन एवं दावों के समयबद्ध निपटान पर रहेगा जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना 2026 को अधिसूचित कर दिया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) संचालित यह योजना 29 जून से प्रभावी हो गई है। नई योजना 1952 की कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम का स्थान लेगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 2026, कर्मचारी पेंशन योजना, 2026 और कर्मचारी जमा-संबद्ध बीमा योजना, 2026 को अधिसूचित किया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन संचालित नई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में डिजिटल अनुपालन और भविष्य निधि (पीएफ) निकासी तथा पेंशन निर्धारण जैसे दावों के समयबद्ध निपटान पर विशेष जोर रहेगा।




इस योजना का उद्देश्य डिजिटल अनुपालन को मजबूत करना, प्रशासनिक दक्षता में सुधार करना, खातों के स्थानांतरण को आसान बढ़ाना और भविष्य निधि ढांचे को नए श्रम कानून के अनुरूप बनाना है। नई योजना में अनिवार्य ईपीएफ अंशदान कर्मचारी और नियोक्ता दोनों के वेतन का 12 फीसदी बना रहेगा। केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्रतिष्ठानों पर मौजूदा 10 फीसदी की दर लागू रहेगी। श्रम मंत्रालय नई ईपीएफओ स्कीम के तहत डिजिटल कंप्लायंस और क्लेम के समय पर निपटारे पर ध्यान देगा। रिटायरमेंट फंड बॉडी ईपीएफओ द्वारा चलाई जा रही नई सोशल सिक्योरिटी स्कीम में डिजिटल कंप्लायंस और क्लेम (जैसे पीएफ निकालना और पेंशन तय करना) के समय पर निपटारे पर खास ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक इस योजना में आंशिक निकासी के नियमों को भी अद्यतन किया गया है। योजना में पारदर्शिता में सुधार और भविष्य निधि प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग, ऑनलाइन दावों, ई-पासबुक और यूनिवर्सल खाता संख्या से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है। केंद्र सरकार ने पुरानी 1952 की व्यवस्था को बदलकर अब सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत 29 जून से देश में नई ईपीएफ स्कीम लागू की है।

## ज्यादातर सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चेन्नई में सोने के भाव में तेजी का रुख

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोने के भाव में कमजोरी नजर आ रही है। भाव में आई गिरावट के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 1,170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,280 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 570 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की



तेजी दर्ज की गई है। चांदी के भाव में भी आज 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है। सोने की कीमत में हुए बदलाव के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,40,770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,29,040 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,40,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,40,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,29,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयरों ने निवेशकों को दिया झटका, फ्लैट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली** । आईटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 113 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढ़ाव के 113 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग होने के कुछ देर बाद ही बिकवाली के दबाव की वजह से ये शेयर गिर कर 107.35 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक गिर गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 5.65 रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया। सीएसएम टेक्नोलॉजीज का 145.78 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 29 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.37 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.02 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.54 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.63 गुना सब्सक्राइब हो सका था।

## टीवीएस मोटर की जून महीने में बिक्री 47 फीसदी बढ़कर हुई 5.90 लाख इकाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की तीसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी की जून में कुल बिक्री सालाना आधार पर 47 फीसदी बढ़कर 5,90,003 इकाई हो गई। पिछले वर्ष इसी महीने यह 4,02,001 इकाई रही थी। टीवीएस मोटर ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि मोपेड सहित कुल दोपहिया वाहन की बिक्री 47 फीसदी बढ़कर 5,65,417 इकाई रही, जो जून, 2025 में 3,85,698




इकाई रही थी। घरेलू दोपहिया वाहन बिक्री जून में 46 फीसदी बढ़कर 4,11,014 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में यह 2,81,012 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि जून महीने में मोटरसाइकिलों की बिक्री सालाना आधार पर 1,88,774 इकाई से 42 फीसदी बढ़कर 2,67,096 इकाई रही।स्कूटरों की बिक्री 53 फीसदी बढ़कर 2,47,950 इकाई हो गई, जबकि जून, 2025 में यह 1,62,291 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने बताया कि उसके इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री तीगुना होकर जून में 48,537 इकाई हो गई, जो जून 2025 में 14,400 इकाई थी। कंपनी ने जून के दौरान 24,586 तिपहिया वाहन भी बेचे। इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय कारोबार से कुल बिक्री 47 फीसदी बढ़कर 1,72,355 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में यह 1,17,145 इकाई थी।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।